सूर्योदय 5:42 सूर्यास्त 7:12

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18.8 न्यू | 24.6 अधि |
| धर्मशाला | 21.4 न्यू | 28.8 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81455.40 |
| निफ्टी | 24857.30 |
| सोना 68,950 | चांदी 83,620 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



मृणाल ठाकुर के स्टाइलिश सलवार सूट आप भी कर सकती हैं ट्राई

पृष्ठ 4 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 31 जुलाई 2024 | 16 श्रावण, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 224, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### वीवीपैट-ईवीएम के मिलान फैसले पर पुनर्विचार नहीं

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपैट पर्चियों के ईवीएम मशीन से 100 फीसदी मिलान कराने की मांग वाली पुनर्विचार याचिका को खारिज कर दिया है। पीठ ने पुनर्विचार याचिका खारिज करते हुए कहा कि 26 अप्रैल के फैसले पर पुनर्विचार का कोई मामला नहीं बनता है।

### पूजा की अग्रिम जमानत पर आज फिर सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले में आरोपी आईएएस ट्रेनी अधिकारी पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका पर बुधवार को फिर सुनवाई करेगी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश देवेंद्र कुमार जांगला को मंगलवार को मामले की सुनवाई करनी थी, लेकिन उन्होंने लोक अभियोजक की ओर से समय मांगे जाने के बाद सुनवाई स्थगित कर दी।

### लॉरेंस बिश्नोई की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की याचिका खारिज कर दी, जिसमें उसने जेल में रहते हुए टीवी चैनल को साक्षात्कार देने के मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने और उसके खिलाफ प्राथमिकियां दर्ज करने के पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी।

### ठाकरे गुट की अर्जी पर सात अगस्त को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के धड़े को 'असली शिवसेना' घोषित करने के महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के आदेश को चुनौती देते हुए उद्धव ठाकरे गुट की अर्जी पर सात अगस्त को सुनवाई करेगा।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- झटका: डिपुओं में मिलने वाला सरसों का तेल हुआ महंगा -पेज 3
- चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजे गोहत्या मामले के आरोपी -पेज 11
- डेंगू का कहर, दो माह के अंदर 396 पहुंचा आंकड़ा -पेज 12
- दिल्ली सरकार, नगर निगम आयुक्त को नोटिस -पेज 13
- सात्विक और चिराग की जोड़ी ग्रुप-सी में शीर्ष पर -पेज 14

# मनु ने रचा इतिहास, सरबजोत के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता कांस्य

■ भाकर ने दो दिन पहले 10 मीटर पिस्टल इवेंट में जीता था ब्रांज मेडल

**एजेंसी, शेटराउ**

**पेरिस** ओलंपिक में मंगलवार को भारत को दूसरा मेडल मिला। शूटर मनु भाकर और सरबजोत ने 10 मीटर मिश्रित टीम वर्ग में ब्रांज मेडल जीता है। इस जोड़ी ने कोरिया की टीम को 16-10 से हराया।

**कोरिया को 16-10 से हराकर देश को दूसरा पदक दिलाया**

मनु भाकर ने 2 दिन पहले 10 मीटर महिला पिस्टल इवेंट में भी ब्रांज जीता था। इसके साथ ही वह एक ओलंपिक में दो मेडल जीतने पहली भारतीय महिला बन गई हैं। भारतीय जोड़ी ने कोरिया को 16-10 से हराकर देश को इस ओलंपिक में दूसरा पदक दिलाया।

मनु को अभी 25 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भी उतरना है और उनके पास तीसरा पदक जीतने का भी मौका है। सरबजोत 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत वर्ग में क्वालीफिकेशन में 577 के स्कोर के साथ नौवें स्थान पर रहे थे और फाइनल में जगह नहीं बना सके थे।



### भारत को शूटिंग में 12 साल बाद डबल मेडल

**ओलंपिक** गेम्स की शूटिंग इवेंट में भारत को 12 साल के बाद डबल मेडल मिले हैं। इससे पहले 2012 के लंदन ओलंपिक में गगन नारंग और विजय कुमार ने शूटिंग में मेडल दिलाए थे।

### नॉर्मन प्रिचर्ड ने 1900 के ओलंपिक में जीते थे 2 मेडल

**मनु** से पहले ब्रिटिश मूल के भारतीय खिलाड़ी नॉर्मन प्रिचर्ड ने एक ओलंपिक गेम्स में 2 मेडल जीते थे। उन्होंने 1900 के पेरिस ओलंपिक में 200 मीटर हर्डल्स और 200 मीटर रेस में सिल्वर जीते थे। यह ओलंपिक में भारत का पहला ओलंपिक मेडल था। यह कॉन्ट्रोवर्शियल भी रहा था।

### राष्ट्रपति और पीएम मोदी ने दी बधाई

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश के दिग्गज खिलाड़ियों ने पेरिस ओलंपिक खेलों में निशानेबाजी की 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई दी है। पीएम ने कहा कि युवा निशानेबाज भाकर ने देश के लिए एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रच दिया। आपको बहुत-बहुत बधाई। मनु भाकर ने इससे पहले महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य जीता था।

# केरल में कुदरत का कहर

## वायनाड में 4 घंटे में 3 लैंडस्लाइड ■ 4 गांव बहे ■ 93 की मौत ■ 128 घायल

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम**

**केरल** के वायनाड जिले में हुए भीषण भू-स्खलन में 93 लोगों की मौत हो गई और करीब 128 लोग घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने बताया कि मृतकों में से 34 शवों की पहचान कर ली है और 18 शवों को उनके परिवारों को सौंप दिया गया है। जिले के पोथुकल गांव में चलियार नदी से 16 शव बरामद किए गए।

- दो दिन के शोक का ऐलान
- सभी सरकारी कार्यक्रम रद्द

उन्होंने बताया कि मंगलवार देर रात करीब दो बजे हुआ भू-स्खलन हुआ। चार घंटे में तीन भू-स्खलन हुए हैं और चार गांव बह गए हैं। सैकड़ों लोग मलबे में फंस गए और कई लोग बह गए।

भू-स्खलन उस समय हुआ, जब ग्रामीण सो रहे थे। सेना के चिकित्सा कर्मियों समेत करीब 225 कर्मियों को बचाव अभियान में तैनात किया है। वहीं, एनडीआरएफ टीम मलबे में दबे लोगों को बचाने और लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं।



### 3,069 लोगों का पुनर्वास

**सीएम** विजयन ने कहा कि जिले में 45 शिविर स्थापित किए गए हैं और लगभग 3,069 लोगों का पुनर्वास किया गया है। भू-स्खलन से प्रभावित लोगों की सहायता करने व प्रभावित क्षेत्र के पुनर्निर्माण में मदद के लिए मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष (सीएमडीआरएफ) में योगदान देने की भी अपील की। वहीं, केरल में दो दिन के शोक का ऐलान किया गया है। सभी सरकारी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं।

### पीएम मोदी और राहुल गांधी ने जताया दुख

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने केरल के वायनाड जिले में भू-स्खलन से लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को संकट से निपटने के लिए केंद्र से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि वायनाड में हुए भू-स्खलन की खबर से व्यथित हूं। वहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने वायनाड हादसे का मुद्दा उठाया। लोगों की मौत पर दुख जताया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से फोन पर बात कर बचाव एवं राहत कार्यों की जानकारी ली।

### मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख देने की घोषणा

**प्रधानमंत्री** मोदी ने इस हादसे में मारे गए हर व्यक्ति के निकट परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपए और घायलों को 50,000 रुपए की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की।

### वित्त मंत्री ने बजट चर्चा का दिया जवाब, कहा- हर वर्ग और राज्य का रखा ध्यान

# भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था: सीतारमण

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार के अर्थव्यवस्था के बेहतर प्रबंधन और बुनियादी ढांचे पर पूंजीगत व्यय के कारण कोविड महामारी के बाद भारत ने ऊंची वृद्धि हासिल की और आज हमारा देश दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। उन्होंने लोकसभा में बजट 2024-25 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि बजट में किसी राज्य का नाम नहीं होने का मतलब यह नहीं है, उसे कोई आवंटन नहीं हुआ है।

चालू वित्त वर्ष के लिए कुल 48.21 लाख करोड़ रुपए के बजट में सामाजिक और भौगोलिक समावेश पर जोर है यानी हर वर्ग और क्षेत्र का ध्यान दिया गया है।

उन्होंने कहा कि सरकार के अर्थव्यवस्था के बेहतर प्रबंधन और बुनियादी ढांचे पर पूंजीगत व्यय के कारण महामारी के बाद हमारी अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी है। आज हम दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं। हमारी आर्थिक वृद्धि न केवल बेहतर है, बल्कि हम राजकोषीय घाटे को कम करने के रास्ते पर हैं। वहीं, सीतारमण के बजट पर दिए जवाब पर खूब हंगामा हुआ और टीएमसी सांसदों ने वॉकआउट कर दिया।



### राजकोषीय घाटे को 4.5% लाने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे

वित्त मंत्री ने कहा कि हम राजकोषीय मजबूती के तहत 2025-26 में राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत पर लाने के लक्ष्य की दिशा में बढ़ रहे हैं। चालू वित्त वर्ष में इसके 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। शिक्षा क्षेत्र के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। यह पिछले वित्त वर्ष से ज्यादा है। बीच-बीच में हिंदी में चर्चा का जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा, ''विपक्षी सदस्यों ने कहा कि बजट में केवल दो राज्यों को पैसा दिया गया है। यह कुछ और नहीं, बल्कि लोगों को गुमराह करने का काम है।

### अनुराग और राहुल के बीच 'तू-तू-मैं-मैं'



**भाजपा** सांसद अनुराग ठाकुर और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बीच लोकसभा में जमकर बहस हो गई। अनुराग के राहुल गांधी की जाति पर सवाल खड़ा करने को लेकर लोकसभा में हंगामा हुआ। बजट भाषण के दौरान अनुराग ने कह दिया कि जिनकी जाति का पता नहीं वो जाति जनगणना की बात करते हैं। इस बयान से विपक्षी सांसद बेहद नाराज होकर हंगामा करने लगे। हालांकि, अनुराग ने अपने बचाव में कहा कि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। वहीं, राहुल ने कहा अनुराग ने मुझे गाली दी। उन्होंने कहा कि मेरा जितना अपमान करना है करिए, लेकिन जाति जनगणना होकर रहेगी। इस बहस में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव भी कूद पड़े। अखिलेश ने सभापति से कहा कि वो (अनुराग ठाकुर) मंत्री रहे हैं। बड़े नेता हैं। बड़ी बात कर रहे थे। दुर्योधन-शकुनी तक ले आए। आप जाति नहीं पूछ सकते।

# मणिकर्ण घाटी के तोष में फटा बादल पुल बहा, लोगों ने भागकर बचाई जान

## एक होटल व चार दुकानें क्षतिग्रस्त, हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट को नुकसान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

**कुल्लू** जिले की मणिकर्ण घाटी के तोष में सोमवार देर रात बादल फटने से भारी तबाही हुई है। बादल फटने के बाद आई बाढ़ से गांव को जोड़ने वाला एक पैदल पुल बह गया और घरों में पानी, मलबा और पत्थर घुस गए। लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। पानी एक होटल के निचले हिस्से में घुसने से इमारत को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा चार दुकानों को क्षति पहुंची है। वहीं, मणिकर्ण के साथ लगते ब्रह्म गंगा नाले में भी बाढ़ आई। इसके चलते एक कैंपिंग साइट को नुकसान पहुंचा है। कपिल मोहन एंड एसोसिएट्स हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट की बरशैणी के जिरह स्थित प्रोजेक्ट साइट को भी करोड़ों का नुकसान हुआ है। प्लांट के मैनेजर विनय परमार ने बताया कि बाढ़ के कारण मशीनरी को नुकसान हुआ है। डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने प्रभावित क्षेत्र का जायजा लिया। नुकसान का आकलन किया जा रहा है। जान की कोई हानि नहीं हुई है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को जल्द पुल के निर्माण के एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए। लाडा की निधि से पीडब्ल्यूडी खुद इसका निर्माण करे। जल शक्ति विभाग को 24 घंटे में जलापूर्ति बहाल करने को कहा। (अनंत ज्ञान)



बादल फटने के बाद आई बाढ़ से घर में घुसा मलबा (दाएं) होटल को पहुंची क्षति।

# उत्तर प्रदेश में अब लव जिहाद धर्मांतरण पर उम्रकैद की सजा

**एजेंसी, लखनऊ**

**यूपी** की योगी सरकार ने जबरन धर्म परिवर्तन और लव जिहाद के खिलाफ लाए गए नए कानून को विधानसभा से पास करा लिया है। उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध (संशोधन) विधेयक-2024 में अब सजा दोगुनी कर दी गई है।

नाबालिग लड़की का लव जिहाद के लिए अपहरण करने, उसे बेचने पर उम्रकैद की सजा का प्रावधान हो गया है। विधान परिषद से पास होने पर इसे राज्यपाल की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। विधानसभा में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने विधेयक को पारित करने का अनुरोध किया। विधेयक के पक्ष में सदस्यों की संख्या अधिक होने पर अध्यक्ष ने बिल पास कर दिया। संशोधित अधिनियम में छल-कपट या जबर्दस्ती कराए धर्मांतरण के मामलों में कानून को सख्त बनाते हुए आजीवन कारावास या पांच लाख के जुर्माने की सजा का प्रावधान है।

### बिल पास

### कानून में इन पांच को अपराध माना

- पहचान बदलकर शादी करना
- छिपाकर धर्म बदलवाना
- धर्म परिवर्तन के लिए फंडिंग
- डर दिखाकर धर्म बदलवाना
- बल प्रयोग से शादी करना






# झटका : डिपुओं में मिलने वाला सरसों का तेल हुआ महंगा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल में उचित मूल्य की दुकानों (डिपु)में मिलने वाला सरसों का तेल महंगा हो गया है। ऐसे में हिमाचल के लोगों को तकड़ा झटका लगा है। वहीं दालों के सस्ता होने से लोगों को कुछ राहत जरूर मिली है।

हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के मुताबिक थोक बाजार में कीमतें बढ़ने से तेल महंगा हुआ है, लेकिन बाजार में महंगे भाव बिक रहे सरसों तेल की तुलना में डिपुओं के माध्यम से सरकार काफी सस्ते भाव पर तेल उपलब्ध करवा रही है। उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से दिए जाने वाले सरसों का तेल 13 रुपए प्रति लीटर महंगा कर दिया है। ऐसे में राशन कार्ड धारकों को अब डिपुओं में सरसों तेल खरीदने के लिए प्रति लीटर पर 123 रुपए चुकाने होंगे। हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम ने 90 लाख लीटर खाद्य तेल का सप्लाई ऑर्डर जारी कर दिया है, जिसमें 18 लाख लीटर सरसों के तेल की सप्लाई पहुंच चुकी है। इसमें 9 लाख 28 हजार लीटर सरसों तेल की सप्लाई डिपुओं को भेजी गई है। ऐसे में अब राशन कार्ड धारकों को प्रदेश में 5,200 से अधिक डिपुओं के माध्यम से 123 रुपए लीटर सरसों तेल मिलेगा।

टैक्स पेयर को अब एक लीटर सरसों तेल के 129 रुपए चुकाने होंगे। इस वर्ग के उपभोक्ताओं को पहले 115 रुपए प्रति लीटर के हिसाब से सरसों का तेल दिया जाता था। उड़द की दाल पांच रुपए सस्ती वहीं, दालों की कीमत घटने से राशन कार्ड धारकों को कुछ राहत भी मिलेगी। हिमाचल में उचित मूल्य की दुकानों में उपभोक्ताओं को उड़द और मलका की दाल अब सस्ती मिलेगी। थोक बाजार में कीमत घटने से सरकार ने भी डिपुओं के माध्यम से दिए जाने वाली दो दालों की कीमतें कम करने का निर्णय लिया है।

उचित मूल्य की दुकानों में अब उड़द 5 रुपए और मलका की दाल 1 रुपए प्रति किलो सस्ती मिलेगी। अब बीपीएल परिवारों को उड़द की दाल 58 रुपए किलो के हिसाब से दी जाएगी। पहले यही कीमत 63 रुपए किलो थी। इसी तरह से एपीएल परिवारों को उड़द की दाल के अब 68 रुपए चुकाने होंगे, पहले इसकी कीमत पहले 73 रुपए किलो थी। इसके अतिरिक्त टैक्स पेयर को अब डिपुओं में 93 रुपए किलो उड़द की दाल मिलेगी। पहले उड़द दाल का ये भाव 98 रुपए प्रति किलो था।

बीपीएल परिवारों को अब मलका की दाल 56 रुपए प्रति किलो मिलेगी। वहीं अभी ये भाव 57 रुपए किलो था। इसी तरह से एपीएल परिवारों अब मलका दाल 66 रुपए किलो दी जाएगी। डिपुओं में इस वर्ग के कार्ड धारकों के लिए अभी ये भाव 67 रुपए प्रति किलो तय किया गया था।

टैक्स पेयर को अब मलका की दाल के प्रति किलो 91 रुपए चुकाने होंगे, इस वर्ग के कार्ड धारकों के लिए पहले ये रेट 92 रुपए प्रति किलो था। वहीं डिपुओं में मिलने वाली दाल चना की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

### हिमाचल प्रदेश में 19 लाख से अधिक कार्ड धारक

**हिमाचल** में वर्तमान में 19,65,589 राशन कार्ड धारक है। जो उचित मूल्य की दुकानों से सस्ते राशन की सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। इन राशन कार्ड धारकों की कुल आबादी 73,20,338 है। इसमें नॉन एनएफएसए आबादी 43,27,171 हैं। वहीं एनएफएसए के अंतर्गत 29,93,167 आबादी कवर होती है।

ADMISSION OPEN
DMLT | DOTT | DRIT | B.MLT | B. OTT
B.RIT | BMLT(LE) | MSc MLT | MSc MICRO
MSc MEDICAL | MICROBIOLOGY | BCA
MCA | MBA | BA | MA | BBA | HM | LAW
REASONABLE FEES ₹16500/- PER SEMESTER
NIMT - MOHALI: 7307307171

## नगर निगम शिमला हुआ डिजिटलाइज

**शिमला।** नगर निगम शिमला अब डिजिटलाइज हो गया है। अब लोगों को टैक्स और किराए जमा करवाने के लिए ऑफिस के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे, ऑनलाइन ही अब जमा कर सकते है। साथ ही जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र भी घर बैठे ही बना पाएंगे।

जन्म व मृत्यु प्रमाणपत्र में करेक्शन की सुविधा भी दी गई है। वहीं कारोबारी भी घर बैठे टैक्स और किराया जमा करवा पाएंगे। लोग फोन नंबर के तहत बनाई गई आईडी से किसी भी प्रकार के बिल या टैक्स जमा कर पाएंगे। नगर निगम लोगों की सुविधा के लिए सभी सेवाओं को एक आईडी के तहत प्रदान कर रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### राज्य चयन आयोग करेगा 21 पोस्ट कोड के परिणाम घोषित

विक्रम ढटवालिया हमीरपुर। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य चयन आयोग को अलग-अलग श्रेणियों के 21 पोस्ट कोड के परिणाम घोषित करने को स्वीकृति प्रदान की है। सुक्खू ने कहा कि इनमें आयोग फॉरेंसिक्स सेवाएं विभाग में लैब असिस्टेंट (बायो एंड सीरोलॉजी) (पोस्ट कोड 961), भू-रिकॉर्ड विभाग में असिस्टेंट कम्प्यूटर प्रोग्रामर (पोस्ट कोड 966), तकनीकी शिक्षा एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण विभाग में होस्टल अधीक्षक एवं पीटीआई (पोस्ट कोड 968), खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग में इंस्पेक्टर लीगल मेटिरियोलॉजी (पोस्ट कोड 969), मत्स्य विभाग में मत्स्य अधिकारी (पोस्ट कोड 978) और मुद्रण एवं स्टेशनरी विभाग में कॉपी होल्डर (पोस्ट कोड 982) के परिणाम सहित धर्मशाला नगर निगम में सफाई सुपरवाइजर (पोस्ट कोड 986), हिमाचल प्रदेश सामान्य उद्योग निगम में असिस्टेंट केमिस्ट (पोस्ट कोड 987), वर्कशॉप इंस्पेक्टर (वेल्डिंग) (पोस्ट कोड 991), वर्कशॉप इंस्ट्रक्टर (पैट्रन मेकिंग) (पोस्ट कोड 992), वर्कशॉप प्रशिक्षक (मशीनिस्ट) (पोस्ट कोड 993), मनोवैज्ञानिक एवं पुनर्वास अधिकारी (पोस्ट कोड 994), तकनीकी शिक्षा में वर्कशॉप प्रशिक्षक (पोस्ट कोड 997), हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक लिमिटेड में आशुटंकक (पोस्ट कोड 995), हिमाचल पथ परिवहन निगम में जेओए (अकाउंट्स) (पोस्ट कोड 996), विधि अधिकारी (पोस्ट कोड 999), तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर जेओए (आईटी) (पोस्ट कोड 1000), हिमाचल प्रदेश मानव अधिकार आयोग में कनिष्ठ आशुलिपिक (पोस्ट कोड 1001), सहकारिता विभाग में किन्नौर जिला सहकारी विपणन एवं संघ लिमिटेड टापरी में सचिव (पोस्ट कोड 1002), जेई (आरकियोलॉजी) (पोस्ट कोड 1004) तथा भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग में प्रिज़र्वेशन असिस्टेंट (पोस्ट कोड 1006) के परिणाम घोषित करेगा।

### पहले की तरह चले हिमकेयर योजना : हर्ष महाजन

**शिमला।** भाजपा के राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन से कहा कि हिम केयर योजना जिस प्रकार से चल रही थी उसी प्रकार से चलनी चाहिए। हिमाचल प्रदेश की सुख की सरकार जनता का सुख देख ही नहीं पा रहीं है, हिम केयर योजना पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने शुरू की थी जिससे हिमाचल प्रदेश के प्रतीक व्यक्ति को घर द्वार स्वास्थ्य सुविधा मिल रही थी और इस सुविधा का बड़ा लाभ उपलब्ध हो रहा था। उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने इस योजना को केवल इसलिए बदलने का प्रयास किया क्योंकि यह पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा शुरू की गई थी और इसके पीछे किसी भी प्रकार का तर्क इस सरकार के पास नहीं है की इस चली चलाई योजना में बदलाव क्यों किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव गांव में इस योजना का अभूतपूर्व लाभ जनता को हुआ है और इसका रिकॉर्ड तो सरकार के पास भी उपलब्ध है, शायद इसी कारण उनको परेशानी हो रही है कि पूर्व भाजपा सरकार की योजना इतनी हिट कैसे हो सकती है। इस योजना को सर्वस्पर्शी बनाने का काम किया गया था।

### मंदिर से गल्ला चुराकर ले गया एंबुलेंस चालक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ग्राम पंचायत उखली के कस्बे मैड़ में सिद्ध चानो मंदिर से एंबुलेंस चालक ने गल्ला चुरा ले गया । इस घटना पता उस समय लगा जब रोशन लाल मंदिर में पूजा करने के लिए गया। मंदिर की खिड़की टूटी हुई थी और गल्ला गायब था। इसकी सूचना रोशल लाल ने पुलिस को दी। पुलिस ने चोरों का पता लगाने के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला। चोरी की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई थी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को चेक किया तो एक व्यक्ति रात्रि 1.30 बजे खिड़की के रास्ते से मंदिर में घुस रहा था और 1.35 पर उसी रास्ते से मंदिर का गल्ला लेकर बाहर आ गया। उसके बाद सड़क किनारे खड़ी एंबुलेंस में गल्ले को रखकर उखली की तरफ चला गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एंबुलेंस के नंबर को ट्रेस किया तो पता चला कि यह एंबुलेंस भंडारी अस्पताल की है। पुलिस ने छानबीन करने के बाद एंबुलेंस के चालक अजय कुमार पुत्र तुलसीराम गांव बालू खरियाला डाकघर बगेड़ तहसील घुमारवीं के पास से गल्ला बरामद कर लिया। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि मंदिर में चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर अभियोग धारा बीएनएस 305 331(4) के तहत मुकदमा दर्ज किया है और आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया।

### हिम केयर सुविधा बंद करना तर्कसंगत नहीं : प्रेम ठाकुर

**जुन्गा।** जिला शिमला भाजपा अध्यक्ष प्रेम ठाकुर ने मंगलवार को जारी बयान में प्रदेश की सुक्खू सरकार की कैबिनेट में लिए गए उस फैसले को तुगलकी फरमान करार दिया है, जिसमें प्रदेश के 99 प्राइमरी और मिडिल स्कूलों और हिमकेयर सुविधा को बंद करने का निर्णय लिया गया है। जिला भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार सत्तासीन हुई है तब से इस सरकार ने सरकारी दफ्तरों और सरकारी संस्थाओं को बंद करने के सिवाय कुछ भी नहीं किया है । उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने सरकारी संस्थाओं को बंद करने की सीमा उस समय लांघ दी है जब छोटे छोटे नोनिहालों की पढ़ाई के लिए खोले गये 89 प्राइमरी स्कूलों और 10 मिडिल स्कूलों को बंद करने का फरमान जारी किया गया और न ही इन बच्चों को दूसरे स्कूलों में भेजने के लिए कोई व्यवस्था की गई है ।

# सुक्खू ने बान का पौधा रोपकर किया वन महोत्सव का शुभारंभ

## डीएफओ दे सकेंगे 25 सूखे/क्षतिग्रस्त पेड़ों को काटने की अनुमति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को अपने आधिकारिक निवास ओक ओवर में बान का पौधा रोपकर 75वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव का शुभारंभ किया। इस वर्ष वन विभाग ने प्रदेश में नौ हजार हेक्टेयर भूमि में पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है।

मुख्यमंत्री ने सूखे और क्षतिग्रस्त पेड़ों के निस्तारण की मानक संचालन प्रक्रिया का भी शुभारंभ किया, जिसके तहत वन रक्षक स्तर पर दो पेड़ और मंडलीय वन अधिकारी स्तर पर 25 पेड़ काटने की अनुमति प्रदान की गई है।

रैखिक परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए मुख्यमंत्री ने वन संरक्षण अधिनियम के प्रथम चरण की स्वीकृति के बाद परियोजना के दायरे में आने वाले पेड़ों को काटने के लिए वन विकास निगम के अधिकारियों के साथ-साथ वन विभाग के वन अधिकारियों को भी शक्तियां सौंपने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने वन विभाग ई-फॉरेस्ट सॉफ्टवेयर की बीटा टेस्टिंग का भी शुभारंभ किया, जिसका उद्देश्य विभागीय कार्यों को सुव्यवस्थित करना तथा पारदर्शिता को बढ़ाना है।



ओक ओवर में पौधरोपण करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

सीएम ने वन क्षेत्र में फलदार पौधों के रोपण को 30 से बढ़ाकर 60 फीसदी करने पर बल दिया, जिसके आगामी दस वर्षों में सकारात्मक परिणाम आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि वन विभाग और निगम ने बीते वर्ष 15 हजार क्षतिग्रस्त पेड़ों को प्रसंस्कृत किया, जिससे लकड़ी की बिक्री से राजस्व प्राप्त हुआ। इसके परिणामस्वरूप राज्य सरकार की रॉयल्टी आय मात्र डेढ़ वर्ष में 35 से बढ़कर 70 करोड़ रुपए हो गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने एक रणनीतिक फैसला लेते हुए वन विभाग की निर्माण शाखा को बंद करने का निर्णय लिया और इसे वानिकी गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए।

सुक्खू ने कहा कि लाहौल-स्पीति में महिला मंडल बढ़चढ़ कर पौधरोपण गतिविधियों और वन संरक्षण में शामिल हो रहे हैं, जिससे महिलाओं के समूहों को राजस्व सृजन के अवसर भी प्राप्त हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन के संकल्प के तहत विभिन्न कदम उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि वन विभाग सहित प्रदेश के अन्य विभागों में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं, जिससे कार्यशैली में सुधार होने के साथ ही लोगों को भी लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 31 मार्च 2026 तक प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है।

## किसान सभा ने बजट की प्रतियां जलाकर जताया विरोध

**अनंत ज्ञान, जुन्गा**

केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए पर्याप्त बजट का प्रावधान किए जाने पर हिमाचल प्रदेश किसान सभा ने बजट की प्रतियां जलाकर रोष प्रकट किया। किसान सभा के राज्याध्यक्ष डॉ. कुलदीप तंवर ने कहा कि केंद्रीय बजट स्पष्ट रूप से राज्यों के संघीय अधिकारों की अवेहलना कर, कुल बजट में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए आवंटन प्रतिशत के रूप में 2019 से लगातार घटकर 5.44 प्रतिशत से वर्तमान में 3.15 प्रतिशत पर आ गया है।

2022-23 के वास्तविक आंकड़ों की तुलना में कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए आवंटन में 21.2 प्रतिशत की कमी आई है।

डॉ. तंवर ने बताया कि वित्त मंत्री ने कृषि को पहली प्राथमिकता देने का दावा करते हुए वास्तव में किसानों, मजदूरों और गरीबों के कल्याण को शून्य प्राथमिकता देते हुए, कॉरपोरेट्स को प्राथमिकता दी है। मनरेगा के लिए आवंटन में शून्य वृद्धि से संकट बढ़ेगा। इससे ग्रामीण संकट के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन भी बढ़ेगा, जो भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है।

उन्होने बताया कि हिमाचल पहाड़ी क्षेत्र होने के साथ साथ यहां के इसी प्रकार मंडी मध्यस्थता योजना के तहत केंद्रीय सरकार द्वारा 1500 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा जाता था जो पिछले सालों में समाप्त कर दिया गया है। इस बार के बजट में इसका कोई प्रावधान नहीं रखा गया है, जिसके कारण राज्य सरकार एमआईएस के तहत केवल 12 रुपए प्रति किलो के हिसाब से ही फलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य दे रही है।'

उन्होंने बताया कि प्रदेश में लगभग 7 लाख मीट्रिक टन मक्की पैदा होती है। परन्तु उसकी खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर नहीं की जाती। न ही फूड कोर्पोरेशन ऑफ इंडिया इसकी खरीद करती है और न ही मक्की के लिए प्रोसैसिंग इकाईयां स्थापित करने की कोई योजना बजट में है। (अनंत ज्ञान)

**गरीब, महिला, युवा, मजदूर और अन्नदाता के साथ विश्वासघात**



## किसानों की समस्याओं को समझें अधिकारी : चंद्र कुमार

**अनंत ज्ञान, जवाली**

जवाली स्थित हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में हिमाचल प्रदेश के माननीय कृषि मंत्री प्रोफेसर चंद्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में कृषि विभाग के अधिकारियों, कृषि विश्विद्यालय पालमपुर के वैज्ञानिकों और विभिन्न परियोजना अधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य मक्की की फसल में फॉल आर्मी वर्म के प्रसार को रोकने और किसानों तक सरकारी योजनाओं के लाभों को पहुंचाने की रणनीतियों पर विचार करना था।

परियोजना के मीडिया सलाहकार राजेश्वर ठाकुर ने कहा कि कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे किसानों की समस्याओं को समझने और उन्हें हल करने के लिए अपने कार्यक्षेत्र में जाकर उनकी समस्याओं को सुनें। कृषि अधिकारियों से फॉल आर्मी वर्म की रोकथाम के उपायों के बारे में किसानों को जागरूक करने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर जागरूकता शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस कीट से निपटने के लिए किसानों को सुझाये गए कोरजेन नामक रासायनिक का उपयोग करने के लिए ओर अधिक प्रोत्साहित करने का सुझाव दिया।



## कांगड़ा, ऊना और चंबा में भ्रष्टाचार के 61 मामले, 25 लाख नकद बरामद

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

उत्तरी रेंज विजिलेंस धर्मशाला के तहत आने वाले ऊना, चंबा तथा कांगड़ा विजिलेंस थानों में पिछले करीब साढ़े तीन सालों में भ्रष्टाचार के 61 मामले दर्ज किए गए हैं । इस साल अब तक तीनों जिलों में 7 माह में 8 मामले दर्ज किए गए हैं जबकि 2021 से 2023 तक 53 मामले दर्ज किए गए हैं।



जिलावार आंकड़ों के अनुसार राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक थाना धर्मशाला में 2021 में भ्रष्टाचार के 2, 2022 में 11 तथा 2023 में 10 मामले दर्ज किए गए। इन मामलों में कुल 18,37,306 रुपए की राशि बरामद की गई। विजिलेंस एवं भ्रष्टाचार निरोधक थाना ऊना में 2021 में भ्रष्टाचार के 8, 2022 में 8 तथा 2023 में पांच मामले दर्ज किए गए हैं। इन मामलों में 4,32,500 रुपए की राशि विजिलेंस विभाग ने बरामद की। विजिलेंस एवं भ्रष्टाचार निरोधक थाना धर्मशाला में साल 2021 में भ्रष्टाचार का 1, 2022 में 2 तथा 2023 में 6 मामले दर्ज किए गए। इन मामलों में 2023 के 6 मामलों में ही 58000 रुपए की रकम बरामद की गई।

इस साल जुलाई 2024 तक के आंकड़ों के अनुसार भ्रष्टाचार के 8 मामलों में कांगड़ा तथा ऊना में तीन-तीन जबकि चंबा में भ्रष्टाचार के 2 मामले दर्ज किए गए हैं। इन मामलों में 1,41,000 नकद तथा 50000 रुपए के चेक बरामद किए गए हैं।

### भ्रष्टाचार की सूचना पुलिस को दें लोग : एसपी विजिलेंस



**आंकड़ों** की पुष्टि करते हुए उत्तरी खंड धर्मशाला के विजिलेंस विभाग के एसपी बलवीर ठाकुर ने बताया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आने वाली शिकायतों पर 3 जिलों में पिछले करीब साढ़े 3 सालों में 61 मामलों में कार्रवाई करते हुए सतर्कता विभाग ने करीब 25 लाख रुपए की नगदी बरामद की है। उन्होंने आम लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के किसी भी मामले की सूचना विजिलेंस विभाग को दें ताकि भ्रष्टाचारियों पर नुकेल कसी जा सके।

**आरोप** जयराम ने कहा-भाजपा सरकार की योजनाएं अमीरों के लिए नहीं, गरीबों के लिए थी

# भाजपा की योजनाओं को टारगेट कर रही सुक्खू सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमकेयर, सहारा, सामाजिक पेंशन, गृहणी सुविधा योजना जैसी योजनाएं सुक्खू सरकार इसलिए बंद कर रही है, क्योंकि यह योजनाएं भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा शुरू की गई हैं। लोग आज भी इन योजनाओं की चर्चा करते हैं। इसलिए सत्ता में आते हैं पूर्व सरकार की लोकप्रिय योजनाओं को सरकार ने टारगेट करना शुरू कर दिया।

सुक्खू सरकार के सत्ता में आते ही हिमकेयर का पैसा रोका गया, जिससे इलाज कर रहे अस्पतालों को एक समय बाद समस्या हुई और उन्होंने इलाज करना बंद कर दिया और लोग दर-दर भटकने को मजबूर हुए। अब सुक्खू सरकार ने हिमकेयर की सुविधा को निजी अस्पतालों में बंद कर दी है।

पुराना भुगतान भी नहीं किया है। ऐसे में अस्पतालों का करोड़ों रुपए बकाया है। सरकारी अस्पतालों में भी बकाए का भुगतान न होने की वजह से जरूरी सामानों की सप्लाई रुकी है। बीमारी का इलाज जल्दी से जल्दी करवाना ही पड़ता है। इसलिए लोगों को अपनी गाढ़ी कमाई खर्च करनी पड़ रही है। सरकार इतना संवेदनहीन कैसे हो सकती है कि एक बीमार से इलाज का हक छीन ले। जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमकेयर कार्ड से मिल रहे इलाज ने लोगों में एक अलग आत्मविश्वास दिया था। लोग सिर्फ एक कार्ड जेब में रखकर बड़े से बड़े अस्पताल में जाते थे और अपना इलाज करवाते थे। कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी का इलाज भी सरकार के पैसे से होता था, लेकिन सुक्खू सरकार ने भाजपा सरकार की जनहितकारी योजनाओं को चुन चुन कर बंद किया।

कोई भी योजना अमीरों के लिए नहीं थी, सभी की सभी योजनाएं बेहद जरूरतमंद लोगों के लिए थी, लेकिन सरकार को ऐसे जरूरतमंद लोगों पर भी तरस नहीं आया। अपने मित्रों को कैबिनेट रैंक बांटने के लिए, सीपीएस बनाने के लिए, सैटल करने के लिए सरकार के पैसों की कमी नहीं है। जब गरीबों के हित और प्रदेश के विकास की बात आती है तो ही सरकार को हर तरह की आर्थिक तंगी याद आती है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अभी तो यह बस एक शुरुआत है। आने वाले समय में सुक्खू सरकार भाजपा सरकार के समय दी गई सभी सुविधाएं छीनने वाली हैं। कई परीक्षाओं प्रवेश परीक्षा शुल्क को दोगुना कर दिया गया है।



### केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मिले जयराम

नेता प्रतिपक्ष ने दिल्ली में केंद्रीय विद्युत और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान हिमाचल के विकास संबन्धित विषयों पर भी सार्थक चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री ने हिमाचल के विकास हेतु हरसंभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया है।

## हिम केयर योजना बंद करना गरीबों के साथ अन्याय : धर्माणी

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के भाजपा मुख्य प्रवक्ता महिंद्र धर्माणी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा हिम केयर योजना का लाभ निजी अस्पतालों में बंद करना एक जन विरोधी फैसला है। हिम केयर योजना के बंद होने से राज्य के कई गरीब परिवारों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

इस योजना के तहत मिलने वाली चिकित्सा सुविधाओं से वंचित होने पर इन परिवारों को निजी अस्पतालों में महंगा इलाज करवाना पड़ेगा, जो उनकी आर्थिक स्थिति को और भी कमजोर करेगा। इसके परिणामस्वरूप, कई गरीब मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाएगा, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई हिम केयर योजना राज्य के गरीब परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण सहारा थी और इस योजना का बंद होना उनके लिए एक बड़ा झटका है। भाजपा इस जन विरोधी फैसले की कड़ी निंदा करती है और सरकार से तुरंत इस निर्णय को वापस लेने की मांग करती है।

## राष्ट्र निर्माण में पर्यावरण संरक्षण की भूमिका महत्वपूर्ण : डॉ. शांडिल



पौधरोपण के बाद बच्चों के साथ मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल व अन्य अधिकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने सोलन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत तुंदल के रुड़ा गांव में 75वें वन महोत्सव एवं पौधारोपण अभियान की अध्यक्षता की। इस राज्य स्तरीय अभियान का विधिवत शुभारंभ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा शिमला से वेबीनार के माध्यम से किया गया, जिसमें प्रदेश भर के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने वेबीनार के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री से इस अवसर पर संवाद भी किया और अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर अमरूद का पौधा रोपित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण में पौधरोपण का विशेष महत्व है। राष्ट्र निर्माण में पर्यावरण संरक्षण की भूमिका महत्वपूर्ण है। जलवायु परिवर्तन के इस दौर में अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए हम सभी को आगे आना चाहिए। उन्होंने उपस्थितजनों का आह्वान किया कि वे न केवल पौधों का रोपण करें, बल्कि एक पेड़ बनने तक इनकी निरंतर देखभाल भी करें।

## न्यूज ब्रीफ

### इंदौरा में मनाया 75वां राज्य स्तरीय वन महोत्सव



**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** विधानसभा क्षेत्र इंदौरा में 75वां राज्य स्तरीय वन महोत्सव तथा पौधरोपण अभियान विधायक मलेंद्र राजन द्वारा किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा के एक पौधा अपने नाम अवश्य लगाऐं, ताकि बढ़ते प्रदूषण के चलते हम वातावरण को स्वच्छ तथा साफ सुथरा रख सके। (अनंत ज्ञान)

### सरकारी व निजी स्कूलों में वापस लौटी रौनक



**अनंत ज्ञान, जवाली।** ज्वाली उपमंडल के सरकारी व निजी स्कूलों में 38 दिनों बाद स्कूल खुलने से रौनक लौट आई है। स्कूलों के खुलने से बच्चों की चहल-पहल देखने को मिली तथा सड़कों पर भी यूनिफार्म पहने बच्चे गुजरने से सड़कें भी गुलजार दिखीं। पहले ही दिन 70 प्रतिशत बच्चों ने स्कूलों में हाजिरी दी। खंड परियोजना अधिकारी ज्वाली प्रभात चंद्र पावा एवं प्रधानाचार्य जवाली ने बताया कि स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित किए गए कार्यक्रमों को भी पढ़ाई के साथ-साथ आगे बढ़ाया जाएगा। बच्चों को अच्छी एजुकेशन देने का प्रयास किया जाएगा ताकि सरकारी स्कूलों में कम हो रही बच्चों की संख्या को बढ़ाया जा सके।

### रक्कड़ कॉलेज में पौधे लगाकर मनाया वन महोत्सव




**शालनी शर्मा, रक्कड़।** राजकीय महाविद्यालय रक्कड़ मे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 30 जुलाई को महाविद्यालय परिसर में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य पंकज सूद द्वारा पौधरोपण से किया गया। इसके पश्चात शिक्षक वर्ग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में प्रो. विकास चंद्र, डॉ. सुषमा, डॉ. जसपाल, प्रो. मीना, प्रो. रविंद्र आदि ने भाग लिया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी प्रोफेसर मीना कुमारी द्वारा आयोजित किया गया। इस में लगभग 70 स्वयंसेवियों व छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

# टेट फीस वृद्धि के खिलाफ विद्यार्थी परिषद ने किया विरोध प्रदर्शन

## निर्णय वापस ले सरकार वरना बड़े आंदोलन को परिषद तैयार, शिक्षा का व्यापारीकरण बंद करे प्रदेश सरकार: राहुल

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**







फीस वृद्धि के विरोध में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के परिसर में विरोध प्रदर्शन करते तथा (दाएं) सचिव के माध्यम से शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला कांगड़ा ने मंगलवार को शिक्षक पात्रता परीक्षा आवेदन की फीस और प्रतिलिपियों संबंधित की गई फीस वृद्धि के विरोध में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान परिषद कार्यकर्ताओं ने हाथों में पोस्टर लेकर नारेबाजी की। इस दौरान विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय मंत्री राहुल राणा उपस्थित रहे।

विद्यार्थी परिषद का कहना है की प्रदेश सरकार अपने छात्र विरोधी निर्णयों से बाज नहीं आ रही। प्रदेश भर के आम छात्रों को लूटने का काम प्रदेश सरकार कर रही है। इसी संदर्भ में आज विद्यार्थी परिषद ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड सचिव के माध्यम से शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा।

फीस वृद्धि के विरोध प्रदर्शन में राणा ने कहा की टेट की परीक्षा के लिए जहां अभ्यर्थियों को सामान्य कैटेगरी को केवल 800 एवं सूचित अनुसूचित कैटेगरी को 500 रुपए देने पड़ते थे, वहीं सरकार द्वारा इस फीस को दोगुना करके सामान्य कैटेगरी के लिए 1600 एवं सूचित अनुसूचित कैटेगरी के लिए 1000 कर दिया गया है। जहां छात्र पहले ही अपनी पढ़ाई के लिए इतना खर्चा कर के टेट की परीक्षा देने के लिए योग्य बनते हैं, लेकिन उसके बाद भी उन्हें ऐसी परीक्षाओं को देने के लिए इतनी भारी भरकम फीस देनी पड़ रही है। तो कहीं न कहीं यह केवल छात्रों से पैसे लूटने का धंधा प्रदेश सरकार द्वारा चलाया जा रहा है। सरकार छात्रों द्वारा दिए गए इन पैसों का क्या करने वाली है यह भी एक प्रश्न चिन्ह सरकार पर लगता है।

विद्यार्थी परिषद ने कहा जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार में आई है तब से शिक्षा विरोधी निर्णय सरकार द्वारा लिए जा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड में जब से कांग्रेस की सरकार आई है तब से चेयरमैन की नियुक्ति नहीं की गई है। 12वीं कक्षा के छात्रों के रिवैल्युएशन और कंपार्टमेंट की परीक्षा परिणाम अभी तक स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा नहीं निकाले गए है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव का ढीला रवैया कांग्रेस सरकार आते ही देखने को मिल रहा है। शिक्षक पात्रता परीक्षा के साथ-साथ अन्य परीक्षाओं और प्रतिलिपियों की फीस बढ़ोतरी प्रदेश सरकार का छात्र विरोधी निर्णय।

विद्यार्थी परिषद का कहना है की ऐसे छात्र विरोधी निर्णयों को लेना प्रदेश सरकार को बंद कर देना चाहिए और छात्र कल्याण के लिए अच्छे कदम उठाने चाहिएं। राणा ने कहा की अगर प्रदेश सरकार ने अपने इस फैसले को वापस नहीं लिया तो विद्यार्थी परिषद प्रदेश सरकार के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन खड़ा करेगी एवं प्रदेश भर के आम छात्रों के साथ प्रदेश सरकार के इस छात्र विरोधी निर्णय के खिलाफ सड़कों में उतरेगी। जिसका खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा जिसकी सरकार स्वयं जिम्मेदार होगी। (अनंत ज्ञान)

## ब्यास नदी के किनारे से हटाए प्रवासी

**प्रवीण मिश्रा, लंबागांव।** लंबागांव पुलिस ने सोमवार को क्षेत्र के हलेड़, कंगेहण व लंबागांव के कुज्जेश्वर महादेव के पास ब्यास नदी के किनारे झुग्गी-झोपड़ी बनाकर रह रहे प्रवासी लोगों को वहां से हटवाया। गौरतलब है कि इस क्षेत्र में काफी प्रवासी लोग जो यहां मजदूरी करने आते हैं, वह ज्यादातर ब्यास नदी के किनारे झुग्गी-झोपड़ी बनाकर के अपना बसेरा बना लेते हैं । ब्यास के किनारे झुग्गी-झोपड़ी बनाकर रह रहे यह प्रवासी लोग बरसात में प्रशासन के लिए आफत बन जाते थे। पिछली बरसात में भी कुछ प्रवासी लोग ब्यास नदी में फंस गए थे व प्रशासन के लिए आफत बन गए थे। प्रशासन द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद इन लोगों ब्यास से बाहर निकाला था। एसएचओ प्रेमपाल शर्मा ने बताया कि पुलिस द्वारा ब्यास नदी के किनारे झुग्गी-झोपड़ी बनाकर रह रहे लोगों को वहां से हटवा दिया है, ताकि किसी प्रकार का नुकसान न हो। पुलिस द्वारा क्षेत्र की जनता से आह्वान किया है कि कोई भी व्यक्ति इन दिनों ब्यास के किनारे न जाए, क्योंकि ब्यास का जलस्तर दिनों-दिन बढ़ रहा है व साथ ही प्रवासी लोगों को चेतावनी भी दी है कि यदि किसी ने भी ब्यास के किनारे झुग्गी-झोपड़ी बनाई तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## हिमकेयर योजना बंद कर सुक्खू सरकार ने गरीबों से किया धोखा : रविदत्त शर्मा

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**



भारतीय जनता पार्टी मंडल शाहपुर द्वारा एक विशेष बैठक का आयोजन मंडल अध्यक्ष रविदत्त शर्मा के अध्यक्षता में किया गया, जिसमें कांग्रेस की व्यवस्था परिवर्तन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार की जन विरोधी नीतियों का घोर निंदा की गई।

सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ एक प्रस्ताव पास करके माननीय राज्यपाल महोदय को प्रसेक्षित किया गया। इस दौरान रवि ने कहा कि भाजपा की जयराम सरकार द्वारा वर्ष 2019 में गरीब जनता के लिए चलाई गई लोकप्रिय स्वास्थ्य हिमकेयर योजना को बंद करके कांग्रेस की सुक्खू सरकार ने हिमाचल की गरीब जनता के साथ धोखा किया है। सरकार अपनी व्यवस्था सुधारने के चक्कर में गरीब जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रही है, जिसके लिए भाजपा मंडल शाहपुर ज्यादा से ज्यादा शब्दों में निंदा करती है। (अनंत ज्ञान)

## गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा संपन्न

**राकेश डोगरा, डरोह।** गुप्तेश्वर महादेव मंदिर थुरल में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 23 से 29 जुलाई तक किया गया। इसका आयोजन मंदिर कमेटी तथा व्यापार कमेटी थुरल ने संयुक्त रूप से किया। इसमें कथावाचक स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज मधुसूदन सेवाधाम चित्रकूट ने अपनी मधुर वाणी से संगत पर अमृत बरसाया।



कथा का समय सायं तीन से छह बजे तक था। संगत ने श्रीमद् भागवत कथा सुनकर जीवन लाभ लिया। कथा के अंतिम दिन सुदामा चरित्र की कथा सुनाई गई। कथा श्रवण कर सबकी आंखों में पानी भर आया। सुबह आठ बजे हवन-यज्ञ किया गया, तत्पश्चात पूर्णाहुति दी गई। श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा गया। स्थानीय महिलाओं द्वारा सामूहिक संकीर्तन किया गया, जिसमें सभी नाचने पर मजबूर हो गए। दोपहर को भंडारे का भी आयोजन किया गया। (अनंत ज्ञान)

## रेहलू में कराटे चैंपियनशिप में 30 बच्चों ने लिया भाग, जीते पदक

**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर**




हिमाचल के कराटे कोच रिंकू कुमार की ओर से रविवार को रेहलू में फ्रेंडशिप कराटे चैंपियनशिप का आयोजन करवाया गया। इस कराटे चैंपियनशिप में लगभग 30 बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर स्वर्ण और रजत पदक अपने नाम किए। इस अवसर पर प्रधान सीमा नरयाल और रोटरी क्लब के अध्यक्ष राजेश राणा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और इस प्रतियोगिता की शान बढ़ाई।

इस दौरान उन्होंने बच्चों का मनोबल बढ़ाया और भविष्य में सही दिशा में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ कराटे कोच ने सभी बच्चों को खेलों में भाग लेने, हर दिन कुछ नया सीखने, नसों से हमेशा दूर रहने तथा तंदुरुस्त और निरोग जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। इस चैंपियनशिप में भाग लेने आए बच्चों के साथ उनके अभिभावकों में भी शिरकत की और बच्चों का मनोबल बढ़ाया। इस दौरान बच्चों के अभिभावकों ने रिंकू का इस तरह के आयोजन के लिए आभार जताया। कराटे कोच ने बताया कि उनकी ओर से इस तरह के आयोजन भविष्य में भी करवाए जाएंगे।

# अनंत ज्ञान फैशन



## मृणाल ठाकुर के स्टाइलिश सलवार सूट आप भी कर सकती हैं ट्राई

**सलवार-सूट** को ऑफिस से लेकर रोजाना घर पर या किसी फंक्शन के लिए भी पहना जाता है। इसमें आपको काफी वैरायटी देखने को मिल जाएगी। स्टाइलिश दिखने के लिए आजकल हम सेलिब्रिटीज के लुक्स को री-क्रिएट करना पसंद करते हैं। बदलते दौर में आजकल एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर के स्टाइलिश सलवार-सूट लुक्स को काफी ज्यादा पसंद करती नजर आ रही हैं। तो आइए आज हम आपको दिखाने वाले हैं एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर के स्टाइलिश सलवार-सूट डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन सूट लुक्स को स्टाइलिश बनाने के आसान टिप्स। नायरा और आलिया कट सूट आजकल लेटेस्ट फैशन ट्रेंड में नजर आ रहे हैं। डिजाइनर रिधि मेहरा ने इस सूट को तैयार किया है। इस तरह के डिजाइनर सूट आपको मार्केट में रेडीमेड देखने को मिल जाएंगे। यह आपको लगभग 2,000 रुपए में मिल जाएगा। कलियों वाले सूट में फ्लोर लेंथ अनारकली स्टाइल सूट आपके लुक में जान डालने का काम करेगा।





इस तरह के सूट आप कपड़ा खरीदकर खुद अपने हिसाब से कस्टमाइज भी करवा सकती हैं। डिजाइनर महिमा महाजन ने इस सूट को तैयार किया है। गर्मी और उमस भरे मौसम में फ्रेश लुक पाने के लिए लाइट वेट डिजाइन के फ्लोरल वियर सूट भी बेस्ट साबित हो सकते हैं। पौलमी और हर्ष डिजाइनर ने इस सूट को तैयार किया है। इस तरह के सूट आप फैब्रिक खरीदकर खुद भी सिलवा सकती हैं।

## हरियाली तीज के दिन खूब जचेंगी हरी, लाल और पीली चूड़ियां



**ट्रेडिशनल** लुक में जान डालने के लिए हम गहने पहनना पसंद करते हैं। वहीं, हाथों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए हम हर तीज-त्योहार के मौके पर चूड़ियां पहनते हैं। सावन का महीना शुरू हो चुका है और हरियाली तीज आने वाली है। तो आइए आज हम आपको दिखाने वाले हैं हरे रंग की चूड़ियों के डिजाइंस। साथ ही, दिखाएंगे कैसे इन चूड़ियों को आप लाल-पीली चूड़ियों के साथ में कर सकते हैं स्टाइल। हरे के साथ लाल रंग की चूड़ियां बेहद खूबसूरत नजर आती हैं। आप चाहें, तो कांच की हरी चूड़ियों के साथ लाल रंग के चौड़े कंगन भी हाथों में पहन सकती हैं। इसमें आपको मिरर वर्क वाली राजस्थानी डिजाइन में वैरायटी मिल जाएंगी। ग्रीन और रेड के मारवाड़ी चूड़ी में आपको इस तरह के कुंदन वर्क वाले डिजाइन भी देखने को मिल जाएंगे। हरी और लाल के अलावा आप चाहें, तो पीले रंग की चूड़ियां भी शामिल कर सकती हैं।



पीले और लाल के साथ हरा रंग बेहद खूबसूरत नजर आता है। इन तीन रंग की चूड़ियों के साथ मोती वाली पर्ल चूड़ियां या कंगन पहनकर आप सेट को पूरा कर सकती हैं। आप चाहें, तो कंगन के साथ आप केवल हरे रंग की चूड़ियों की मदद से सेट कर कम्प्लीट कर सकती हैं। रंग-बिरंगी चूड़ियां पहनना हम सभी पसंद करते हैं। वहीं, हरे रंग के साथ में मैच होने वाले कलर कंट्रास्ट जैसे पीला, लाल, गुलाबी और नीली चूड़ियां भी बेस्ट रहेंगी। इस तरह के कलर वाली चूड़ियों के साथ में आप गोल्डन कलर की चमकीली चूड़ियों की मदद से सेट को पूरा कर सकती हैं। देखने में इस तरह की चूड़ी सेट बेहद फैंसी नजर आते हैं।

## हाथों में बनवाएं ये फ्लावर ब्रेसलेट टैटू



**हर** बार मौसम और सीजन के हिसाब से फैशन ट्रेंड बदलता है। इसलिए अक्सर लोग उसे फॉलो करना पसंद करते हैं, लेकिन टैटू का ट्रेंड कभी कम नहीं होता है। आजकल तो यह इतना ज्यादा बढ़ गया है कि लोग अब बॉडी के अलग-अलग हिस्सों में टैटू बनवाते हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि हर किसी को लगता है कि टैटू बनवाकर वो अपनी बॉडी में कुछ नया ऐड करा पाते हैं। यह परमानेंट डिजाइन होता है, जिसे मशीन की मदद से बनाया जाता है। आप भी इसे अपने हाथों में ब्रेसलेट की तरह बना सकते हैं। आप अपने हाथों की कलाई पर बनवाने के लिए कोई टैटू सर्च कर रही हैं, तो इसके लिए आप लोटस फ्लावर ब्रेसलेट टैटू डिजाइन को क्रिएट करा सकती हैं। इसके लिए आपको सबसे पहले आपके हाथों में पैन से पूरा



डिजाइन क्रिएट किया जाएगा। इसके बाद इंक की मदद से इसे राउंड में ब्रेसलेट की तरह क्रिएट किया जाएगा, लेकिन इसका जो फ्लावर डिजाइन होगा वो सामने की तरह क्रिएट किया जाएगा। इसके बाद पत्तियों के डिजाइन को आसपास क्रिएट किया जाएगा। इस तरीके से आपका फ्लावर ब्रेसलेट बनकर तैयार हो जाएगा। इस तरह के टैटू को बनवाने में 800 से 1,200 रुपए लग जाएंगे। आप अपने हाथ पर गुलाब के फूल से ब्रेसलेट टैटू डिजाइन क्रिएट कर सकती हैं। इसमें आपको अपने हाथ पर गुलाब के फूल डिजाइन को बड़े से लेकर छोटे डिजाइन में क्रिएट करना है। इसके बाद इसकी पंखुड़ियों को ऐसे बनाना है जैसे ये टूटकर बिखरी हुई हों। फिर इसकी पत्तियों के डिजाइन को क्रिएट करें। इसमें कलर करवाना न भूलें। इससे यह 3 डी इफेक्ट का डिजाइन लगेगा। इसके बाद इसकी आउटलाइन करवाएं। इस तरीके के टैटू डिजाइन को बनाकर आपके हाथ अच्छे लगेंगे। इसके अलावा आप अपने हाथ में चेरी ब्लॉसम टैटू डिजाइन को ब्रेसलेट की तरह क्रिएट करा सकती हैं।

### टैटू बनवाते समय इन बातों का रखें खास ध्यान

- अगर आपको कोई कलर से एलर्जी है तो इसे न बनवाएं।
- टैटू बनवाने के बाद उस हाथ से भारी सामान बिलकुल भी न उठाएं।
- शुरुआती दिनों में कोशिश करें कि किसी तरह एलर्जी इसके आसपास न हो।

## बेस्ट लगेंगे हरे रंग की झुमकी के ये नए डिजाइंस

**अपने** लुक को हम सभी स्टाइलिश बनाना चाहते हैं और इसके लिए हम आए दिन नई से नई चीजों को स्टाइल करना पसंद करते हैं। यह सभी चीजें तीज-त्योहार के मौके पर ज्यादा नजर आने लगती हैं। वहीं, हरियाली तीज आने वाली है और इस मौके पर साड़ी से लेकर सलवार-सूट लुक को आकर्षक बनाने के लिए ज्वेलरी का रोल अहम होता है। ज्वेलरी में खासकर इयररिंग्स पहनना पसंद किया जाता है। झुमकी में आपको कई तरह के फैंसी डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। वहीं, हैवी और फैंसी लुक पाने के लिए इस तरह की डबल और ज्यादा झुमकियां आपके लुक में जान डालने का काम करेंगी। इस तरह की झुमकी आपको मार्केट में 500 रुपए तक आसानी से मिल जाएगी। अगर आपका चेहरा भारी है तो यह डिजाइन आपके लिए परफेक्ट रहेगा।





हरे के साथ थोड़ा कलरफुल डिजाइन ढूंढ रही हैं तो झुमकी के लिए इस तरह के मीनाकारी वर्क को चुन सकती हैं। इस तरह की झुमकी के साथ में आप बालों के लिए सिंपल स्लीक हेयर स्टाइल को चुनें। वहीं, यह डिजाइन लंबे और गोल चेहरे पर बेहद खूबसूरत नजर आता है। मीनाकारी के साथ में आपको पर्ल वर्क और डिजाइन भी देखने को मिल जाएंगे। स्टोन वर्क देखने में बेहद क्लासी और एलिगेंट लुक देने का काम करता है। स्टोन में आपको बारीक वर्क से लेकर बड़े डिजाइन और आकार वाले शेप देखने को मिल जाएंगे। वहीं, इस तरह की झुमकी लगभग हर तरीके के चेहरे पर रौनक लाने में मदद करती है।

## न्यूज ब्रीफ

### पौधे रोपित करना आवश्यक : इंद्रदत्त लखनपाल



**अनंत ज्ञान, बिझड़ी।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के घुमारली में राज्य स्तरीय वन महोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने बतौर मुख्यातिथि भाग लिया। इस दौरान 150 के करीब औषधीय पौधे लगाए गए। इस अवसर पर विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण हो रहे पर्यावरण में बदलाव से औसत तापमान में काफी वृद्धि हो रही है। आज अगर पौधे लगाए जाएंगे तो भविष्य में भावी पीढ़ी को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के साथ-साथ इनका संरक्षण करना भी अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पौधे रोपित करना आवश्यक है। उन्होंने पर्यावरण सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाने को कहा। इस अवसर पर वन विभाग के रेंज ऑफिसर मनीष शर्मा व विभाग के कर्मचारी, बड़सर भाजपा मंडल अध्यक्ष यशवीर पटियाल, मंडल महामंत्री संजीव शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष संजय बन्याल, पूर्व मंडल अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर, डॉ. दलजीत, राजीव पटियाल, अनिल ठाकुर, पाहलु के उपप्रधान रवि सहित अन्य उपस्थित रहे।

### रोजगार मेले में 168 बेरोजगारों को मिला रोजगार



**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी।** विधानसभा क्षेत्र भोरंज के निजी होटल बस्सी में रोजगार मेला 2024 का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले का आयोजन कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस प्रदेश चेयरमैन राजीव राणा द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजीव राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की युवाओं के प्रति प्रति संवेदनशील सोच से प्रेरित होकर समाज के बेरोजगार युवाओं के लिए भोरंज में नई पहल की गई। उन्होंने बताया कि रोजगार मेला में 20 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया, जिसमें लगभग 186 युवाओं को महिंद्रा टेक, कृष्णा मारुती, एक्सिस बैंक, पेटीएम, हैप्पी फोर्जिंग, स्वराज, भारत सीट्स, एएमजी ग्रुप आदि कंपनी में रोजगार का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि यह भोरंज के युवाओं के प्रति उनकी संवेदनशीलता के चलते उनके लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है और आने वाले समय में इस प्रकार के रोजगार के अवसर और उपलब्ध करवाए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### पंचायत चौकी के क्रस्ट में मनाया वन महोत्सव



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर की ग्राम पंचायत चौकी के क्रस्ट में वन महोत्सव मनाया गया, जिसमें वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और ग्राम पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे। इस अवसर पर सुजानपुर ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा और पार्टी कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। विधायक रणजीत सिंह ने इस अवसर पर ग्रामीणों से अपनी जमीन पर पौधरोपण करने की अपील की।

### शरारती तत्वों ने तोड़ डाली पानी पीने की टंकी



**अनंत ज्ञान, भरेड़ी।** भोरंज उपमंडल में स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला कोट रसेबड़ा में शरारती तत्वों ने पानी पीने की टंकी को तोड़ दिया। स्कूल की मुख्याध्यापिका पिंकी चौहान ने बताया कि छुट्टियों के बाद आज जब स्कूल खुले और जब स्कूल पहुंचे, तो पाया कि पानी पीने की टंकी को तोड़ कर नीचे फेंक दिया है। इससे पहले भी कुछ शरारती तत्व इस तरह की घटनाओं को अंजाम देते आए हैं। इस स्कूल में शाम के समय शरारती तत्व बैठे रहते हैं और गंदगी फैलाते हैं। स्थानीय पंचायत पपलाह के प्रधान अंकुश सैनी ने कहा कि इस स्कूल में शरारती तत्व बैठे रहते हैं और कई बार पहले भी तोड़-फोड़ की गई है। पुलिस विभाग से इस मामले में कार्रवाई की मांग करते हैं कि पुलिस जल्द आरोपियों को पकड़े और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। (अनंत ज्ञान)

### वनों के महत्व के बारे में लोगों को बताया



**नादौन।** वन विभाग की ओर से मंगलवार को नादौन में राज्य स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें वनों के महत्व बारे विस्तार से लोगों को बताया। मंझियार पंचायत के चिल्ड्रन पार्क में आयोजित इस महोत्सव में एसडीएम कुमारी अपराजिता चंदेल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए पौधरोपण व पौधों और वनों के संरक्षण बारे विभाग का सहयोग किए जाने का आह्वान करते हुए कहा कि पर्यावरण के संरक्षण के लिए वन संपदा को बचाए रखना बहुत जरूरी है, जिसके लिए हम सभी को आगे आना चाहिए। उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने व उनकी देख-रेख करने का आग्रह किया। इस अवसर पर आरओ राजीव सूद ने कहा कि वन महोत्व के उपलक्ष्य में शामलात भूमि मझियार में विभिन्न प्रजाति के 100 पौधों का रोपण किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से भी पौधरोपण का आग्रह किया। वन निगम में 100 वन वीरों की नियुक्ति किए जाने के सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के डायरेक्टर मोती जोशी, समाजसेवी प्रकाश चंद ने कहा कि इससे वन विभाग के कार्य में तेजी आएगी। उन्होंने दैनिक वेतन भोगियों की दिहाड़ी 400 रुपए करने के सरकार के फैसले के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू का धन्यवाद किया।

### विद्या भारती कार्यशाला का वाणी में समापन




**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर के एक निजी स्कूलों में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान की चार दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। इस समापन सत्र में राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षण प्रशिक्षण एवं अनुसंधान चंडीगढ़ की ओर से सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान दिए। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के क्रियान्वयन तैयार करने के लिए विषय विशेषज्ञ आए, जिनमें विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के उपाध्यक्ष सुरेंद्र अत्री महामंत्री, देशराज शर्मा संगठन मंत्री, विजय नड्डा सह संगठन मंत्री बाल किशन, प्रशिक्षण प्रमुख राम कुमार, राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान चंडीगढ़ से ऋतुला ठाकुर, विषय प्रमुख के रूप में आए संगठन मंत्री विजय नड्डा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की चौथी वर्षगांठ पर आयोजित कार्यशाला की आवश्यकता को समझाया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारतीय संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन का कार्य करने के लिए सहायक सिद्ध होने वाली है महामंत्री देशराज ने कार्यशाला में प्रतिभागियों से इस कार्यशाला में सिखाई गई विषय वस्तु को कक्षा तक ले जाने का कार्य करने का आग्रह किया, जिससे कार्यशाला के आयोजन का उद्देश्य पूर्ण हो सके उन्होंने सभी आयोजन प्रबंधकों के साथ-साथ अधिकारियों और प्रशिक्षकों का धन्यवाद किया। (अनंत ज्ञान)

# सतलुज का पानी बुझाएगा बड़सर की प्यास

## 126 करोड़ की पेयजल योजना पर काम शुरू, सीएम ने सतलुज पेजजल स्कीम शुरू करवा कर बचाए 74 करोड़

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**



पेयजल योजना को लेकर पाइपों को डालने का काम शुरू हो गया है।

जिला हमीरपुर के बड़सर के लोगों की प्यास बुझाने के लिए सतलुज नदी से पानी लिफ्ट करने की स्कीम पर काम शुरू हो चुका है। इस योजना के पूर्ण होते ही बड़सर के लोगों को पानी की समस्या से निजात मिल जाएगी।

प्रदेश सरकार द्वारा आचार संहिता लगने से पहले ही चंडीगढ़ की आरपीपी-एचपीसीए ज्वाइंट वेंचर को 126 करोड़ रुपए में आवंटित कर दिया गया था। इस पेयजल योजना का लाभ विकास खंड बिझड़ी की 47 पंचायतों को मिलेगा। योजना का नींव पत्थर मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा बड़सर में गत 24 जनवरी को रखा गया था। इस योजना के तहत पूरे बड़सर में 28 टैंक बनाए जाएंगे। इसमें से 40 लाख लीटर की क्षमता का मुख्य टैंक चम्बोह में बनाया जा रहा है। सतलुज नदी से पानी उठाकर बड़सर तक लाने की दूरी 20 किलोमीटर रहेगी तथा बिझड़ी ब्लॉक की 47 पंचायत के हजारों लोगों को प्रति व्यक्ति 100 लीटर पानी उपलब्ध करवाया जाएगा। जानकारी के अनुसार पूर्व भाजपा सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने व्यास से 200 करोड़ रुपए की लागत वाली परियोजना तैयार की थी।

इस योजना के अंतर्गत 45 किलोमीटर की दूरी से पानी लिफ्ट किया जाना था, लेकिन प्रदेश सरकार ने पुरानी पेयजल स्कीम को रद्द कर दिया क्योंकि उसकी लागत 200 करोड़ रुपए थी, जो अब कम होकर 126 करोड़ रुपए रहेगी। इस पेयजल योजना के लिए 47 पाइपों के ट्रक आने हैं। इसमें से 20 ट्रक आ चुके हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री कि इस महत्वाकांशी परियोजना के जरिए जहां बड़सर से पेयजल की समस्या का पूर्ण रूप से समाधान हो गया, वहीं दूसरी तरफ व्यास पेयजल योजना को रद्द करके सरकार द्वारा 74 करोड़ रुपए की बचत भी की गई है। बड़सर के लोग इस परियोजना के शुरू होने से खुश हैं, क्योंकि पेयजल की किल्लत पिछले कई वर्षों से लगातार विकराल रूप धारण कर रही थी। परियोजना का अब क्योंकि काम शुरू हो चुका है तथा मैटीरियल भी साइटों पर पहुंच गया है। पाइपलाइन डालने का काम शुरू हो गया है। इसके लिए लोगों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया है। (अनंत ज्ञान)

### पेयजल समस्या का होगा स्थायी समाधान : चौहार

अधिशाषी अभियंता बड़सर डीआर चौहान का कहना है कि सतलुज पेयजल योजना का काम शुरू हो चुका है, मैटीरियल आ रहा है। योजना के पूरे होते ही बड़सर क्षेत्र में पेयजल समस्या स्थायी तौर पर समाधान हो जाएगा।

### मुख्यमंत्री की योजना नायाब तोहफा : सुभाष

सुभाष ढटवालिया का कहना है कि बड़सर वासियों के लिए मुख्यमंत्री द्वारा दी गई पेयजल योजना एक नायाब तोहफा है। इस नई योजना के द्वारा एक तरफ जहां बड़सर बासियों को 12 महीने पेयजल उपलब्ध होगा। वहीं, सीधे सीधे सरकार को 74 करोड़ रुपए की बचत भी होगी।

### 7 अगस्त को धूमधाम से मनाएगा राष्ट्रीय हथकरघा दिवस : अर्चना चैहान



**संजीव चौहान, टौणी देवी।** महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय हथकरघा दिवस प्रतिवर्ष 7 अगस्त को स्वदेशी आंदोलन की शुरुआत के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस आंदोलन ने स्वदेशी उद्योगों और स्वदेशी की भावना का पुरजोर समर्थन किया, जिसमें हथकरघा बुनकर भी शामिल थे। 2015 में भारत सरकार ने आधिकारिक तौर पर इस दिन को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में मनाने के लिए नामित किया है।

अर्चना चौहान ने कहा की राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाने से हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' मिशन का भी समर्थन होता है। उन्होंने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पांच बार के सांसद अनुराग ठाकुर ने भी अपने संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में भी विभिन्न प्रकार की हाथ से निर्मित हथकरघा योजना चला रखी हैं, जिनका महिलाएं भरपूर लाभ उठा रही हैं। हथकरघा का प्रमुख उद्देश्य घरेलू उत्पादों की खपत को प्रोत्साहित करते हुए माल-उत्पादन और स्थानीय आपूर्ति में आत्मनिर्भरता हासिल करना है। उन्होंने कहा कि हमारा कपड़ा उद्योग देश में रोजगार का एक महत्वपूर्ण स्रोत है, जो लगभग 4.5 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देता है। चूंकि बुनकरों में अधिकांश महिलाएं हैं, इसलिए हथकरघा दिवस को सक्रिय रूप से बढ़ावा देना महिला मोर्चा की जिम्मेदारी है। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा समर्थकों ने उपायुक्त से की फ्लोर टेस्ट करवाने की मांग

## डीसी ने अविश्वास प्रस्ताव पर कोई भी कार्रवाई न करने के एसडीएम को जारी किए निर्देश

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



भाजपा समर्थित पार्षद अविश्वास प्रस्ताव को लेकर बैठक बुलाने को लेकर पत्र सौंपने जाते हुए।

नगर परिषद हमीरपुर में अध्यक्ष के खिलाफ दिए गए अविश्वास प्रस्ताव को लेकर 25 जुलाई को कार्रवाई करने को लेकर पार्षद उपायुक्त हमीरपुर से मिले थे। कांग्रेस समर्थित पार्षद अविश्वास प्रस्ताव को निरस्त करने को लेकर और भाजपा पार्षद अविश्वास प्रस्ताव को लेकर बैठक करवाने को लेकर मिले थे।

मंगलवार को उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह ने नगर परिषद अध्यक्ष के खिलाफ दिए गए अविश्वास प्रस्ताव पर कोई कार्रवाई न करने के निर्देश एसडीएम हमीरपुर को दिए हैं, ऐसे में उपायुक्त हमीरपुर जारी किए गए आदेशों के अनुसार वर्तमान में नगर परिषद के अध्यक्ष मनोज कुमार ही अध्यक्ष रहेंगे। उपायुक्त द्वारा जारी किए गए पत्र के अनुसार कानूनी राय ली गई है। यह देखा गया है कि हिमाचल प्रदेश नगर निगम चुनाव नियम, 2015 के नियम 92 (1) के पहले प्रावधान के अनुसार बैठक तय होने या बुलाए जाने से पहले अविश्वास प्रस्ताव वापस ले लिया जाता है। अविश्वास प्रस्ताव वापस लेने के बाद विशेष बैठक निर्धारित करने की कोई आवश्यकता या प्रावधान नहीं है, इसलिए निर्देश दिया जाता है कि गत एक मार्च को पेश किए गए अविश्वास प्रस्ताव पर कोई आगे कार्रवाई न करें।

वहीं, भाजपा समर्थित पार्षदों ने जारी किए गए पत्र को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की है। भाजपा समर्थित पार्षदों में विनय कुमार, संदीप भारद्वाज, वकील सिंह, डिंपल बाला, पुष्पा शर्मा, सुदेश भारद्वाज ने मंगलवार को भी उपायुक्त से मिले और फ्लोर टैस्ट करवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि 25 जुलाई को दो पार्षद उपायुक्त से अविश्वास प्रस्ताव को निरस्त करवाने के लिए गए थे, वहीं शाम को हमारे साथ भी थे।

उन्होंने कहा कि जो हस्ताक्षर अविश्वास प्रस्ताव निरस्त करने के लिए किए गए थे, उनकी जांच करना आवश्यक है, क्योंकि जो पार्षद उनके साथ गई थी, शाम को उनके साथ थी। उन्होंने उपायुक्त से कहा कि वे अध्यक्ष की कार्यप्रणाली से खुश नहीं हैं, इसलिए अविश्वास प्रस्ताव को लेकर शीघ्र बैठक बुलाई जाए। (अनंत ज्ञान)

### पांडवीं में अधिनियमों योजनाओं की दी जानकारी

**हमीरपुर।** मानव तस्करी के विरुद्ध विश्व दिवस के उपलक्ष्य पर ग्राम पंचायत पांडवीं में एक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा जिला अग्रणी बैंक कार्यालय और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहयोग से आयोजित इस शिविर में लोगों को कई महत्वपूर्ण अधिनियमों और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव असलम बेग ने बताया कि आम लोगों को न्याय सुलभ बनाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण (नालसा) ने कई महत्वपूर्ण योजनाएं आरंभ की हैं। मुफ्त कानूनी सहायता योजना इनमें से सबसे महत्वपूर्ण योजना है। असलम बेग ने बताया कि मानव तस्करी के शिकार लोगों, असंगठित क्षेत्र के कामगारों, किसी भी तरह के अत्याचार की शिकार महिलाओं की मदद के लिए भी नालसा ने योजनाएं आरंभ की हैं। उन्होंने आग्रह किया कि वे पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें।

### बाबा बालकनाथ मंदिर में सहायता कक्ष में कर्मचारियों को पंखा तक नसीब नहीं

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**



बिना पंखे के सहायता कक्ष।

उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ दियोटसिद्ध में बैरियर नंबर 2 के पास बने सिक्योरिटी कक्ष में सुरक्षा कर्मचारियों के लिए पंखा तक नसीब नहीं है। हालांकि उच्च अधिकारियों के लिए बने कार्यालय में पंखों के साथ-साथ एसी रूम की व्यवस्था होती है, परंतु जिन कर्मचारियों के सहारे मंदिर की सारी सुरक्षा व्यवस्था चलती है, उन कर्मचारियों के लिए अगर सिक्योरिटी कक्ष में पंखा तक नसीब न होना मंदिर ट्रस्ट की लचर कार्यप्रणाली को दर्शाता है।

खेद का विषय यह है कि इस सिद्ध पीठ से हर वर्ष करोड़ों रुपए श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए जाते हैं , रंतु अगर किसी सुरक्षा कर्मचारी ने सहायता कक्षा में थोड़ी देर के लिए आराम करना हो तो वह 40 डिग्री तापमान में कैसे वहां आराम कर सकता है। दूसरी ओर मंदिर ट्रस्ट प्रदेश सरकार को किसी प्रकार की आपदा आ जाने पर करोड़ों करोड़ों रुपए के चेक सरकारी खजाने में दिए जाते हैं, परंतु उनका आज तक पंखा तक नहीं लगा सकी है। कारण चाहे कुछ भी हो, लेकिन हमेशा परेशान तो छोटे कर्मचारी ही होते हैं। दूसरी ओर अगर मंदिर अधिकारी का कार्यालय देखा जाए तो वह इतना आलीशान है कि वहां दो-दो पंखे और एसी की व्यवस्था कर रखी है। इससे बड़ी मंदिर प्रशासन की लचर कार्य प्रणाली और क्या हो सकती है। (अनंत ज्ञान)

मैंने हाल ही में मंदिर अधिकारी का कार्यभार संभाला है। उन्होंने बताया कि मामला ध्यान में आया है, शीघ्र ही बैरियर नंबर दो के पास स्थापित सहायता कक्ष में सुरक्षा कर्मचारियों की सुविधा के लिए बहुत जल्दी पंखा लगवा दिया जाएगा।

**रोशन लाल, अतिरिक्त कार्यभार, मंदिर अधिकारी**

## खाद्य आपूर्ति विभाग के सर्वर की समस्या से निजात दिलाने के दावे खोखले

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**माह के अंतिम दिनों में डिपोधारक और उपभोक्ता परेशान**

खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा डिपुओं पर लगाई गई पॉश मशीनों का सर्वर लगातार डाउन होने से प्रदेश के करीब साढ़े 19 लाख उपभोक्ता व करीब 5200 डिपो धारक हर माह परेशानी का सामना कर रहे हैं।

हालांकि विभागीय अधिकारियों की माने तो अब विभाग ने सर्वर का जिम्मा एक कंपनी की बजाय दो कंपनियों सीएससी व सी डैक को दिया गया है। विभाग द्वारा सर्वर का जिम्मा इन कंपनियों को देने के बाद यह दावा किया गया था कि जब एक कंपनी का सर्वर डाउन होगा तो दूसरी कंपनी का सर्वर काम करना शुरू कर देगा।

प्रदेश डिपो संचालक समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कवि ने कहा कि प्रदेश कि अधिकांश डिपुओं पर हर माह के अंतिम सप्ताह में निगम के गोदामों से राशन पहुंचता है और सर्वर की समस्या भी सबसे अधिक माह के अंतिम सप्ताह में ही आती है। इस समस्या के चलते एपीएल, पीएलटी परिवारों के साथ साथ बीपीएल एनएफएसए परिवारों को भी सस्ते राशन से वंचित रहना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के डिपो धारक विभाग के साथ-साथ कांग्रेस पार्टी व प्रदेश सरकार का लगातार तन मन और धन से साथ देते आए हैं, लेकिन सरकार और विभाग को प्रदेश के डिपो धारकों व उपभोक्ताओं की जरा भी परवाह नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा डिपो धारकों ने प्रदेश में हुए आम विधानसभा चुनावों के बाद उपचुनावों में भी सरकार का तन, मन और धन से साथ दिया, लेकिन सरकार आम विधानसभा चुनावों से पूर्व डिपो धारकों को 20,000 मासिक वेतन देने व वन टाइम लाइसेंस की व्यवस्था करने का वादा अभी तक पूरा नहीं कर पाई जिससे प्रदेश के सभी डिपो धारक सरकार से खफा चल रहे हैं।

अशोक कवि ने कहा कि सरकार डिपो संचालकों के साथ किए गए वादे को शीघ्र पूरा नहीं करती है। प्रदेश के डिपो संचालक राशन वितरण का कार्य बंद कर देंगे, जिसकी सारी जिम्मेदारी सरकार व विभाग की होगी।

### दी बैहरड़ कृषि सेवा सहकारी समिति के चुनाव 2 सितंबर को

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** दी बैहरड़ कृषि सेवा सहकारी समिति के चुनाव 2 सितंबर को होंगे। सभा के सचिव रवि दत्त शर्मा ने बताया कि 16 अगस्त तक नामांकन पत्र भरे जाएंगे, 21 अगस्त तक उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं और उसी दिन उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे। 2 सितंबर को मतदान करवाया जाएगा और शाम को 3 के बाद उसी दिन परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे। सभा के सचिव रवि दत्त शर्मा ने क्षेत्र वासियों से आह्वान किया है कि जो भी इच्छुक व्यक्ति इन चुनावों में हिस्सा लेना चाहते हैं, वे अपने साथ एक स्थानीय व्यक्ति को साथ लाकर अपना नामांकन पत्र भर सकता है। सभी सूचनाओं को सभा पटल के सूचना बोर्ड पर अंकित कर दिया गया है।

### तकनीकी विवि में एमटेक व एमएससी में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग आज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में एमएससी भौतिक विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, एमए एमएससी योग, एमटेक (सीई, सीएसई, ईई) और बीएससी एचएमसीटी, बीएचएमसीटी में प्रवेश के लिए दूसरे चरण की काउंसलिंग 31 जुलाई को होगी। तकनीकी विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव ने कहा कि पहले चरण की काउंसलिंग में 83 विद्यार्थियों को सीटें आवंटित की गई थी। अब उपरोक्त विषयों की खाली सीटों को भरने के लिए दूसरे चरण की ऑफलाइन काउंसलिंग आयोजित की जा रही है। वहीं, बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) की दूसरे चरण की काउंसलिंग पहली अगस्त से शुरू होगी। पहली अगस्त को जेईई मेन के आधार पर सामान्य श्रेणी सहित ऑल इंडिया कोटा, बेटी है अनमोल ईडब्ल्यूएस कश्मीरी विस्थापित व टीएफडब्ल्यू कोटे से जिन अभ्यर्थियों ने काउंसलिंग के लिए आवेदन किया है, उनकी काउंसलिंग होगी। दो अगस्त को ओबीसी, एससी, एसटी और इन्हीं वर्गों की उप श्रेणियों के अभ्यर्थियों की काउंसलिंग होगी। तीन व चार अगस्त को एचपीसीईटी के आधार पर बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) की दूसरे चरण की काउंसलिंग होगी।

### सीएम का नीति आयोग की बैठक में हिस्सा न लेना प्रदेश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण : राणा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा दिल्ली में अपने प्रवास के बावजूद नीति आयोग की बैठक में हिस्सा न लेना प्रदेश के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। राजेंद्र राणा ने कहा कि यह बहुत खेदजनक बात है कि मुख्यमंत्री दिल्ली में होते हुए भी प्रदेश के हित को ताक रखते हुए नीति आयोग की बैठक से दूरी बना ली। राजेंद्र राणा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश पहले से ही भयावह आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है और सुक्खू सरकार ने प्रदेश को कर्ज के दलदल में डुबोने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा अभी तक हिमाचल प्रदेश पर 65 हजार करोड़ रुपए का कर्ज था, लेकिन सुक्खू सरकार ने 15 महीने में ही यह कर्ज एक लाख करोड़ से ऊपर पहुंचा दिया है। अभी तक सुक्खू सरकार 35000 करोड़ का कर्ज ले चुकी है। मुख्यमंत्री को न तो प्रदेश के विकास की चिंता है और न ही प्रदेश की जनता के हितों की चिंता है। प्रदेश में विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़ चुके हैं। सरकार अपनी चुनावी घोषणाएं पूरी नहीं कर पा रही है। इन तमाम स्थितियों के बावजूद मुख्यमंत्री द्वारा नीति आयोग की बैठक से दूरी बना देना प्रदेश के लिए बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बात है।ाजेंद्र राणा ने कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री केंद्र सरकार को आए दिन पानी पी पीकर कोसते रहते हैं और दूसरी तरफ नीति आयोग की बैठक से दूरी बना लेते हैं, जिससे साफ जाहिर होता है कि उन्हें प्रदेश की कोई चिंता नहीं है।

### पंचकर्मा तकनीशियन कोर्स के लिए तरक्वाड़ी में दाखिला शुरू

**भरेड़ी।** भोरंज उपमंडल के कस्बा तरक्वाड़ी में इन दिनों पंचकर्मा तकनीशियन कोर्स के लिए दाखिला शुरू है। यह संस्थान केंद्र सरकार के कौशल विकास एवं स्वास्थ्य देखभाल मंत्रालय के अधीन चला हुआ है तथा इसमें 25 सीटें स्वीकृत हुई हैं। संस्थान के कार्यकारी अधिकारी डॉ. रवि चंद्र संख्यान के अनुसार संस्थान का यह दूसरा सत्र है। उनके अनुसार प्रदेश के आयुष विभाग में जिन अस्पतालों में पंचकर्मा की सुविधा है, वहां पर पंचकर्मा तकनीशियनों के लगभग सभी पद रिक्त पड़े हैं। हजारों पंचकर्मा तकनीशियनों की मांग प्रदेश व प्रदेश के बाहर निजी क्षेत्र में भी है। उन्होंने प्रदेश के दस जमा दो पास युवाओं से संस्थान में आकर या 94187-27266 नं. पर जानकारी लेने व अपना भविष्य बनाने की सलाह दी है।

## जिला के 34 प्राइमरी और 6 मिडल स्कूल होंगे बंद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**0 से 5 संख्या वाले स्कूलों को किया जाएगा मर्ज**

बरसात की छुट्टियों के बाद मंगलवार को दोबारा से स्कूल शुरू हो गए हैं। हालांकि पहले दिन बहुत कम बच्चे स्कूल आए। एक दो दिन में सभी बच्चे स्कूल जाना शुरू कर देंगे।

वहीं, जिन स्कूलों में 0 से 5 बच्चे सरकारी स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, उन स्कूलों का डाटा भी प्रदेश सरकार ने शिक्षा विभाग से मांगा है, क्योंकि प्रदेश सरकार ने बंद करने का फैसला लिया है। इसके तहत 0 से 5 संख्या वाले बच्चों को दो से ढाई किलोमीटर दायरे में वाले स्कूल में मर्ज किया जाएगा। इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को दूसरे स्कूलों में शिफ्ट किया जाएगा। बता दें कि जिला हमीरपुर में 34 प्राइमरी और 6 मिडल स्कूलों में 5 से भी कम बच्चे हैं। यही नहीं कई स्कूलों में एक ही बच्चा शिक्षा ग्रहण कर रहा है। ऐसे में इन स्कूलों में पढ़ाने वाले अध्यापक भी दूसरे स्कूलों में शिफट होंगे।

इस बारे में प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक अशोक कुमार ने बताया कि कम बच्चों वाले स्कूलों का डाटा भेज दिया है। इन स्कूलों का फैसला निदेशालय में लिया जाएगा। उन्होंने अनसेफ भवनों का डाटा भी भेज दिया गया है। जैसे ही निर्देश आएंगे, इन भवनों को गिरा दिया जाएगा।

### जिले के 9 स्कूलों में अनसेफ भवन

बरसात के दिनों में पुराने भवन गिरने का खतरा बना रहता है, ऐसे में जिला में 9 स्कूल ऐसे हैं, जहां पर भवन पुराने हो चुके हैं और गिरने के कगार पर है। प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय से 9 स्कूलों को डिस्मेंटल करने के लिए निदेशालय को भेजा गया है। शिक्षा निदेशालय से निर्देश आते ही इन भवन को अनसेफ घोषित कर डिस्मेंटल कर दिया जाएगा।

**समीक्षा** प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक में परियोजना निदेशक ने दी चेतावनी

## परियोजना के काम में कोताही बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं : डॉ. चौहान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



उपपरियोजनाओं की समीक्षा बैठक में मौजूद गणमान्य।

हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना के द्वितीय चरण की मासिक समीक्षा बैठक परियोजना मुख्यालय हमीरपुर में आयोजित की गई, जिसमें सभी जिला परियोजना प्रबंधकों (डीपीएम) ने भाग लिया।

इस बैठक को आयोजित करने का मुख्य कारण सभी ब्लॉक परियोजना प्रबंधकों (बीपीएम) में चल रहे उपपरियोजनाओं की समीक्षा करना था। इस बैठक की अध्यक्षता डॉ. सुनील चौहान ने की जिसमें नए जिला परियोजना प्रबंधक सोलन डॉ. राजेंद्र ठाकुर, जिला परियोजना प्रबंधक मंडी डॉ हेम राज और मुख्यालय में उपपरियोजना निदेशक डॉ. करतार सिंह और डॉ. दुर्गा दत्त द्वारा कार्यभार संभालने पर उनका स्वागत किया। डॉ. चौहान ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हम सब यहां किसानों के लिए अच्छा करने के लिए इस परियोजना में आए हुए हैं और किसानों को हमसे बहुत उम्मीद भी है इस उम्मीद में खरा उतरना है तो हम सभी को प्रोजेक्ट मोड में आकर काम करना होगा।

अपने अधीनस्थ सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को काम पर लगाना होगा। जिस भी उपपरियोजना में काम चल रहा है, उसकी गुणवत्ता पर ध्यान देना होगा। डॉ. चौहान ने कहा कि अगर कहीं भी इस काम में कोताही बरती गई तो इस कार्यालय से उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सभी जिला परियोजना प्रबंधकों (डीपीएम) को हिदायत दी गई कि सभी उपपरियोजनाओं को समय पर पूरा किया जाए ताकि किसानों को उसका लाभ मिल सके।

इसी के साथ जिला परियोजना प्रबंधक मंडी को डॉ चौहान द्वारा निर्देश दिया कि आप जितनी जल्दी हो सके, पूरी हुई उपपरियोजनाओं का दौरा करके स्थानीय कृषक विकास संघ को उनको सौंपे ताकि उन उपपरियोजनाओं में अन्य गतिविधियों को अमलीजामा पहनाया जा सके। अंत में डॉ. राकेश शर्मा विषय वाद विशेषज्ञ द्वारा सभी उपस्थित अधिकारियों का धन्यवाद किया।

## न्यूज ब्रीफ

### बारिश से सड़कों पर भरा पानी



ऊना। जिला मुख्यालय में हुई बारिश से सड़कों में पानी भर गया, जिस कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा

### खड्ड पंचायत में पौधरोपण अभियान चलाया



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** ग्राम पंचायत खड्ड के प्राईमरी हेल्थ सेंटर में पौधारोपण किया गया। ग्राम पंचायत खड्ड के प्रधान वीरेंद्र हीर ने निंबू का पौधा लगाकर इसकी शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने यह संदेश दिया कि परिवार में हर शुभ अवसर पर पौधा रोपण करें जिससे वातावरण शुद्ध रह सके और बिमारियों से दूर रह सकें। इस अवसर पर डाक्टर विनायक कंवर, फार्मासिस्ट संजीव कुमार, जिला परिषद सदस्य ओंकार चंद कसाना, उप प्रधान रविन्द्र खसरू, बीडीसी स्वर्ण धीमान मौजूद रहे।

### भंडारे में परोसी पहाड़ी धाम



ऊना।समीपवर्ती रक्कड़ कॉलोनी के बिजली बोर्ड कॉलोनी शिव मंदिर कमेटी द्वारा भंडारा लगाया गया। इसमें पहाड़ी धाम बनाई गई थी और हजारों लोगों ने लंगर का प्रसाद ग्रहण किया।

### घड़ेला गांव में रॉक पायथन का किया रेस्क्यू



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** स्नैक मैन से मशहूर माथुर धीमान ने एक खतरनाक रॉक पायथन सांप जिसकी लंबाई लगभग 8 फुट थी, को पकड़ने में सफलता पाई है। माथुर धीमान ने बताया कि यह सांप घड़ेजर गांव के सिद्धू राम के घर में घुसा हुआ था जिसको की बड़ी ही मशक्कत से काबू पाया गया। उन्होंने बताया कि सांप पर्यावरण के रक्षक होते हैं। सांप को मारना नहीं चाहिए, इन्हें पड़कर जंगल में छोड़ देना चाहिए।

# समीक्षा बैठक में नदारद अधिकारियों पर बरसे विधायक विवेक शर्मा

## बिना तैयारी के आए अधिकारियों की खिंचाई, कहा-पूरा होम वर्क कर ही आएं

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के मुख्यालय एसडीएम बंगाणा बैठक हाल में कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक मंगलवार को रखी हुई थी और बैठक में उपमंडल बंगाणा के सभी विभाग के अधिकारियों को पूरी तैयारी के साथ बैठक में आने के आदेश दिए थे, लेकिन जब विधायक विवेक शर्मा एसडीएम के साथ बैठक हाल में पहुंचे तो उपमंडल बंगाणा के कुछ विभागों के अधिकारी नदारद दिखे। विधायक विवेक शर्मा ने जब एक एक विभाग के कार्यों की समीक्षा करने के आदेश दिए तो कुछ अधिकारी जो बैठक में आए थे, वे बिना तैयारी के आए थे। कई विभागों के अधिकारी ही बैठक से नदारद थे। अधिकारियों के नदारद पर वह आग बबूला हो गए। बिना तैयारी से आए अधिकारियों की खूब क्लास लगाई। उपमंडल बंगाणा के सभी अधिकारियों को कड़े आदेश दिए गए कि जब भी विकास कार्यों की समीक्षा बैठक तय हो, तो सभी अधिकारी पूरा होम वर्क करके बैठक में आएं।

**बोले-कुटलैहड़ की जनता को काम के लिए दूसरी बार न आना पड़े दफ्तरों में**

विवेक शर्मा ने कहा कि इससे पूर्व क्या होता रहा, मुझे नहीं जानना है, लेकिन अब उपमंडल बंगाणा की समीक्षा बैठक में सभी अधिकारी बैठक में पूरी तैयारी के साथ मौजूद हों। शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ की समस्त जनता मेरा एक परिवार है, जिसको राज्य सरकार के प्रति विकास कार्यों को पूरा होने की बड़ी उम्मीद है, लेकिन जब अधिकारी ही अपने कार्यों के प्रति पूरी जवाबदेही नहीं दे पाएंगे। किस प्रकार कुटलैहड़ की जनता के कार्य होंगे।

विवेक शर्मा ने कहा कि हमने पहली बैठक में अधिकारियों को आदेश दिए थे कि मेरे कुटलैहड़ विधान सभा क्षेत्र से कोई भी व्यक्ति दूसरी बार सरकारी कार्यालय में कार्य करवाने नहीं आएगा। जनता को कोई भी काम है, वह सरकारी कार्यालय में आने पर तुरंत होना चाहिए।

अगर किसी प्रकार की कोई समस्या है, तो अधिकारी मुझ से संपर्क कर सकता है, लेकिन जनता का काम पहली बार होना चाहिए। विवेक शर्मा ने कहा कि जो अधिकारी समीक्षा बैठक में नहीं आ सकते हैं, वे जनता के काम कब करेंगे। और कैसे जनता के काम होंगे। शर्मा ने कहा कि अधिकारियों को अपने विभागों के विकासात्मक कार्यों के बारे में प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

## श्रद्धालुओं से भरा ट्राला पलटा, 38 घायल, 10 गंभीर

**विवेक शर्मा, अंब।** सिक्कर द परोह में ट्राला पलटने से 38 श्रद्धालु घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे के करीब पिकअप ट्राला राष्ट्रीय उच्च मार्ग 3 अंब नदौन मार्ग पर सिक्कर दा परोह में नियंत्रण खो बैठा और पलट गया। इस कारण उसमें सवार 38 लोग घायल हो गए, जिन्हें सिविल अस्पताल अंब ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दुर्घटना में दस गंभीर रूप से घायलों को ऊना रेफर कर दिया। श्रद्धालु सोमवार को माता ज्वालाजी मंदिर पहुंचे थे। जहां से वह मंगलवार को माता नयना देवी मंदिर में शीश नवाने जा रहे थे कि हादसे का शिकार हो गए। अस्पताल पहुंचे तहसीलदार अंब प्रेम लाल धीमान ने बताया कि गंभीर रूप से घायल पांच लोगों को पांच पांच हजार और दो घायलों को ढाई-ढाई हजार रुपए फौरी राहत राशि प्रदान की गई है।

घायलों में दिव्यांश, सुखविंदर दोनों निवासी सरीह नकोदर, छवि, महिंदो, पलविंदर कौर, हरजीत सिंह, मंगलजीत सिंह, करण रंधावा, लखबीर सिंह, सानियां निवासी चक मगलानी नकोदर पंजाब के तौर पर हुई है।

## आपदा प्रबंधन की खुली पोल

# जिस भवन में आपदा पर चर्चा उसके आगे बहने लगा नाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



शहर में थोड़ी देर हुई बरसात ने फिर व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। जिस भवन में बैठकर आपदा प्रबंधन को लेकर योजना बनाई जाती है और चर्चा की जाती है, उस भवन के पास ही महीने में दूसरी बरसात में लोग आपदा से घिरे हैं।

पुराना डीसी ऑफिस परिसर ने फिर से नाले का रूप धारण कर लिया। ऊना जिला मुख्यालय में मंगलवार को आपदा फिर आई। पुराना तहसील परिसर जहां टाइपिस्ट बैठते हैं, वहां पानी भर गया। अब तो पानी पुराने डीसी ऑफिस के धरातल मंजिल में पहुंच गया। पहली बरसात ने संकेत दिया था और दूसरी बरसात एक घंटे से भी कम हुई, लेकिन सड़कों से लेकर दफ्तरों तक आफत देखी गई। आपदा से घिरे अरुण सैनी, अनिल कुमार, सरिता शर्मा, विजय पुरी, गोगी जसवाल, चमन जसवाल समेत कई लोगों में बताया कि उनके पास वैद्य लाइसेंस हैं, जो टाइपिस्ट और स्टांप पेपर विक्रेता आदि हैं, उनके बैठने के लिए आपदा वाला स्थान निर्धारित किया है, जबकि डीसी ऑफिस के धरातल पर सरकारी और अन्य गाड़ियां की सेफ जोन में पार्किंग रखी गई है। सरासर अन्याय है और प्रशासन इस और गौर नहीं करता है।

उधर, डीसी ऑफिस के साथ बचत भवन की सरकारी दुकानें भी बरसाती पानी की चपेट में आ गईं। यहां भी बरसात दुकानदारों के लिए आफत लेकर आती है। इस तरह से यहां लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## बढेड़ा में युवक ने निगला जहर

**अनंत ज्ञान, नरेश सिंघा।** क्षेत्र के बढेड़ा गांव में एक युवक ने विषाक्त का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। सोमवार शाम को युवक ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों द्वारा युवक को ऊना अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन हालात बेहद खराब होने के कारण उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक रात के समय कंट्रोल रूम ऊना से वजरिया लॉग थाना में सूचना प्राप्त हुई थी कि जहरखुरानी केस में युवक रोहित सिंह निवासी गांव लोअर बढेड़ा तहसील व थाना हरोली उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना लाया गया है। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो युवक को पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया था। जांच अधिकारी सितार मोहम्मद ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# 286 लाभार्थी बच्चों को दी 67.54 लाख सामाजिक सुरक्षा राशि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ऊना जिले में मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत साल 2024 की पहली छमाही में 286 लाभार्थी बच्चों को 4-4 हजार रुपए की प्रथम किस्त के तौर पर 67.54 लाख रुपए की सामाजिक सुरक्षा राशि प्रदान की गई है।

यह धनराशि 18 से 27 साल तक के अनाथ बच्चों को अप्रैल से सितंबर 2024 की अवधि के लिए दी गई है। यह जानकारी उपायुक्त जतिन लाल ने दी। वह मंगलवार को जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की अध्यक्षता कर रहे थे।उन्होंने बताया कि इसके अलावा मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत जिले में लाभार्थी बच्चों की शिक्षा, कौशल विकास,

**ऊना में मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत मिला लाभ**

स्वरोजगार और स्वावलंबन में सहायता के लिए इस साल अब तक 31 मामलों में 20.48 लाख रुपए से अधिक की धनराशि प्रदान की गई है। वहीं, वित्त वर्ष 2023-24 में मिशन वात्सल्य के तहत स्पांसर स्कीम और आफ्टर केयर योजना में 155 मामलों में करीब 36 लाख रुपए प्रदान किए गए हैं।

उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को समूरकलां स्थित विशेष गृह में रह रहे बच्चों की सुरक्षा एवं सुविधा का पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिए। बैठक में जिले में बाल कल्याण और संरक्षण की दिशा में किए कार्यों की समीक्षा की गई।

**चाइल्ड हेल्पलाइन पर आए 39 मामले :** उपायुक्त ने बताया कि जिले में अप्रैल से जून के तीन महीने की अवधि में चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 और 112 पर कुल 39 मामले प्राप्त हुए, जिन पर तुरंत कार्रवाई की गई। इनमें अप्रैल में 11, मई में 10 और जून में 18 मामले प्राप्त हुए। प्राप्त हुए मामलों में बाल मजदूरी के 7 मामले, बाल भिक्षावृत्ति के 3, बाल विवाह का 1, गुमशुदगी का एक, बाल स्वास्थ्य समस्या के 4 और शेल्टर निवेदन के 5 मामलों समेत बच्चों की सुरक्षा व कल्याण से जुड़े अन्य केस प्राप्त हुए।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमलदीप ने बैठक की कार्यवाही का संचालन किया। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनीता शर्मा,एएसपी संजीव भाटिया, क्रेडिट प्लानिंग अधिकारी संजय सांख्यान, जिला खेल एवं युवा मामले अधिकारी उत्तम डोड, तहसील कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार, सीडब्ल्यूसी चेयरपर्सन मीनाक्षी राणा सहित अन्य सरकारी तथा गैर सरकारी सदस्यों ने बाल संरक्षण और कल्याण के लिए व्यवस्थागत सुधारों को लेकर बहुमूल्य सुझाव दिए।

### सरकार बनी निराश्रितों का संबल

जतिन लाल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के माध्यम से 27 वर्ष की आयु तक अनाथ बच्चों की देखभाल का जिम्मा लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का इस ओर विशेष बल है कि सरकार निराश्रितों का संबल बने। इसके लिए कानून बनाकर प्रदेश के 6000 अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट का दर्जा दिया गया है। अनाथ बच्चों को क्लोथ अलाउंस व त्योहार मनाने के लिए भत्ता प्रदान किया जा रहा है। उनकी उच्च शिक्षा, रहने के खर्च के साथ ही हर महीने 4000 रुपए पॉकेट मनी भी राज्य सरकार की ओर से प्रदान की जा रही है। उनकी स्वास्थ्य देखभाल की जा रही है। बच्चों को नामी स्कूलों में दाखिला दिलाने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही सरकार ने उन्हें आत्मनिर्भर बनाने तथा घर बनाने के लिए 3 बिस्वा भूमि तथा 3 लाख रुपए की आर्थिक सहायता का भी प्रावधान किया है।

# जल्द होगी द्वितीय जेसीसी की बैठक : रजनीश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



कर्मचारी एनजीओ के प्रतिनिधियों की बैठक में मौजूद गणमान्य।

हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला ऊना की संयुक्त सलाहकार समिति (जेसीसी) की द्वितीय बैठक जल्द आयोजित होगी। यह बात मंगलवार को अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला ऊना के प्रधान रजनीश शर्मा ने जिला के विभिन्न अराजपत्रित कर्मचारी एनजीओ के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने कहा कि इस बात का आश्वासन उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने जिला महासंघ के प्रतिनिधियों के साथ एक शिष्टाचार भेंट के दौरान दिया है।

रजनीश शर्मा ने बताया कि इस बैठक का उद्देश्य विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की मांगों को लेकर मांग पत्र तैयार कर जेसीसी की बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कर्मचारियों से अपील की है कि कर्मचारी जिला महासंघ में अपनी मांगों व शिकायतों को सीधे तौर पर जिला एनजीओ को प्रेषित न करवाएं, बल्कि खंड स्तरीय अथवा विभागीय एनजीओ के माध्यम से 15 अगस्त तक प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें ताकि समय पर बैठक का एजेंडा तैयार किया जा सके।

उन्होंने खंड महासंघ प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि जो मांगें खंड स्तर पर अथवा कार्यालय स्तर पर हल हो सकती हैं, उनका निपटारा उसी स्तर पर करने का प्रयास किया जाए और केवल जिला स्तर पर उन्हीं मांगों को रखा जाए जिनका निपटारा खंड या विभाग स्तर पर संभव न हो। इसके अतिरिक्त पिछली बैठक में जिन मांगों पर लिए गए निर्णय पर यदि कोई कार्यवाही न हुई हो, उन्हें भी प्रेषित करें। बैठक में वरिष्ठ उपप्रधान तारा सिंह, महासचिव राजेश कुमार, राज्य प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जिला ऊना के समस्त विकास खंड के प्रधान, सिटी एनजीओ प्रधान भाग सिंह सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## श्रावण अष्टमी मेले के दौरान माता श्री चिंतपूर्णी में लागू रहेगी विशेष व्यवस्था

**अनंत ज्ञान, ऊना।** माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में श्रावण अष्टमी नवरात्र मेले के दौरान लोगों की सुविधा और सुचारु कानून व्यवस्था के लिए 5 से 14 अगस्त तक विशेष व्यवस्था लागू रहेगी। इसे लेकर जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के मुताबिक मेले के दौरान कानून व्यवस्था में तैनात जवानों को छोड़कर किसी भी व्यक्ति द्वारा हथियार लेकर चलने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। नवरात्र के दौरान ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए मंदिर न्यास को छोड़कर अन्यों के लाउड स्पीकर के इस्तेमाल करने पर पूर्ण मनाही रहेगी। मेले के दौरान ब्रास बैंड, ड्रम, लंबे चिमटे इत्यादि के लाने पर भी पूर्ण पाबंदी रहेगी। यदि कोई व्यक्ति इन वस्तुओं को अपने साथ लाता है तो उन्हें पुलिस द्वारा स्थापित बैरियर पर ही जमा करवाना होगा, साथ ही इस दौरान पॉलीथिन के इस्तेमाल पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। पंजीकरण काउंटर पर पर्ची लेना अनिवार्य रहेगा। श्रद्धालु बिना पर्ची माता श्री चिंतपूर्णी जी के दर्शन नहीं कर सकेंगे।

# लोगों को स्वच्छ पेयजल देना सरकार की प्राथमिकता : विक्कू

## कहा-1.36 करोड़ रुपए की पेयजल योजना से बुझेगी नारी पंचायत के 750 घरों की प्यास

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने ब्लॉक बंगाणा की पंचायत नारी में 1 करोड़ 36 लाख रुपए की लागत से उठाऊ पेयजल योजना 'नारी ' का विधिवत लोकार्पण किया। इस पेयजल योजना के शुरू होने से नारी गांव के 750 परिवार लाभान्वित होंगे। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ के प्रत्येक घर को स्वच्छ जल उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है।

विक्कूने कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र में काफी वर्षों से पानी की समस्या विकराल रूप धारण किए हुई थी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के आशीर्वाद से भविष्य में कुटलैहड़ में ऐसी और योजनाएं लाई जाएंगी, जिससे लोगों को पेयजल घर-द्वार पर उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि उठाऊ पेयजल योजना नारी भी पेयजल संकट को दूर करने में मील का पत्थर साबित होगी। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में पानी की सप्लाई को सुचारु रूप देने के लिए एक विशेष रूप से खाका तैयार किया



उठाऊ पेयजल योजना 'नारी' का विधिवत लोकार्पण करते विधायक विवेक शर्मा, साथ हैं अन्य।

जा रहा है। जहां-जहां पेयजल की ज्यादा किल्लत है, प्राथमिकता के आधार पर उन गांवों में पानी उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जाएगा।

जल शक्ति विभाग बंगाणा प्रशासन के साथ हमने बैठक करके पंचायत स्तर पर पानी की समस्या को लेकर जानकारी ली है। हालांकि कुटलैहड़ की कुछ पंचायतों में पानी की सप्लाई सुचारु रूप से है, लेकिन कुछ पंचायतों में पानी की समस्या जस की तस बनी हुई है। हमने विभाग को इस बारे में आदेश जारी किए हैं कि उन पंचायतों को इस समस्या से उबारने के लिए कार्य किया जाए। हालांकि विभाग ने कार्य करना भी शुरू कर दिया है।

इसके उपरांत विधायक विवेक शर्मा ने नारी गांव में जनता की समस्याओं को भी सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के लिए आदेश भी दिए। इस मौके एक्सीयन आईपीएच प्रवीण शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, नारी पंचायत प्रधान राम कुमार, तिलकराज, सुमित शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

### ग्रामीणों ने विधायक का जताया आभार

नारी पंचायत प्रधान राम कुमार व ग्रामीणों ने कहा कि हर चुनाव में नारी पंचायत में बोट बैंक की राजनीति की गई। पेयजल संकट से उबारने के मुंगेरी लाल के सपने दिखाए गए, लेकिन आज दिन तक किसी ने भी इस समस्या का निराकरण नहीं किया। उन्होंने कहा कि पंचायत नारी के ग्रामीण विधायक विवेक शर्मा के आभारी हैं, जिन्होंने महज अपने थोड़े से कार्यकाल में इस पंचायत को पेयजल संकट से उबार दिया है। ग्रामीण हमेशा इनके आभारी रहेंगे।

**सूडोकु 0012** ★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 0011 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

31 जुलाई, 2024, बुधवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** आषाढ़, **तिथि** एकादशी: (3:57) : **नक्षत्र :** रोहिणी (10:13), **पक्ष :** कृष्ण, **योग:** ध्रुव (02:12) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:27 - 02:08)।

**विशेष दिन**

- 31 जुलाई : कामिका एकादशी आज।
- 31 जुलाई : जैन समाज मनाएगा रोहिणी व्रत

**मेष:** आज आपके कार्य में बाधाएं आ सकती हैं, पर उपाय करके घर से निकलें तो लाभ होगा। विद्यार्थियों को लाभ प्राप्त होगा।

**वृषभ:** वाद-विवाद में न पड़ें अन्यथा विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**मिथुन:** पूरा दिन मंगलमय बीतेगा। मेहनत के अनुपात में शुभ लाभ अवश्य प्राप्त होगा। पराक्रम में वृद्धि होगी और आज आपका मनोबल बढ़ेगा।

**कर्क:** आज धन प्राप्ति के विशेष योग बन रहे हैं। आज किसी को उधार न दें, परिवार के सदस्यों से मेलजोल बढ़ाना लाभकारी रहेगा।

**सिंह:** आज पुरानी समस्याओं का अंत होगा। नए कार्य का आयोजन सफलतापूर्वक कर सकेंगे। आपके अधूरे कार्य पूर्ण होंगे। सरकारी लाभ मिलेगा।

**कन्या:** अत्यधिक खर्च से बचें। कार्यों में बाधाएं, व्यर्थ की यात्रा भी हो सकती है, सोच-समझकर ही कार्य-व्यवहार करें। पेट संबंधी रोग से परेशान हो सकते हैं।

**तुला:** आज विशेष लाभ मिलेगा, जिससे बिजनेस संबंधित कार्य पूर्ण होंगे। निवेश में लाभ होगा। वाणी की मधुरता से आप लोकप्रियता प्राप्त करेंगे।

**वृश्चिक:** पूरे दिन कार्य की व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान और यश में वृद्धि होगी। सफलता एवं नई योजना भरा दिन आपको मिलेगा।

**धनु :** भाग्य आज आपका साथ देगा और सुख एवं शांति का वातावरण बना रहेगा। आज आपके विरोधी परास्त होंगे।

**मकर:** आज कहीं भी जाएं सतर्क रहें, वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं। जरा सी लापरवाही आपको नुकसान पहुंचा सकती है।

**कुंभ:** प्रिय व्यक्ति का साथ मिलेगा। अगर कोई नया कार्य या रोजगार आदि शुरू करने की सोच रहे हैं तो अवश्य करें।

**मीन:** अचानक कोई शुभ समाचार या रुका हुआ धन प्राप्त होगा। विदेश से शुभ समाचार मिलेगा। धार्मिक कार्यों के प्रति आकर्षित रहेंगे।

**अभियान** स्वच्छ पर्यावरण के लिए हर नागरिक करे ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण : विवेक शर्मा

# विधायक ने पौधरोपण कर 75वें वन महोत्सव का किया शुभारंभ

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

राज्य में पर्यावरण को स्वच्छ रखने और क्लीन हिमाचल ग्रीन हिमाचल के सपने को साकार करने के लिए हर नागरिक को पौधरोपण करना होगा और जो पौधे लगाए हैं, उनकी देखभाल करें और खासकर आग से उन्हें बचाएं, ताकि हमें स्वच्छ और शुद्ध वातावरण मिले।

उपमंडल बंगाणा के वन विभाग द्वारा 75वें वन महोत्सव पर पौध रोपण कार्यक्रम में पहुंचे बतौर मुख्यातिथि कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने ईको पार्क बंगाणा में पौधरोपण करने के बाद संबोधन में कहे। विधायक विवेक ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इस बार 75वें वन महोत्सव पर सरकारी एवं निजी भूमि पर पौधरोपण करने के लिए एक निर्धारित लक्ष्य रखा है।

हर सरकारी एवं निजी भूमि पर अधिक से अधिक पौधरोपण करने के आदेश वन विभाग को दिए हैं। विवेक शर्मा ने कहा कि अगर स्वच्छ



बंगाणा के ईको पार्क में पौधरोपण से पूर्व पूजा-अर्चना करते विधायक विवेक व अन्य।

वातावरण की इच्छा रखते हैं तो पौधरोपण करने के बाद उसे जीवित रखना और जवान करने का संकल्प भी लेना होगा, ताकि भूमि पर अधिक से अधिक ग्रीनिंग हो सके।

शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ की हर पंचायत हर वार्ड स्तर तक हमने 75वे वन महोत्सव पर पौधरोपण करने का लक्ष्य रखा है और कुटलैहड़ की जिस पंचायत की सरकारी भूमि पर पौधरोपण होगा, उस पंचायत के प्रतिनिधि और वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मिलकर उन पौधों को देखभाल करेंगे, ताकि पर्यावरण को और ज्यादा स्वच्छ बनाया जा सके।

विवेक शर्मा ने कहा कि हमने वन विभाग को आदेश भी दिए हैं कि सरकारी और निजी भूमि पर फलदार, घासदार और दवाईदार पौधों की संख्या ज्यादा हो। इससे घासदार पौधों की गांववासी ज्यादा रखवाली करके अपने पशुओं के लिए बेहतर हरा घास ला सके। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के समय हर व्यक्ति को ऑक्सीजन के बारे में विधान से जानकारी मिली है, लेकिन फिर भी गर्मियों में लोग सरकारी जंगलों को आग की भेंट चढ़ा रहे है। शर्मा ने कहा कि आइए हम सभी मिलकर इस बार वन महोत्सव को एक लक्ष्य के तहत मनाएं और ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करें।

वहीं, कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्य तिथि विधायक विवेक शर्मा के रेंज ऑफिसर बंगाणा अंकुश आनंद की अध्यक्षता में जोरदार स्वागत किया गया और वेद मंत्री के साथ ईको पार्क बंगाणा में मुख्य तिथि विवेक शर्मा से 75वें वन महोत्सव का विधिवत शुभारंभ करवाया गया। इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी नागरिक बंगाणा सोनू गोयल, तहसीलदार अमित कुमार, रेंज आफिसर अंकुश आनंद ,कांग्रेस नेता देशराज मौदगिल, कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, बीडीसी सदस्य जोगेंद्र देव आर्य एवं अन्य कर्मचारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### वन विभाग और पंचायत प्रतिनिधि मिलकर करेंगे जागरूक

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी और पंचायत प्रतिनिधि मिलकर कुटलैहड़ विस क्षेत्र में जनता को पौधरोपण के लिए जागरूक करके पौधरोपण करवाएंगे, ताकि हिमाचल प्रदेश में कुटलैहड़ विस क्षेत्र पौधरोपण में सबसे आगे हो। विवेक शर्मा ने कहा कि पौधरोपण करना और उनकी देखभाल रखना हम सभी का दायित्व है और अगर धरती पर क्लीन और ग्रीन के नारे को सार्थक करना है तो कुटलैहड़ के हर नागरिक को ज्यादा ज्यादा पौधरोपण करना होगा। विवेक शर्मा ने कहा कि आइए एक संकल्प के तहत इस बार वन महोत्सव को एक दीपावली जैसा त्योहार बनाकर कुटलैहड़ विस क्षेत्र में पौधा रोपण की संख्या को लाखो तक पहुंचाए और संकल्प के तहत लगाए गए पौधो को परिवार्रिक सदस्य बनाकर उनकी देखभाल करें।

साधारण सुखों में संतुष्टि पाएं और भौतिक संपत्ति की अंतहीन दौड़ से बचें। -दलाई लामा

## संपादकीय

# पंचायतों में परिवार रजिस्टर ऑनलाइन

हिमाचल प्रदेश में ऑनलाइन परिवार रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया लागू हो चुकी है। परिवार रजिस्टर में दर्ज नामों को ऑनलाइन अपलोड करने की ऑनलाइन प्रक्रिया कुछ समय पहले शुरू की गई थी, जिसका लोगों को भरपूर लाभ मिल रहा है। लोग अब घर बैठे पंचायतों में परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज करवा रहे हैं तथा नाम कटवा रहे हैं तथा इसके अलावा किसी भी प्रकार की करेक्शन हो तो वो भी ऑनलाइन ही हो जा रही है। इसके लिए लोगों को ऑनलाइन दस्तावेज अपलोड करने पड़ते हैं। प्रदेश की सुक्खू सरकार ने इससे पहले राजस्व विभाग का सारा रिकॉर्ड ऑनलाइन किया था। राजस्व विभाग में मिली अपार सफलता के बाद अब पंचायतों में भी ऑनलाइन प्रक्रिया जारी है। हिमाचल प्रदेश की सभी पंचायतों में पंचायत गठन से ही पंचायत क्षेत्र के लोगों का नाम मैनुअल आधार पर परिवार रजिस्टर में दर्ज किया जाता रहा है।

प्रदेश की मौजूदा कांग्रेस सरकार के इस अहम फैसले से हर वर्ग लाभान्वित होगा। अब पंचायतीराज विभाग में मैनुअल आधार पर नाम दर्ज करने की प्रक्रिया पूरी तरह से बंद कर दी गई है। हिमाचल प्रदेश की करीब 90 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। राज्य सरकार इन्हें शहरों की तरह हर मूलभूत सुविधा उपलब्ध करवाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। सरकार के कार्यक्रमों एवं योजनाओं का लाभ शहरों के साथ गांवों के दूरदराज क्षेत्र के लोगों तक पहुंचाने की कोशिश हो रही है। इसी कड़ी में हिमाचल प्रदेश सरकार ने ऑनलाइन परिवार रजिस्टर मॉड्यूल, ऑनलाइन प्रोसिडिंग रजिस्टर मोबाइल एप्लीकेशन और लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम की भी शुरुआत की है। परिवार रजिस्ट्रेशन के लिए ऑनलाइन सुविधा मिलने से आम लोगों को फायदा मिलेगा। ऑनलाइन प्रक्रिया से काम भी तेजी से हो सकेगा। इससे पहले लोगों को खुद भाग-दौड़ कर परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब ऑनलाइन प्रक्रिया के शुरू होने से लोगों का काम आसान हो जाएगा। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन से लोगों को घर बैठे ही रजिस्ट्रेशन करने की सुविधा मिलेगी, जिससे उनका समय और पैसा बचेगा। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में पारदर्शिता होगी, जिससे लोगों को पता चलेगा कि उनका रजिस्ट्रेशन कब और कैसे हुआ है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन से लोगों को तेजी से सेवाएं मिलेंगी, जैसे कि सरकारी योजनाओं का लाभ, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा सेवाएं आदि।


ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में डाटा सुरक्षा रहेगा, जिससे लोगों की व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रहेगी। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन से सरकार को आंकड़ों का विश्लेषण करने में मदद मिलेगी, जिससे वह बेहतर नीतियां बना सकेगी। सबसे बड़ी बात यह होगी कि लोगों का समय और पैसा बचेगा, जो पहले रजिस्ट्रेशन के लिए खर्च होता था। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन से लोगों को सहूलियत होगी, जैसे कि वे अपने परिवार के सदस्यों को आसानी से जोड़ या हटा सकेंगे। हिमाचल प्रदेश में पंचायतीराज व्यवस्था की स्थापना 1954 में हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1952 के प्रावधानों के तहत की गई थी। इस प्रणाली के तहत राज्य में 280 ग्राम पंचायतें थीं, जो 1954 में 466 और 1962 में 638 हो गईं। इसके बाद पंचायतों की संख्या निरंतर बढ़ती गई। हिमाचल में वर्तमान में कुल 3615 ग्राम पंचायतें हैं। इनमें से कांगड़ा में 814, मंडी में 559, शिमला में 412, चंबा में 309, सिरमौर में 259, हमीरपुर में 248, ऊना में 245, सोलन में 240, कुल्लू में 235, बिलासपुर में 176, किन्नौर में 73 और लाहौल-स्पीति में 45 हैं। राज्य में कुल ब्लॉकों की संख्या 88 है।

पंचायतीराज प्रणाली ने ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा दिया है, जिसमें सड़कों, स्कूलों और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे बुनियादी ढांचे का निर्माण शामिल है। स्थानीय स्तर पर स्वायत्तता प्रदान की है, जिससे ग्रामीणों को अपने क्षेत्र के विकास में भाग लेने का अवसर मिलता है। पंचायतीराज प्रणाली ने लोकतांत्रिक प्रशासन को बढ़ावा दिया है, जिसमें ग्रामीणों को अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करने और अपने क्षेत्र के विकास में भाग लेने का अवसर मिलता है। यही नहीं, सामाजिक न्याय को भी बढ़ावा दिया है, जिसमें महिलाओं और कमजोर वर्गों को उनके अधिकारों की रक्षा करने और अपने क्षेत्र के विकास में भाग लेने का अवसर मिलता है। कुल मिलाकर हिमाचल का पंचायतीराज ढांचा दिन-ब-दिन सुदृढ़ होता जा रहा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि भविष्य में हिमाचल पंयायतों का अथाह विकास करवाकर पूरे देश में अपनी चमक बिखेरेगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के प्रसिद्ध विद्वान

**दामोदर** धर्मानंद कोसांबी भारत के प्रसिद्ध विद्वान, भाषा-वैज्ञानिक और गणितज्ञ थे। गणित के अतिरिक्त भारत के इतिहास और संस्कृति में भी इनका अतुलनीय योगदान रहा है। दामोदर धर्मानंद जी ने सोलह वर्षों तक 'टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च' में अपनी सेवाएं दी थीं। इन्होंने कुछ ग्रंथ भी लिखे थे, जो बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। दामोदर धर्मानंद कोसांबी का जन्म गोवा में हुआ था। इनके पिता बौद्ध धर्म के प्रकांड विद्वान थे और आसपास के क्षेत्र में बहुत प्रसिद्ध थे। गणित के अतिरिक्त दामोदर धर्मानंद का उल्लेखनीय योगदान प्राचीन भारतीय इतिहास और संस्कृति के क्षेत्र में भी रहा। 1951 में दामोदर धर्मानंद कोसांबी ने उर्वशी-पुरुरवा प्रसंग से संबंधित 18 ऋग्वैदिक ऋचाओं को रोमन लिपि में प्रकाशित किया और साथ में सरसरी टिप्पणी के साथ इनका शब्दानुवाद भी दिया। ठीक यहीं से शुरू हुई उनकी खोज का नतीजा था इसके दस साल बाद आई उनकी कालजयी कृति 'मिथ ऐंड रियलिटी' का दूसरा अध्याय 'उर्वशी ऐंड पुरुरवस'। एक ऐसे विद्वान् हुए हैं-दामोदर धर्मानंद कोसांबी, जो आधुनिक भारत में इतिहास शास्त्र के जनक माने जाते हैं। ■



**दामोदर धर्मानंद कोसांबी**
**जन्म :** 31 जुलाई, 1907
**मृत्यु :** 29 जून, 1966

## अपनी बात



**हिमाचल** में वन भूमि पर अवैध कब्जे अब नियमित नहीं किए जा सकेंगे। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार वन भूमि पर अवैध कब्जों को नियमित करने की शक्ति नहीं रखती। हाईकोर्ट की इस सख्ती के कई मायने हैं। दरअसल, हिमाचल में पर्यावरण का स्तर पिछले कुछ सालों से गिरता चला जा रहा है। इस वजह से मौसम चक्र में भी बदलाव आए हैं। हाईकोर्ट के इस फैसले का असर कब्जाधारियों पर पड़ना निश्चित है। कोर्ट के आदेश के बाद, वन भूमि पर कब्जाधारियों को अपनी जमीन की किस्म बताने के आदेश जारी किए गए हैं इससे उन लोगों पर असर पड़ेगा जिन्होंने वन भूमि पर अवैध कब्जा किया हुआ है। ऐसे में उन्हें अपनी जमीन छोड़नी पड़ सकती है। इस फैसले से वन भूमि का संरक्षण होगा और अवैध कब्जों पर निश्चित रूप से रोक लगेगी। हिमाचल प्रदेश के वन क्षेत्रों की सुरक्षा होगी और वन्य जीवन को बचाया जा सकेगा। राजनीतिक और सामाजिक असर भी पड़ेगा। इससे उन लोगों पर असर पड़ेगा जो वन भूमि पर कब्जा करने के लिए राजनीतिक और सामाजिक दबाव डालते थे। उन लोगों पर आर्थिक असर पड़ेगा जो वन भूमि पर कब्जा करके सेब बागीचे और अन्य फसलें उगाते थे।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# सामर्थ्य से मिलेगी महिलाओं के कार्यबल को गति

'विकसित भारत' के सपने को साकार करने हेतु हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होना अति आवश्यक है और इसी के अंतर्गत बढ़ते समय के साथ-साथ महिलाओं का सशक्त होना, एक महत्वपूर्ण विषय भी है। महिलाओं के सशक्तिकरण के संदर्भ में देश व प्रदेश सरकार द्वारा कई योजनाओं को व्यवहार में लाए जाने के कारण आज महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सक्षम बनाने में काफी हद तक सफलता प्राप्त हई है, परंतु इसके अर्थ में यदि हम यह मान लें कि हमारे देश की महिलाएं अब पूर्ण रूप से सशक्त बन चुकी हैं तो यह सही नहीं होगा।

आज भी महिला सशक्तीकरण यथावत एक संवेदनशील विषय बना हुआ है। इसी कड़ी में, बीते 23 जुलाई 2024 को भारत देश का केंद्रीय बजट, माननीय केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया। जिसमें 'विकसित भारत' को मद्देनजर रखते हुए, महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देना, इस बजट की प्राथमिकता रही। प्राथमिकता में न केवल महिलाओं के अधिकारों की प्राप्ति बल्कि महिलाओं के कार्यबल को गति प्रदान करने पर पुरजोर दिया गया है।

कार्यबल के प्रति विश्व बैंक के अनुसार देश में महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी तकरीबन 37 प्रतिशत है और यदि इसी कार्यबल की भागीदारी को 50 प्रतिशत तक पहुंचाया जाए, तो देश की सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी की सालाना वृद्धि दर अतिरिक्त 1.5 प्रतिशत बढ़ने की संभावित राह आसान हो जाएगी। गणना के अनुसार तो यह देखने और कहने में बहुत आसान सा प्रतीत होता है, परंतु क्या महिलाओं के कार्यबल को गति इतनी सरलता से प्रदान की जा सकेगी, नामुमकिन तो नहीं, लेकिन आसान भी नहीं। इसके लिए केंद्रीय बजट में वर्ष 2024-25 के लिए तकरीबन 2517 करोड़ रुपए, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत मिशन शक्ति के 'सामर्थ्य' योजना के लिए आबंटित किए गए हैं।



**लेखक : शिवालिक अवस्थी**
शीला चौक, धर्मशाला

इसमें सखी निवास (वर्किंग वुमन होस्टल), पालना (क्रेच) आदि को प्रमुखता से शामिल किया गया है और इसी क्रम में सरकार द्वारा, वर्किंग वुमन होस्टल और क्रेच जैसी योजनाएं देश व प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े स्तर पर क्रियान्वित की जानी हैं, परंतु जब तक एक समाज सुधारक के रूप में हम व्यक्तिगत तौर पर महिलाओं के अधिकारों के प्रति आवाज उठाने में विफल रहेंगे, तब तक विकसित भारत के नए शिखर को हम खड़ा भी नहीं कर सकेंगे। क्योंकि एक ओर जहां आज भी महिलाओं की सहभागिता उन्नत देश के संदर्भ से हर क्षेत्र में अपेक्षित है, वहीं दूसरी ओर कुछ एक बिंदुओं को आधार बनाकर कई महिलाएं अपने बढ़ते कदमों को पीछे हटा लेती हैं या उन्हें अपने कदमों को पीछे हटाने पर मजबूर किया जाता है और इन्हीं कुछ एक बिंदुओं को यदि हमारा समाज दृढ़तापूर्वक समाधान की ओर लेकर जाए तो हमारे समाज के साथ-साथ हमारे देश को बहुत जल्द विकसित भारत का शिखर हासिल हो सकता है। सामाजिक दृष्टिकोण से अमूमन जिन प्रमुख बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करके महिलाओं को कार्यक्षेत्रों से दूर रखा जाता है, वे मुख्यत:,कार्यस्थल का घर से दूर होना, यातायात साधनों की कमी, असुरक्षित माहौल, पारिवारिक जिम्मेदारियां आदि, हालांकि इन बिंदुओं पर यदि हम गौर करें तो यह महिलाओं के कार्यबल को बढ़ाने में किसी भी तरह के स्थायी अवरोधक नहीं हैं।

बात करें कार्यस्थल का घर से दूर होना या सुरक्षित वातावरण की, तो महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा वर्किंग वुमन होस्टल्स के संचालन से इस समस्या का काफी हद तक निवारण किया जाना संभव है। जिसके अंतर्गत कामकाजी महिलाओं को रहने के लिए एक सुरक्षित वातावरण मुहैया करवाना आदि व्यवस्थाएं शामिल हैं। ऐसे कई वर्किंग वुमन होस्टल्स हैं जिन्हें देश अथवा प्रदेश सरकार द्वारा समुचित ढंग से चलाया जा रहा है और भविष्य में भी देश व प्रदेश के हर छोटे-बड़े शहर जहां रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं, वर्किंग वुमन होस्टल्स का संचालन सरकार द्वारा किया जाएगा, इसकी सभी को उम्मीद है। वर्किंग वुमन होस्टल्स के संचालन से जहां एक ओर महिलाएं खुद को मानसिक स्तर पर प्रबल महसूस करेंगी वहीं, विभिन्न क्षेत्रों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर कार्यबल को गति प्रदान करने में गर्व महसूस करेंगी।

इसके अलावा, अन्य पहलू की यदि बात की जाए तो पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण ज्यादातर महिलाएं तनाव में आकर अपनी नौकरी तक छोड़ने को मजबूर हो जाती हैं, जिसमें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है शिशु की देखभाल! शिशु को जन्म देने उपरांत एक ओर जहां मां की शारीरिक ऊर्जा स्वत: ही कमजोर हो जाती है, जो ठीक होने में पर्याप्त समय लेती है, तो वहीं दूसरी ओर कुछ समय बाद, शिशु की देखभाल और कार्यक्षेत्र की अनिवार्यता, दोनों के प्रति पनपते विचारों के बवंडर से महिलाओं की मानसिक स्थिति भी डोलने लगती है। जिसके परिणामस्वरूप, मझदार में पड़कर, अक्सर वह अपनी नौकरी भी गंवाने से परहेज नहीं करती और आजकल के इस दौर में जहां न्यूक्लियर फैमिली यानी एकल परिवार जैसी अवधारणाएं सिरे चढ़ रही हैं, (हालांकि प्रचलन की देखादेखी में इसका समर्थन करना उचित नहीं है, जबकि रोजगार संबंधी ऐसी कई परिस्थितयां सामने आकर खड़ी हो जाती है जहां आमूमन ऐसे कदम उठाने पड़ जाते हैं) ऐसी स्थिति में शिशु की देखभाल तो हर किसी के लिए स्वत: ही चुनौतीपूर्ण विषय बन जाता है और इसी अवरोधक को दूर करने के लिए मंत्रालय, बड़े स्तर पर क्रेचेस स्थापित करने जा रहा है, जिसमें अनुमानित 90 हजार से एक लाख आंगनबाड़ी केंद्रों को क्रेचेस के साथ जोड़ने अथवा सुविधा प्रदान करवाई जाने की बात कही गई है।

इसके चलते जहां एक ओर महिला कर्मियों को मानसिक तनाव से काफी हद तक आराम मिलेगा, वहीं दूसरी ओर विविध प्रकार के कार्यक्षेत्रों में महिलाओं के कार्यबल में भी वृद्धि देखने को मिलेगी। मजबूत समाज ही मजबूत देश का आधार होता है, इसलिए समाज में पनप रहीं कुरीतियों को मिटाने के लिए हर किसी को समाज और देश का सच्चा सेवक बनना बेहद जरूरी है। जिसके प्रभावस्वरूप अधिकाधिक महिलाएं समाज के हर कोने से निकल कर आगे आएं और देश की उन्नति के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करके कार्यबल की गति को तेजी से बढ़ाएं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# कोचिंग संस्थानों में बच्चों की मौत का जिम्मेदार कौन?

जहां देश का भविष्य आज की युवा पीढ़ी के हाथ में है वहीं छात्र-छात्राओं के साथ हो रहे अन्याय पर प्रशासन से लेकर सरकार तक सभी ने केवल चुपी साध रखी है। 27 जून को देश की राजधानी दिल्ली में एक कोचिंग संस्थान में पानी घुसने के कारण तीन बच्चों की जान चली गई।

बता दें कि दिल्ली में आधे से ज्यादा कोचिंग संस्थान आवेद निर्माण के अंतर्गत आते हैं। बच्चों की कक्षाएं , लाइब्रेरी, रहने के लिए पीजी कमरे सब अंडरग्राउंड बेसमेंट में बना हुआ है। यहां दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि दिल्ली में राज्य सरकार, केंद्र सरकार , पुलिस , एमसीडी सब होने के बावजूद दिल्ली में कानून की धज्जियां काफी वर्षों से उड़ाई जा रही है। कहना गलत नहीं होगा कि आज दिल्ली दो भागों में बंटी हुई है, एक बाग वो है जहां बड़े-बड़े अधिकारी बैठते हैं और एक भाग वो जहां दिल्ली की आम जनता रहती है।



**लेखक : आशीष शर्मा**
पत्रकार, गोंदपुर बनेहड़ा (ऊना)

जहां सरकार और बड़े अधिकारी बैठक करते हैं वहां कभी पानी, बिजली की समस्या सामने नहीं है और जहां आम जनता रहती है वहां से यह समस्या कभी खत्म नहीं होती। यह होना असंभव है कि दिल्ली जैसे राज्य में कोई व्यक्ति आवेद निर्माण करे और क्षेत्र की पुलिस, प्रशासन एवम सरकार को इस बारे में कुछ भी पता न लगे। तो क्या यह कहना गलत नहीं होगा कि बड़े-बड़े कोचिंग संस्थान बड़े-बड़े बैग भरकर पुलिस, प्रशासन और सरकार को देती है कि यह सब उन संस्थानों पर कोई प्रतिक्रिया न ले।

आज हाल यह है कि प्रशासन और सरकार दोनों ने चुपी साध रखी है और यह चुपी केवल भारत को नई ऊंचाइयों को छूने से रोक रही है, काबिलेगौर करने की बात है, पढ़ने आए छात्रों के अनुसार उनसे एक कमरे के लिए 25000 से 30000 जैसी रकम ली जाती है। वही बात अगर कोचिंग की हो तो कोचिंग संस्थानों की फीस भी एक लाख रुपए से शुरू होकर 3 लाख रुपए तक बच्चों से ली जाती है। कहना गलत नहीं होगा कि कोचिंग संस्थानों द्वारा शिक्षा को मात्र एक पैसे कमाने का जरिया बना दिया गया जो कि बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है। इस विषय पर सरकार को एवं प्रशासन को जल्द से जल्द कार्यवाही कर अवैध निर्माण में आने वाले कोचिंग संस्थानों को तत्काल प्रभाव से बंद करवा देना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

## आओ अ आ बोलें



राजेंद्र पालमपुरी
वरिष्ठ साहित्कार

*अ से पहले अम्मा बोलो*
*आ से बोलो आप ।*
*इ आई अब इसपर कहिए*
*ईश हैं मां और बाप ।।*
*उ आया तो उल्लू कहना ,*
*ऊ आए तो ऊन ।*
*ए से होता एक रंग में ,*
*हर मानव का खून ।।*
*ऐ से बनती ऐनक है और ,*
*ओ से बनता ओर ।*
*औ आए फिर औरत पर ,*
*कहें कहानी और ।।*
*अं नाक से कहना सीखो ,*
*अ: से सुख और दु:ख।*
*क कहता है जीवन से,*
*कभी न मोड़ो मुख।।*

# किसानों की उम्मीदों पर कीड़े कर रहे मार, हो रहा नुकसान

मक्की फसल को आजकल अजीब किस्म का कीड़ा चट करता जा रहा है। कृषि विभाग के अधिकारी गांवों में जाकर किसानों को इस समस्या से निपटने के उपाए बता रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों से मक्की फसल पर कीड़ों की आमद क्यों बड़ी शोध का विषय है। कुल मिलाकर हिमाचल प्रदेश के कृषि विभाग ने कमर कस ली है। मौसम विभाग अनुसार जारी पूर्वानुमान लगभग गलत साबित, जिसके चलते हिमाचल प्रदेश के किसानों, बागवानों की चिंताएं बढ़ी हैं। मक्की फसल को पर्याप्त बारिश न मिलने कारण वह सूखने की कगार पर है। किसान धान की फसल उगाने के लिए दिन-प्रतिदिन लेट लतीफी के चलते बेहद परेशान हैं। नलकूपों के सहारे धान की फसल उगाना भी किसी जोखिम से कम नहीं है।

फसलों की बीजाई के लिए सर्वप्रथम आसमान से मेघ बरसना बहुत जरूरी है। हिमाचल प्रदेश में इस बार प्रचंड गर्मी के चलते आम जनमानस बेहद चिंतित है। आज हालात ऐसे बन चुके हैं कि लोगों को 24 घंटे उमस भरी चिपचिपी गर्मी का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। आम का सीजन पीक पर चल रहा और बरसात का अभी तक कोई आसार नजर नहीं आता है। कुल मिलाकर इस बार मानसून कमजोर पड़ती दिखाई दे रही, जिसके चलते जनता को कई समस्याओं से जुझना पड़ सकता है। जल स्रोत सूखने की कगार पर और पानी समस्या को लेकर भी त्राहिमाम मचा है। किसानों, बागवानों की आशाओं पर प्रत्येक वर्ष पानी फिरता जा रहा, जो उन्हें खेतीबाड़ी किए जाने से बेमुख कर रहा है। किसान फसल की बीजाई पर जितना खर्चा कर रहा, ठीक उतनी उपज नहीं निकल पा रही है। गत वर्ष मक्की फसल को अजीव किस्म का कीड़ा चट कर गया था। मक्की के पौधों की जड़ों में कीड़ा लगने से हिमाचल प्रदेश का अधिकतर किसान वर्ग आहत थे। कृषि विभाग भी मक्की फसल को लगे इस कीड़े को लेकर चिंतित रहा। हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से किसानों, बागवानों की फसलों को अधिक नुकसान पहुंचता है।



**लेखक : सुखदेव सिंह**
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

सब्जियों के दाम भी आसमान छू रहे हैं। गत वर्षों में लगातार बारिश पड़ने के कारण खासकर आमों के अंदर कीड़ा लगकर बागवानों की आशाओं पर पानी फेरकर चला गया था। बरसाती मौसम में जमीन के अंदर से कई जीव-जंतु बाहर निकलकर आम जनमानस के लिए परेशानी का सबब बन जाते हैं। पिछली बरसात में कीड़े मक्की की टहनियों को चट करते रहे थे। कृषि विभाग इस कीड़े को नष्ट करके किसानों को राहत पहुंचाने में सफल नहीं हुआ था। किसानों ने अपनी जेब से महंगी दवाइयों और स्प्रे खरीदकर उसका छिड़काव मक्की फसल पर उसे बचाने के लिए किया था। कीड़े मक्की पौधों की जड़ों को काटकर किसानों की मेहनत पर पानी फेर रहे थे। किसान हमेशा ही कभी फसल बीमा योजना ठगी, तो कभी प्राकृतिक आपदाओं की मार से जुझता ही रहा है। आजकल के दौर में खातीबाड़ी किया जाना बहुत ही खर्चीली बनती जा रही है।

कुल मिलाकर कहा जाए तो किसान खेतीबाड़ी पर जितना खर्चा कर रहा, उतनी उपज नहीं निकल पा रही है। हिमाचल प्रदेश के किसानों की अपनी अलग ही किस्म की समस्याएं हैं। जंगली जानवर, सुअर, बंदर अक्सर फसलों को तहस-नहस करके किसानों की आशाओं पर पानी फेरकर चले जाते हैं। ठीक यही वजह है कि हिमाचल प्रदेश के कुछेक इलाकों में किसानों ने जंगली जानवरों की वजह से खेतीबाड़ी किए जाने से अपना मन फेर लिया है।

एक तो मौसम की बेरुखी ऊपर से मक्की फसल में इस तरह कीड़ा लगना, किसानों की आशाओं पर भारी रहा था। कृषि विभाग के अधिकारी गांवों में जाकर मक्की फसल में लगे कीड़ों की जांच करके किसानों को इससे छुटकारा पाए जाने के उन्हें कई टिप्स भी दिए। मगर ऐसा लगता था कि आने वाले वर्षों में ऐसे मामले और अधिक भी बढ़ सकते हैं, यह बात अभी सच साबित हो रही है। मक्की फसल में इस तरह कीड़ा लगने के पीछे कई कारण हो सकते हैं। समय पर बारिश न होने की वजह से पर्यावरण अक्सर शुष्क रहता आ रहा है। मक्की की टहनियां जो कि गुच्छे की तरह बनी होती उनमें पर्याप्त नमी न पहुंचने के कारण भी उक्त कीड़े तैयार हो सकते हैं। यही नहीं खेतों में आंखें बंद करके अत्यधिक उर्वरक और कीटनाशक स्प्रे किए जाने की वजह से जमीनें बंजर बन रही और उनमें उपजाऊ शक्ति कम होती जा रही है।

बेलों से हल द्वारा खेतों की बुवाई किए जाने से जमीन की परतों को हवा लग जाती थी। किसान अक्सर खेतों को खुला छोड़ने तदोपरांत ही उसमें बीज डालते थे। आज के दौर में अधिकतर किसान ट्रैक्टर से खेतों की बुवाई करवा रहे, जिसकी वजह से जमीन की परतों को हवा नहीं लग रही है। यही नहीं, अब खेतों को मामूली बुवाई करके उन्हें खुला छोड़ने का समय किसानों के पास नहीं रहा है। किसान जल्दबाजी में खेतों में बीज डालकर ट्रैक्टर से उसकी जुताई करवा रहा है।

जमीन की जुताई पहले की भांति ठीक न होने की वजह से जमीन के अंदर नमी खत्म हो रही और उक्त कीड़े तैयार हो रहे, इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। बरसात के दिनों में अक्सर कीड़े, मकोड़े जमीन के अंदर से बाहर निकल आते हैं। बाहर अत्यधिक गर्मी होने की वजह से भी वह अक्सर ठंडी जगहों की तरफ भागते हैं। सरकारें किसानों को अपनी फसलों का बीमा किए जाने की हिदायत देती हैं। अधिकतर किसान अपनी फसलों का बीमा भी करवा लेते हैं। सच बात तो यह है कि प्राकृतिक आपदा की भेंट चढ़ी कितने किसानों को सफल बीमा योजना का लाभ मिल पाता आज बड़ा सवाल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिमाचल प्रदेश को अपना दूसरा घर बताते हैं। गत वर्ष प्रधानमंत्री के दूसरे घर में प्राकृतिक आपदा आने पर उन्हें अवश्य प्रदेश सरकार की आर्थिक मदद करके हिमाचली होने का सबूत देना चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अगर हिमाचली जीवन चाहते हैं तो पर्यावरण से मत उलझें

पिछले कई वर्षों से हिमाचल में विकास के नाम पर जो वास्तविक हिमाचल की सुंदरता को नष्ट किया जा रहा है उसका संज्ञान देवभूमि के श्री देवता भी ले चुके हैं, परंतु 'मैं न मानूं' की घटिया प्रवृत्ति और भविष्य के घातक परिणाम के प्रति बेखबर हिमाचली लोग खुद ही अंधाधुंध जंगलों को सड़क निर्माण की आड़ में तबाह करवा रहे हैं। राजनीतिज्ञों को मतपत्रों की चाहत और हिमाचली जनता की 'प्रकृति के विरुद्ध महत्वकांक्षा' तथा 'सड़कों की आड़' में प्राकृतिक संसाधनों का बहुत बुरी तरह से दोहन हो रहा है। राजनीतिज्ञों और हिमाचली लोगों की यह नकारात्मक सोच तथा इस प्रकार हिमाचल के पर्यटन को बढ़ावा देने वाले और पानी के स्रोतों को सुरक्षित रखने वाले जंगलों का, सड़कों के विकास के नाम पर 80 प्रतिशत करीब करीब समाप्त कर दिया है।

वर्तमान हिमाचली लोग यह नहीं जानते कि इस प्रकार जंगल को काट-काट कर समाप्त करने से वह हिमाचल को एक इमारतों का खंडहर ही नहीं बना रहे हैं, बल्कि अपनी आने वाली पीढ़ी को भी समाप्त कर रहे हैं जिसके आने वाले समय में गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। विकास जब अपनी सीमा लांघ जाता है तो विनाश हर हालत में निश्चित है और संपूर्ण हिमाचल में सभी लोग अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए अपने राजनीतिज्ञों के कुर्सी बचाओ अभियान के अंतर्गत यह सीमा लांघ चुके हैं इसीलिए ही श्री माता हिडिंबा जी ने इसकी चेतावनी दे दी है, लेकिन इसके बाद भी लोग मनमानी पर तुले हैं।

यहां हिमाचल के मूल निवासी इस सत्य को अच्छी तरह जानते हैं कि भारत के अन्य शहरों के लोग हिमाचल में इसलिए आते हैं ताकि हरे-भरे जंगलों में से आ रही शुद्ध ऑक्सीजन भरी हवा में सांस लेकर शहरों में प्रदूषण भरे वातावरण के जरिए उत्पन्न अशुद्धता को दूर करके स्वास्थ्य लाभ पा सकें, लेकिन जब हिमाचल का पर्यावरण अपनी पहचान ही खो देगा तो भला हिमाचल में कौन आएगा? पर्यटकों का हिमाचल से रुष्ट होना प्रदेश की आर्थिकी को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचा सकता है। जैसा कि आप सभी भारतीय जानते हैं कि प्रकृति की इस प्रकार दी हुई अमूल्य भेंट का जब हिमाचल की तर्ज पर दोहन हो चुका होगा तो जो श्री ईश्वर ने प्रकृति के रूप में जीवनदान हमें दिया है वह निश्चित ही समाप्त होगा।



**लेखक : रामेश्वर सिंह कटोच**
वरिष्ठ पत्रकार, जोगिंद्रनगर

पूर्व के कई वर्षों से हिमाचल में पहले से बनी सड़कों को त्याग कर अपने स्वार्थ और आर्थिक लाभ के लिए जंगलों तथा सुंदरतम पशु-पक्षियों से भरे वातावरण को नष्ट करके, नए-नए स्थानों में से डीपीआर बनवाकर दोहन हो रहा है उससे हिमाचल की संपूर्ण संपदा नष्ट-भ्रष्ट होती जा रही है और शीघ्र ही हिमाचल प्रदेश का हश्र दिल्ली एवं कोलकात्ता जैसे जानलेवा वातावरण की भांति होना निश्चित ही है। अगर समय रहते नहीं चेते तो बहुत देर हो जाएगी। हम हिमाचलियों को चाहिए कि वह विकास और सुख सुविधाओं के नाम पर प्रकृति से खेलना अभी से बंद कर दें।

हर इस जगत के प्राणी को ज्ञान होना चाहिए कि श्रीराम एवं श्रीकृष्ण वलदेव जी ने मनुष्य अवतार के मध्य प्राकृतिक संसाधनों तथा पर्यावरण का किसी भी प्रकार दोहन न करने के नियम को कड़ाई से पालन किया और करवाया भी। जिस कुल्लू और किन्नौर को ऋषि-मुनियों की तपोस्थली का स्थान कहा जाता है उसका कारण घने, पशु-पक्षियों से भरे बिना वर्तमान दोहन शुद्ध वातावरण और असीम शांति भरे जंगल ही तो थे। अब जब भारतीय राजनीतिज्ञ और स्वयं हिमाचलवासी केवल अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए हाथ धोकर इन तपस्थलियों को उजाड़ने में रात-दिन लगे हैं तो फिर विनाश से क्यों घबराए हुए हैं, वह तो निश्चित ही है। जब किसी से आप हर नियम तोड़कर पंगा लेंगे तो वह भी भविष्य में आपको हर हालत में पंगु बनाएगा ही। दूसरा, हिमाचल के पर्यटन की दृष्टि से भरे स्थानों में कंक्रीट ही कंक्रीट ही हैं। इमारतों का अंधाधुंध हर वर्ष निर्माण होता जाना भी बेहद चिंतनीय बनता जा रहा है। इस प्रकार इन स्थानों से सटी नदियों का सीवरेज के रिसाव से पानी का प्रदूषित होकर, उपयोग ही न होना है। यह मूल हिमाचली निवासियों के लिए खतरे की घंटी है। इन गंभीर होती परिस्थितियों को देखते हुए यह पत्रकार हाथ जोड़कर विनम्रतापूर्वक, विनती करता है कि हिमाचल के पर्यावरण एवं जंगलों से भरे प्राकृतिक सौंदर्य का दोहन बंद करके हिमाचली लोगों का जनजीवन सुरक्षित करें नहीं तो भयानक विनाश के लिए तैयार रहें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज़ ब्रीफ

### सरकाघाट लोक अदालत में निपटाए इंतकाल के 14 मामले



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** तहसीलदार सरकाघाट मुनीश कुमार ने बताया कि मंगलवार को सरकाघाट के पटवार भवन में 'राजस्व लोक अदालत' का आयोजन किया गया, जिसमें कानूनगो वृत सरकाघाट के अंतर्गत पड़ने वाले विभिन्न पटवार वृतों के 14 इंतकाल मामलों का मौके पर निपटारा किया गया। उन्होंने बताया कि 31 जुलाई को पटवार भवन रखोह में भी सुबह 11 बजे राजस्व लोक अदालत आयोजित की जाएगी।

### पर्यावरण सुरक्षित रहने से ही सुरक्षित हैं हम : सोहन



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** वन मंडल सुकेत द्वारा सुंदरनगर की स्वर्णिम वाटिका में भी वन विभाग द्वारा वन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं सीपीएस सोहनलाल ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। वन मंडल सुकेत के प्रभागीय वन अधिकारी राकेश कटोच द्वारा मुख्यातिथि का शॉल, टोपी पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। वहीं सोहनलाल ठाकुर ने भी पौधरोपण किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत गौतम, बीडीसी सदस्य व मीडिया प्रभारी महेश शर्मा, भनवाड़ पंचायत उप प्रधान पितांबर लाल, पार्षद गोपाल कपूर आदि उपस्थित रहे।

### कुन्नू स्कूल में प्रबंधन समिति ने की साफ-सफाई



**कविता, पधर।** स्कूल प्रबंधन समिति अध्यापक और अभिभावकों ने स्कूल के अंदर उगी झाड़ियों को उखाड़ फेंका। इसी दौरान विभागीय आदेशों का पालन करते हुए पानी की टंकियों की भी साफ-सफाई की गई। ग्राम पंचायत कुन्नू के प्राइमरी स्कूल कुन्नू में स्कूल प्रबंधन समिति, अध्यापक वर्ग, वार्ड पंच कुन्नू, जल शक्ति विभाग के कर्मचारी, आंगनबाड़ी अध्यापिका तथा महिला मंडल भटेहड़ की महिलाओं द्वारा स्कूल परिसर में सफाई अभियान चलाकर शिक्षण संस्थान को साफ-सुथरा कर दिया।

### द्रंग के शिक्षक कुलदीप ने किया पौधरोपण



**अनंत ज्ञान, पधर।** द्रंग के शिक्षक कुलदीप सिंह ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विभिन्न प्रजातियों जिसमें इमली, आयुर्वेदिक, फलदार व पशुओं के चारे के साथ पौधे रोपकर उनके द्वारा चलाए गए अभियान 'प्रकृति पर्व' को मनाया। इसके अलावा कुलदीप सिंह एक जिला स्तरीय सामाजिक संस्था भी चलाते हैं और उसमें भी एक अभियान के तहत लगभग 100 पौधे रोपे।

### प्रशिक्षण कोर्स का दीक्षांत समारोह आयोजित



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** मंडी हिमाचल प्रदेश वन अकादमी सुंदरनगर में उपवन राजिक का तीन माह का प्रशिक्षण कोर्स मंगलवार को विधिवत दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य अरण्यपाल मंडी अजीत ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। दीक्षांत समारोह का शुभारंभ भव्य परेड व मुख्य अतिथि को सलामी के साथ शुरू हुआ। जिसके उपरांत मुख्य अतिथि अजीत ठाकुर ने सभी उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र व मेडल से नवाजा। प्रशिक्षण कोर्स में अरुण कुमार ने प्रथम, सुनील कुमार ने द्वितीय और कुशाल चंद ने तृतीय स्थान पाया। इसके साथ ही मैराथन दौड़ में पुरुष वर्ग में कनिष्ठ श्रेणी में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर हुकम चन्द, अरुण कुमार, वीरेंद्र कुमार और वरिष्ठ श्रेणी में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे कुशाल चंद, राजीव कुमार और नंद लाल को भी सम्मानित किया गया।

### पैलेस कॉलोनी में वार्ड सभा 31 को

**अनंत ज्ञान, मंडी।** वार्ड नंबर 9 पैलेस कॉलोनी में वार्ड सभा का आयोजन पार्षद सुमन ठाकुर नगर निगम मंडी की अध्यक्षता में 31 जुलाई को 11 बजे गणपति मंदिर परिसर में किया जाएगा। इसमें स्वच्छता से संबंधित समस्याओं, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभान्वित अभ्यर्थियों, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभान्वित अभ्यर्थियों की सूची, विकास कार्यों पर चर्चा, आईआरडीपी व बीपीएल के चयन पर चर्चा और वार्ड से सम्बंधित समस्याओं पर चर्चा की जाएगी।

विदेशों में नहीं मिलता भारतीयों को अधिमान: डॉ. लखवीर

### एसपीयू मंडी में शोध समिति गठित, साक्षी संयोजिका



**अनंत ज्ञान, मंडी।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में मानवता के समग्र विकासार्थ विद्यार्थी (शोध) समिति का गठन वर्ष 2024-25 के लिए मंगलवार को किया गया। बता दें कि मानवता के समग्र विकासार्थ विद्यार्थी (शोध) विश्वविद्यालयों में रिसर्च कर रहे पीएचडी शोधार्थियों के बीच कार्य करती है। सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में नव शोध समिति की घोषणा चुनाव अधिकारी अवनीश राणा ने की। इस मौके पर डॉ. लखवीर (अधिष्ठाता रिसर्च) भी उपस्थित रहे। वर्ष 2024-25 के लिए संयोजिका का दायित्व साक्षी को दिया गया। विनोद और दिव्या को सह संयोजक का दायित्व, अर्शिया को सेमिनार प्रमुख व नितिका को वर्कशॉप प्रमुख का दायित्व दिया गया। इसके अलावा अन्य सभी शोधार्थियों को समिति का मेंबर नियुक्त किया गया।

### जोगिंद्रनगर में पीलिया से हुई मौत चिंताजनक : कुशाल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** माकपा नेता एवं जिला परिषद सदस्य कुशाल भारद्वाज ने जोगिंद्रनगर व आसपास के क्षेत्रों में लगातार फैल रहे पीलिया पर चिंता व्यक्त करते हुए दो युवा बच्चों की पीलिया से हुई मृत्यु पर दुख जताया। कुशाल ने कहा कि प्रदेश सरकार, विधायक और स्वास्थ्य महकमे के उच्च अधिकारी पीलिया को रोकने बारे गंभीर नहीं हैं। आरोप लगाया कि अस्पताल में अतिरिक्त डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ लाने के बजाए सभी ड्रामेबाजी कर रहे हैं।

# मंडी में गरजे एचआरटीसी सेवानिवृत्त पेंशनर्स

## कहा-सीएम के घर में तीन लोगों को पेंशन, लेकिन परिवहन कर्मियों की सुध नहीं

**पुष्पराज, मंडी**

मंगलवार को हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच के पेंशनर्स ने मंडी शहर में रोष रैली निकाली और धरना-प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार के खिलाफ खूब नारेबाजी की।

विरोध प्रदर्शन में परिवहन पेंशनर कर्मचारियों ने सरकार को बात करने और लाड़ा लाड़ी की सरकार नहीं चलेगे और प्रदेश सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाए।

एचआरटीसी पेंशनरों ने अपनी मांगों को लेकर मंडी बस स्टैंड से जिलाधीश कार्यालय तक विरोध रैली निकाली गई। इस विरोध प्रदर्शन में प्रदेशाध्यक्ष बलराम पूरी और प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बृज लाल ठाकुर ने कहा कि सेवानिवृत कर्मचारी कल्याण मंच ने समय-समय पर मांग पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री व परिवहन मंत्री को अवगत करवाया लेकिन आश्वासनों के अतिरिक्त कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि बहुत से सेवानिवृत्त कर्मचारी अपने अंतिम पड़ाव में है और सरकार द्वारा उनको सड़क पर उतरने के लिए मजबूर किया जा रहा हैं। कर्मचारियों की लगभग 300




मंडी शहर में धरना-प्रदर्शन करते हुए एचआरटीसी सेवानिवृत पेंशनर कर्मचारी।

### निगम मुख्यालय व सचिवालय के साथ विधानसभा का करेंगे घेराव

करोड़ देनदारिया बाकी है। कई कर्मचारी के तो उच्च न्यायालय से निर्णय उनके हक में आ चूके है पर निगम प्रबंधक उच्च न्यायालय के फैसलों की भी अवमानना कर उनको लागू करने में टालमटोल कर रहा है। उन्होंने कहा कि कई सेवानिवृत्त कर्मचारी तो अपने वित्तीय लाभों के इंतजार करते स्वर्ग सिधार गये। उन्होंने कहा कि 24 जून को कल्याण मंच की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक मंडी में हुई थी उसमें सरकार को 15 जुलाई तक का समय दिया गया था, परन्तु सरकार की तरफ से उन्हें वार्ता के लिए कोई भी पत्र प्राप्त नहीं हुआ। इसलिए कल्याण मंच ने तय कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश के सभी जिलाधीशों के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ज्ञापन प्रेषित किया हैं, उन्होंने कहा कि अगर सरकार व निगम प्रबंधक मांगों पर विचार नहीं करती है और देय भत्ते जल्द जारी नहीं करती हैं तो दूसरे चरण में निगम मुख्यालय तथा सचिवालय के साथ विधानसभा का घेराव करने से भी गुरेज नहीं करेंगे।

वहीं बलराम पुरी ने कहा कि मुख्यमंत्री के घर में उनकी माता जी को पेंशन लगी है अब उनकी पत्नी को भी पेंशन लग गई और वे खुद पेंशन ले रहे है। मुख्यमंत्री को एचआरटीसी परिवहन कर्मचारियों की मांगों के बारे में विचार न करते हुए तुरंत पूरा कर देना चाहिए क्योंकि उनके पिता जी भी परिवहन कर्मचारी थे।

### न्यायालय के आदेशों का पालन करे सरकार : बृजलाल

**इस** दौरान प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बृजलाल ठाकुर ने कहा कि जिस प्रकार प्रदेश के अन्य कर्मचारियों को एरियर की किस्त जारी हुई है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के आदेशों का भी सरकार पालन करें। उन्होंने कहा कि सरकार ने वकीलों को करोड़ों रुपए दिया लेकिन परिवहन कर्मचारियों को नही। उन्होंने कहा कि जब सरकार ने न्यायालय के आदेशों की अवहेलना की तो न्यायालय ने टिप्पणी की है कि ऐसे अधिकारियों की जगह तो जेल में है। उन्होंने कहा कि वर्तमान की गूंगी बहरी सरकार से निवेदन है कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों की खून पसिने की कमाई को जारी करें।

# जल शक्ति विभाग कर रहा पेयजल गुणवत्ता की जांच : मनीश

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर में लोगों को जल शक्ति विभाग के माध्यम से उपलब्ध करवाए जा रहे पेयजल आपूर्ति की गुणवत्ता की निरंतर जांच की जा रही है ताकि लोगों को स्वच्छ व साफ-सुथरा पेयजल उपलब्ध हो सके। इसके अलावा सभी पेयजल स्त्रोतों एव टैंकों की नियमित अंतराल पर साफ-सफाई एवं क्लोरिनेशन भी की जा रही है। इसके अलावा सरकारी कार्यालयों, सार्वजनिक स्थानों, शिक्षण संस्थाओं एवं धार्मिक स्थानों में लगाए गए पेयजल टंकियों की भी साफ-सफाई सुनिश्चित बनाई जा रही है।



एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि जोगिंद्रनगर में जल शक्ति विभाग के माध्यम से सभी पेयजल स्त्रोतों के गुणवत्ता की निरंतर जांच की जा रही है तथा जांच के बाद ही लोगों को पेयजल आपूर्ति उपलब्ध करवाई जा रही है। एसडीएम ने बीडीओ, सीडीपीओ व बीएमओ चौंतड़ा, द्रंग तथा लडभड़ोल को पंचायत व ग्रामीण स्तर पर लोगों को जल जनित रोगों से बचाव बारे जागरूक करने की भी सख्त हिदायतें दी हैं।

मनीश चौधरी ने कहा कि पंचायत व ग्रामीण स्तर लोगों को रोगों के बचाव व उपचार बारे संबंधित खंड चिकित्सा अधिकारियों को जागरूक करने को भी कहा गया है ताकि लोग रोगों के प्रति सतर्क हो सकें। एसडीएम मनीश चौधरी ने कहा कि उपमंडल जोगिंद्रनगर में जल शक्ति विभाग द्वारा निरंतर की जा पेयजल गुणवत्ता की निगरानी तथा स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जल जनित रोगों के मामलों में निरंतर कमी पाई जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# जहरीली मक्खियों ने युवक को बनाया शिकार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर उपमंडल के गलू में जहरीली मक्खियों के काटने से युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

जानकारी अनुसार रोपा पधर पंचायत के गलू गांव का सूरज कुमार उम्र 31 वर्ष अपनी मुर्गियों को दाना डालने के लिए जा रहा था तभी जहरीली मक्खियों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया जिससे वहां बुरी तरह घायल हो गया उसे जोगिंद्रनगर हॉस्पिटल में उपचाराधीन करवाया गया है।

# शातिरों ने पीड़ित के खाते से उड़ाए पांच लाख रुपए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

गांव बलोह तहसील सदर जिला मंडी के रहने वाले एक व्यक्ति को शातिरों ने लाखों रुपए का चूना लगा दिया है। ऑनलाइन ठगों ने पीड़ित व्यक्ति के खाते से चार ट्रांजेक्शन के माध्यम से 5 लाख से अधिक रुपए निकाल लिए हैं।

जानकारी के अनुसार जिला मंडी की तहसील सदर के गांव बलोह के रहने वाले शिकायतकर्ता बीते शुक्रवार को जब सुबह उठे तो उन्होंने अपने मोबाइल फोन में ओटीपी से संबंधित कई एसएमएस आए हुए देखे। शिकायतकर्ता को उसके खाते से आईएमपीएस के माध्यम से 12.5 हजार रूपए डेबिट होने को लेकर एक एसएमएस मिला।

पीड़ित के बैंक खाते की विस्तृत जांच करने पर पाया गया कि उसके खाते के साथ साइबर ठगों ने धोखाधड़ी के माध्यम से चार ट्रांजेक्शन में 5 लाख से अधिक रुपए डेबिट किए गए हैं। इस पर शिकायतकर्ता ने पुलिस के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज करवाई है। डीएसपी हेडक्वार्टर मंडी देवराज ठाकुर ने बताया कि पुलिस थाना सदर ने केस दर्ज कर लिया है।

### हिमकेयर सुविधा को बहाल करे सरकार : अनिल

**अनंत ज्ञान, मंडी।** केंद्र की भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए आयुष्मान भारत योजना शुरू की थी, लेकिन उस योजना में बहुत से लोगों को ये सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी थी।

इसलिए जय राम ठाकुर द्वारा हिमकेयर सुविधा हिमाचल में शुरू की गई थी, ताकि स्वास्थ्य सुविधा का लाभ सभी लोगों तक पहुंचाया जा सके। वर्तमान सरकार द्वारा इस तरह से हिम केयर सुविधा का दायरा घटाने से गरीब परिवारों को गंभीर बीमारी का इलाज निजी अस्पताल में करवाना संभव नहीं है। सरकार को इस बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए।

# अंडर-19 प्रतियोगिताओं के कैलेंडर जारी

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जिला में अंडर-19 आयु वर्ग छात्र और छात्राओं की खेलकूद प्रतियोगिताओं के कैलेंडर जारी कर दिए गए हैं। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पधर में उपनिदेशक उच्च शिक्षा सुशील शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्कूली क्रीड़ा संघ की बैठक में यह कैलेंडर तय किए गए हैं।

छात्र वर्ग की प्रतियोगिताएं 18 खंडों में 21 से 24 अगस्त तक जबकि छात्र वर्ग की प्रतियोगिताएं भी 18 खंडों में 27 से 30 अगस्त तक होंगी। सभी प्रतियोगिताएं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में ही संपन्न होंगी। शिक्षा खंड बलद्वाड़ा में छात्रों की खेलकूद प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पोंटा और छात्राओं की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खनोट में होंगी।

इसी तरह से सरकाघाट खंड में छात्रों की देव ब्राड़ता और छात्राओं की चंद्रेश में, भराड़ी खंड में छात्रों की भराड़ी और छात्राओं की सधोट में, धर्मपुर में छात्रों की संधोल और छात्राओं की मंडप में, बल्ह में छात्रों की रिवालसर व छात्राओं की गागल में, गोहर में छात्रों की मौवीसेरी और छात्राओं की चैलचौक में, सराज खंड में छात्रों की बीसी जांच और छात्राओं की थुनाग में, सुंदरनगर में छात्रों की मलोह और छात्राओं की सुंदरनगर (कन्या) में, जय देवी में छात्रों की कमांद और छात्राओं की झूंगी में, करसोग खंड में छात्रों की मैहरीधार और छात्राओं की बरयोगी में, माहूनाग खंड में छात्रों की बैहली और छात्राओं की पांगणा में, साइगलू में छात्रों की कोटली और छात्रों की कोट तुंगल में, सदर में छात्रों की कैनवाल और छात्राओं की मंडी (कन्या) में, पधर में छात्रों की रोपा और छात्राओं की बारोट में, बाली चौकी में छात्रों की गाड़ा गुशौणी और छात्रों की थाची में, पनारसा में छात्रों की कोट सनोर और छात्राओं की पनारसा में, लड़भड़ोल में छात्रों की लडभड़ोल और छात्राओं की पंजालग और जोगिंदरनगर में छात्रों की भराडू तथा छात्रों की बस्सी में होंगी।(अनंत ज्ञान)

# डिपुओं में सर्वर डाउन होने से प्रदेश के उपभोक्ता परेशान

**अनंत ज्ञान, मंडी**

खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा डिपुओं पर लगाई गई पॉश मशीनों का सर्वर लगातार डाउन होने से प्रदेश के करीब साढ़े उन्नीस लाख उपभोक्ता व करीब 5200 डिपो धारक हर माह परेशानी का सामना कर रहे हैं। हालांकि विभागीय अधिकारियों की मानें तो अब विभाग ने सर्वर का जिम्मा एक कंपनी के बजाए दो कंपनियों सीएससी व सी डैक कंपनी को दिया गया है।




विभाग द्वारा सर्वर का जिम्मा इन कंपनियों को देने के बाद यह दावा किया गया था कि जब एक कंपनी का सर्वर डाउन होगा तो दूसरी कंपनी का सर्वर काम करना शुरू कर देगा। प्रदेश डिपो संचालक समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कवि ने कहा कि प्रदेश के अधिकांश डिपुओं पर हर माह के अंतिम सप्ताह में निगम के गोदामों से राशन पहुंचता है और सर्वर की समस्या भी सबसे अधिक माह के अंतिम सप्ताह में ही आती है।

अशोक कवि ने कहा कि प्रदेश के डिपो धारक विभाग के साथ साथ प्रदेश सरकार का साथ देते आए हैं, लेकिन सरकार और विभाग को प्रदेश के डिपो धारकों व उपभोक्ताओं की जरा भी परवाह नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार आम विधानसभा चुनावों से पूर्व डिपो धारकों को 20,000 मासिक वेतन देने व वन टाईम लाइसेंस की व्यवस्था करने का वायदा अभी तक पूरा नहीं कर पाई है, जिससे प्रदेश के सभी डिपो धारक सरकार से खफा चल रहे हैं।

अशोक कवि ने कहा कि सरकार डिपो संचालकों के साथ किए गए वादे को शीघ्र पूरा नहीं करती है तो प्रदेश के डिपो संचालक राशन वितरण का कार्य बंद कर देंगे।

# युवक को ब्यास नदी में चट्टान पर बैठकर बितानी पड़ी रात

**अनंत ज्ञान, मंडी**

बरसात के मौसम में ब्यास नदी का जलस्तर अक्सर बढ़ता और घटता रहता है क्योंकि पंडोह डैम से पानी छोड़े जाने पर ही नदी में पानी का बहाव बढ़ता है।

जानकारी के अभाव में बीते सोमवार की रात को एक युवक अंधेरे में ब्यास और सुकेती नदियों के संगम स्थल पर स्थित एक बड़ी सी चट्टान पर चला गया। युवक के उक्त स्थान पर जाने के कुछ ही देर बाद दोनों नदियों का जलस्तर बढ़ गया जिस कारण युवक रातभर इसी चट्टान पर फंसा रहा। सुबह जब स्थानीय लोगों ने इस युवक को चट्टान पर देखा तो इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस के जवान मुनीश सैनी को मिली और उन्होंने अपनी पुलिस क्यूआरटी टीम के साथ मौके पर पहुंच कर युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। युवक का नाम अमन, पुत्र परमजीत है जोकि मूलत: चंडीगढ़ का रहने वाला है। सीटी पुलिस चौकी मंडी प्रभारी सब इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने मामले की पुष्टि की है।

### हिमकेयर कार्ड को बंद करना तानाशाही फरमान : इंद्र सिंह

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बल्ह विधायक इंद्र सिंह गांधी ने कांग्रेस सरकार द्वारा प्रदेश के प्राइवेट अस्पतालों में हिमकेयर कार्ड को बंद करने के निर्णय को



तानाशाही फरमान बताया है। इंदर सिंह ने कांग्रेस सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि अहंकारी कांग्रेस सरकार द्वारा गरीब का सहारा छीन लिया है, लोग कर्ज लेकर, अपने गहने बेच कर इलाज करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस की मौजूदा सरकार एक विफल और अहंकारी सरकार है।

### कांग्रेस सरकार गरीब और मजदूर विरोधी : दिलीप

**सरकाघाट।** आयुष्मान योजना से छूटे लोगों को कैशलेस उपचार की सुविधा हेतु पूर्व जयराम सरकार ने हिमकेयर योजना शुरू की थी।



सरकाघाट के विधायक दिलीप ठाकुर ने कांग्रेस सरकार द्वारा प्रदेश के निजी अस्पतालों में हिमकेयर कार्ड बंद करने के निर्णय पर निराशा जताते हो कहा कि कांग्रेस सरकार ने आम आदमी विरोधी कदम उठाया है। विधायक ने कहा कि इस जन विरोधी फैसले से समाज का हरेक वर्ग में रोष है।

# प्रभावी टीमवर्क के लिए एसपीएमयू ने दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना चरण-दो, जेआईसीए-ओडीए के तहत विभिन्न क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करवाए जा रहे हैं।

इन कार्यक्रमों का उद्देश्य एचपीसीडीपी के कर्मचारियों के कौशल को उन्नत करना और उन्हें नई तकनीकों, प्रबंधन दृष्टिकोणों और नवीनतम विकास के बारे में जानकारी प्रदान करना है। परियोजना के मीडिया सलाहकार राजेश्वर ठाकुर ने कहा कि इसी संदर्भ में राज्य परियोजना प्रबंधन इकाई



प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण लेते हुए प्रतिभागी।

(एसपीएमयू) ने 28 से 30 जुलाई तक किसान प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर में विभिन्न पीएमयू के तेईस प्रतिभागियों के लिए तीन दिवसीय मानव संसाधन विकास प्रशिक्षण का आयोजन किया।

इस मौके पर परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान ने कहा कि प्रशिक्षण के अप्रत्याशित परिणामों में प्रतिभागियों के कार्य प्रदर्शन में सुधार, कर्मचारियों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देना, टीम का मनोबल बढ़ाना, सहयोग और सहयोग को प्रोत्साहित करना और कार्य स्थल पर कार्य करने की क्षमताओं और प्रेरणा को बढ़ाना शामिल है।

# किसान संघों ने बनाई जिला स्तरीय फेडरेशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी जिला में विभिन्न विभागों व संस्थाओं द्वारा गठित किये गए किसान उत्पादक संघों-एफपीओ और ओएफपीओ ने एक जिला स्तरीय फेडरेशन का गठन किया, जिसकी 21 सदस्यीय कमेटी और सात सदस्यों का कार्य समूह गठित किया गया। जिसका सयोंजक जोगिन्दर वालिया को बनाया गया।

धर्मपुर से सत्तपाल चौहान सरोआ से धनी राम बगस्याड़ से भामा देवी सदर से नरेश कुमार और करसोग से करतार सिंह को सदस्य बनाया गया।

बैठक में फैसला लिया गया कि इस फेडरेशन का अपना अलग से नाम, लोगो चिन्ह, और ब्रांड भी तैयार किया जाएगा। जिस ब्रांड नाम से इन उत्पादों की मॉर्केटिंग स्थानीय स्तर से लेकर ऑनलाइन माध्यम से अंतरराष्ट्रीय बाजार तक की जाएगी।

इसके अलावा मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति के सचिव भीम सिंह कोषाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह समन्वयक रीना ने भी फेडरेशन के महत्व के बारे जानकारी प्रदान की। धर्मपुर किसान उत्पादक सहकारी सभा के अध्यक्ष सत्तपाल सिंह चौहान ने उनके एफपीओ की सफलता बारे प्रेजेंशन दी।

**समस्या** साहल-गरलोग सड़क पर एक सप्ताह से वाहनों की आवाजाही ठप, प्रशासन बना मूकदर्शक

# कंपनी की गलत कटिंग की बजह से धंसी सड़क, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, पधर**

लोक निर्माण विभाग मंडल पधर के अधीन साहल गरलोग सड़क पर संगलेहड के पास जमीन धंसने से पूरी टूट गई और सड़क करीब अढाई फुट नीचे बैठ गई। अब वाहनों की आवाजाही ठप पड़ी है। सड़क धंस जाने से साथ लगती एक गौ शाला भी ढह गई और अंदर बंधे पशु बाल बाल बच गए। गौशाला के ऊपर बनाया शेड और अंदर रखा लाखों का कीमती सामान भी इसकी चपेट में आ गया।

बता दें कि मंडी पठानकोट फोरलेन निर्माण कार्य के लिए लगी कम्पनी ने संगलेहड के पास करीब 30 बीघा भूमि पर प्लांट स्थापित किया है। वही प्लांट को स्थापित करने के कंपनी ने जमीन पर ग्राउंड बना डाला और कटिंग करते करते साहल गरलोग सड़क तक पहुंच गए जिस कारण बारिश होने से पानी से स्थानीय लोगों की जमीन धंस गई और सड़क पूरी तरह टूट गई अब वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। अब न तो कंपनी सड़क को ठीक कर रही है और न ही लोक निर्माण विभाग, लेकिन लोगों को कहीं न कहीं परेशानी उठानी पड़ रही है। कुन्नू से घोघरधार वाया गरलोग जाने वाली एक मात्र बस सेवा भी पिछले एक हफ्ते से बंद पड़ी हुई है, जिस कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।



### सड़क को किया जा रहा है रिपेयर : अंशुमन

**सहायक** अभियंता पधर अंशुमन सोनी से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि कंपनी वाले सड़क को रिपेयर कर रहे है। सड़क जल्द ठीक होकर गाड़ियों की आवाजाही सुचारु रूप से चल पड़ेगी। पानी निकलने से यह हादसा पेश आया है।

### सड़क की आवाजाही के लिए नहीं उठाया जा रहा कोई कदम

**वहीं** कजौटधार पंचायत के प्रधान आशा देवी, उपप्रधान जय सिंह राणा, नंबरदार हरीश यादव, देश राज, रिटायर्ड प्रधानाचार्य बीरी सिंह यादव, सेवक राम सहित अन्य लोगों का कहना है कि पिछले एक हफ्ते से सड़क पर गाड़ियों की आवाजाही बंद है, लेकिन कंपनी और लोक निर्माण विभाग सड़क को ठीक करने में कोई भी कदम नहीं उठा रहा है। वहीं बरसात से पहले विभाग ने सड़क किनारे नालिया बनाई होती तो आज स्थिति कुछ और होती।

### गौशाला गिरने से हुआ लाखों का नुकसान : सेवक राम

जमीन मालिक सेवक राम का कहना है कि जब कंपनी ने कटिंग की तो उनको इतनी कटिंग करने को मना किया था, लेकिन कंपनी नहीं मानी और आज इनकी कटिंग की बजह से सड़क टूट चुकी है, जिस कारणएक गौ शाला भी ढह गई। जिस कारण उन्होंने लगभग 15 लाख रुपए का नुकसान आंका है। आज पशुओं को बिना छत के नीचे खुले आसमान में बांधने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

# पर्यावरण को बचाने के लिए पौधरोपण आवश्यक : प्रकाश राणा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर के विधायक प्रकाश राणा ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर सत्ता में आई थी लेकिन सरकार की कार्यप्रणाली से साफ हो गया है कि यह सरकार काम रोको सरकार बन के रह गई है। प्रकाश राणा ने यह बात चौंतड़ा में आयोजित वन महोत्सव के उपलक्ष में चौंतड़ा में पीपल का पौधरोपण के पश्चात कहीं।

राणा ने कहा कि जनहितकारी योजनाओं को बाधित करने का कांग्रेस सरकार द्वारा लगातार प्रयास जारी है। सुक्खू सरकार ने सत्ता में आते ही सबसे पहले भाजपा सरकार के समय खोले गए 900 से अधिक संस्थाओं को बंद कर दिया, 125 युनिट बिजली की सुविधा बंद कर



विधायक प्रकाश राणा वन विभाग के जवानों से हाथ मिलाते हुए।

दी, अब हिमकेयर योजना को बंद करके कांग्रेस सरकार ने एक और तोहफा प्रदेश के लोगों को दिया है।

विधायक ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिये पौधा रोपण बेहद आवश्यक है। हम सबका यह फर्ज बन जाता है कि हम सब एक पौधा जरूर लगाए। राणा ने पीलिया से दो की मौत पर दुख व्यक्त किया।

### शिविर में 100 दिव्यांगजनों ने करवाई स्वास्थ्य की जांच

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** मंडी जिला प्रशासन के संवेदना कार्यक्रम के तहत जिला रेडक्रॉस सोसायटी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सहयोग से जोगिंद्रनगर में दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में कुल पंजीकृत एक 100 दिव्यांगजनों की चिकित्सीय जांच की गई तथा पात्र दिव्यांगजनों को मौके पर ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी जारी किए गए। सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए 9 दिव्यांगजनों का पंजीकरण भी किया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी मंडी के सचिव ओपी भाटिया ने बताया कि संवेदना कार्यक्रम के साथ, जिसमें जिला रेडक्रॉस सोसायटी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग भी शामिल हैं।

# दूसरी संध्या में स्थानीय कलाकारों ने जमाया रंग

**ओपी शर्मा, चंबा**

मिंजर मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। शाम करीब साढ़े आठ बजे अपनी धर्मपत्नी नीना पठानिया सहित सांस्कृतिक संध्या में शामिल हुए कुलदीप सिंह पठानिया का उपायुक्त एवं अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला कमेटी मुकेश रेपसवाल ने उनका विधिवत स्वागत किया तथा उन्हें शाल व टोपी पहनाकर तथा स्थानीय विधायक नीरज नैयर ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कुलदीप सिंह पठानिया की धर्मपत्नी नीना पठानिया को स्थानीय विधायक की धर्मपत्नी भारती नैयर ने शॉल व टोपी पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम उपस्थित में स्थानीय विधायक नीरज नैयर व उनकी पत्नी भारती नैयर को उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया। इसके अलावा सांस्कृतिक संध्या में आए हुए कलाकारों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों का भी भरपूर आनंद उठाया। बता दं आज के आयोजन में जहां स्थानीय कलाकारों ने आए हुए मेहमानों एवं लोगों का मनमोहा तो वहीं विशेष कलाकारों ने भी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर सभी का मनोरंजन किया। आकर्षण का केंद्र रही अफसाना खान जिन्होंने एक से एक बढ़कर गाने पेश कर लोगों का खूब मनोरंजन किया। जिस पर लोग खूब थिरके तो वही विधानसभा अध्यक्ष ने अफसाना खान की तारीफ किए बिना नहीं रह पाए उन्होंने भी अफसाना खान के गानों को खूब सा रहा।

दूसरी संध्या पर लोक कलाकार पूनम भारद्वाज ने सोशल मीडिया मेला प्रबंधन पर निशाना साधते हुए कम समय परफॉर्म करने का आरोप लगाया। मेला प्रबंधन ने उन्हें 20 मिनट का समय दिया था जबकि प्रबंधन द्वारा उन्हें सिर्फ 12 मिनट देकर ही बाहर का रास्ता दिखा दिया गया जिसको लेकर पूनम भारद्वाज मेला प्रबंधन कमेटी पर नाराज दिखाई दी।(अनंत ज्ञान)



मिंजर मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय कलाकार प्रस्तुति पेश करते हुए।



कुलदीप सिंह पठानिया को स्मृति चिन्ह से सम्मानित करते गणमान्य।



संध्या में मौजूद कुलदीप सिंह पठानिया व साथ हैं अन्य।



मिंजर मेले के दौरान मनोरंजन के लिए लगाया गया झूला।

## विधायक नीरज नैय्यर ने प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

**अनंत ज्ञान, चंबा**

ऐतिहासिक मिंजर मेला आज तीसरे दिन में प्रवेश कर चुका है। मेला अपनी प्राचीन संस्कृति को संजोए इस मिंजर मेले में कई तरह ले गतिविधियां होती आ रही है। इसी कड़ी में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाता आ रहा है।




खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए विधायक नीरज।


एक सप्ताह तक चलने वाले इस अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले की और शोभा बढ़ाने हेतु विभिन्न राज्यों की टीमों को भी इस अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले में आमंत्रित किया जाता है। इस मेले में कबड्डी से लेकर फुटबाल, हॉकी, खोखो, बोलीबाल के इलावा और भी कई प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिताओं को करवाया जाता है। आज इस अवसर पर चंबा सदर के विधायक नीरज नय्यर ने चंबा के ऐतिहासिक चौगान ने पहुंचकर खिलाड़ियों की हौंसला अफजाई की और कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी बच्चे अपने जीवन के कैरियर को अच्छी पायदान पर पहुंचा सकते है और हमारा यह है कि हर बच्चे को अपनी पढ़ाई के साथ उसकी इच्छा अनुसार किसी भी खेल को अच्छे से चुनकर उस पर ही ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इस मौके पर जिला स्पोर्ट्स अधिकारी व अन्य लोगों ने अपने विधायक को बैच लगाकर सम्मानित भी किया।

## कुलदीप सिंह पठानिया के प्रवास कार्यक्रम में आंशिक परिवर्तन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के प्रवास कार्यक्रम में आंशिक परिवर्तन किया गया है जिसके मुताबिक अब कुलदीप सिंह पठानिया 31 जुलाई को बाद दोपहर 2:00 बजे सिंहुता से शिमला के लिए रवाना होंगे।



जबकि पूर्व में जारी प्रवास कार्यक्रम के मुताबिक उनके सिंहुता से शिमला के लिए रवाना होने का समय प्रात: 11:30 बजे का था। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी है।



मिंजर में लगे हुए झूले जिनका लोग लुत्फ उठाते हुए।

## एचआरटीसी की खराब बसों से लोग परेशान, नई बसें चलाने की मांग



खराब खड़ी की हुई बस, जिस कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी/भटियात**

हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस आए दिन हर मोड़ पर खड़ी मिलती हैं। लोकल रुटौ में के यह बसें से चलाई जा रही है । हर दूसरे से तीसरे दिन बीच रास्ते में यह बसें हाफ जाती हैं , जिससे सवारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है । उसमें चाहे वह बच्चा हो कोई या बुजुर्ग या स्कूल के बच्चे हों उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है । जब निगम के अधिकारी से इसके बारे में बात की तो उन्होंने बोला कि यह पुरानी बसे हैं, जो खराब होने के कारण यह रास्ते में रुक जाती हैं।

भराड़ी से कुना डालहौजी के लिए लगी बस बिच रास्ते में हाफ गई जिससे लोगों को डलहौजी पहुंचने के लिए पैदल 7 से 8 किलोमीटर चलना पड़ा। उसके बाद घर के लिए स्टेशन से पैदल दो से तीन किलोमीटर कर चढ़ाई चढ़कर पहुंचना होता है।

## बनीखेत के नालों में कूड़ा-कर्कट के लगे अंबार

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

विकासखंड भटियात के अंतर्गत ग्राम पंचायत बनीखेत के वार्ड नंबर 4, वार्ड नंबर 5 एवं वार्ड नंबर 6 से गुजरने वाला नाले में कूड़ा करकट के अंबार देखने को मिल रहे हैं। हालांकि स्थानीय पंचायत कूड़े को लेकर काफी सजग है फिर भी स्थानीय लोग गुपचुप तरीके से अपने घरों का कूड़ा-कर्कट सीधा नाले के हवाले कर रहे हैं जिससे नाले की स्थिति नरक में तब्दील हो गई है।

गर्मियों का आगमन शुरू हो गया है और जो स्थिति नल की बनी हुई है उससे ऐसा लग रहा है कि आने वाले समय में इस नाले की अगर साफ सफाई नहीं करवाई गई तो यही नाला परस्पर जुड़े तीनों वार्डों के लोगों को कूड़ा-कर्कट से



पैदा होने वाली कई भयंकर कर बीमारियों से ग्रस्त कर देगा।

स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों से बात की गई तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत ने ग्राम पंचायत बनीखेत में साफ-सफाई को लेकर पंचायत स्तर पर के जागरूकता अभियान भी चलाएं जिसमें उन्हें अपने घरों के कूड़े को किस प्रकार ठिकाने लगाना है उसे बारे में जागरूक भी किया किंतु स्थानीय लोग बार-बार अपने घरों का कूड़ा सीधा नालों के हवाले कर रहे हैं जिससे भविष्य में बीमारियों का तो खतरा रहेगा साथ ही बनी खेत की खूबसूरती में भी काले धब्बे का काम करेगा।

ग्राम पंचायत प्रधान अरुण राणा ने भी इस कूड़ा-कर्कट को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि स्थानीय प्रशासन को बनीखेत ,पुखरी में बीते कुछ से समय में आबादी लगातार बढ़ रही है।

इस बार में जिला प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी चंबा से बात की गई तो उन्होंने जानकारी देते हो बताया कि वह इस समय समय पर छापामारी कर लोगों को जुर्माना लगाकर प्रदूषण के खिलाफ सबक सिखाते रहते हैं। भारी जुर्माना लगाने के बावजूद भी अगर लोग कूड़े को सीधा नालों के हवाले कर रहे हैं तो यह एक चिंता का विषय है।

## राज्यसभा क्रॉसवोटिंग मामले में शिमला पुलिस पहुंची गुरुग्राम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्यसभा क्रॉसवोटिंग मामले में शिमला पुलिस ने जांच तेज कर दी है। बताया जा रहा है की शिमला पुलिस की टीम अब गुरुग्राम पहुंच गई है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस यहां एक विमानन कंपनी के दस्तावेज खंगालने की तैयारी में है। इस वर्ष फरवरी माह में राज्यसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी अभिषेक मनु सिंघवी के खिलाफ कांग्रेस के छह और तीन निर्दलीय विधायकों ने क्रॉसवोटिंग की थी।

वोटिंग के बाद सभी विधायकों को हिमाचल के बाहर पहुंचा दिया गया था। इसी विमानन कंपनी के विमान से सभी विधायकों को यात्रा कराई गई थी। इसके बाद इन विधायकों को उत्तराखंड के देहरादून जनपद के ऋषिकेश के एक रिसॉर्ट में भी ठहराया गया था।

पुलिस ने देहरादून व ऋषिकेश में विधायकों के रहने का इंतजाम करने वाली टूर एंड ट्रेवल कंपनी के कर्मचारियों से भी पूछताछ की है। इस मामले की जांच शिमला के बालूगंज थाने की पुलिस कर रही है। क्रॉस वोटिंग करने के बाद सभी 9 विधायकों को गुरुग्राम की एक विमानन कंपनी ने अपनी सेवाएं दी थीं। वहीं आरोप यह भी हैं कि देहरादून और ऋषिकेश में विधायकों को विश्राम की सुविधाएं देने के लिए एक टूर एंड ट्रेवल्स कंपनी को 20 लाख रुपए चुकाए गए थे।

## कांग्रेस राज में स्वास्थ्य सुविधा न मिलने से जनता बेहाल : प्रकाश राणा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** विधायक प्रकाश राणा ने जोगिंद्रनगर में पीलिया के बढ़ते प्रकोप के चलते एक युवक को युवती के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे बीमारी के केस चिंता का विषय है सरकार को इसकी रोकथाम के लिए ओर कड़े कदम उठाने होंगे, पानी के सभी स्त्रोतों की जांच विभाग करे सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति गंभीर हो।

सरकार को पुन: इस निर्णय पर विचार करना चाहिए और जनता स्वास्थ्य सबंधी हितों से खिलवाड़ नही करना चाहिए। मंडल अध्यक्ष अजय सकलानी ने कहा कि सरकार जनविरोधी निर्णयों को वापस नही लेती है तो जनता सड़कों पर उतरेगी।

## आम आदमी पार्टी ने शिमला में किया प्रदर्शन

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अवैध गिरफ्तारी और दुर्व्यवहार के खिलाफ, हिमाचल प्रदेश आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता बलदेव राज और संगठन के अन्य पदाधिकारियों के साथ आज शिमला डीसी कार्यालय में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया, जिसे उन्होंने मोदी सरकार की दमनकारी रणनीति के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा केंद्र में भाजपा सरकार ने पहले साजिश रची और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को जेल में डाला, जिसके बाद अब अरविंद केजरीवाल की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। सीएम अरविंद




प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता।

केजरीवाल लंबे समय से मधुमेह के मरीज हैं और उन्हें रोजाना इंसुलिन दिया जाता है।

मोदी सरकार ने पहले अरविंद केजरीवाल की इंसुलिन बंद की और अब जेल में उनकी सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। सीएम अरविंद केजरीवाल की बिगड़ती सेहत और उनकी सेहत के साथ खिलवाड़ को लेकर विपक्षी गठबंधन के सभी घटक दल भाजपा के खिलाफ एकजुट हैं।(अनंत ज्ञान)

## आवंटित की जाएगी उचित मूल्य की दुकानें

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हिमाचल प्रदेश सरकार खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा विकास खंड भटियात के गांव बकलोह 2/4 बाजार बकलोल कैंट तथा विकास खंड मैहला के गांव से सिरैना ग्राम पंचायत फागड़ी में उचित मूल्य की दुकानें आवंटित की जाएंगी जिसके लिए विभाग द्वारा 8 अगस्त 2024 तक इच्छुक व्यक्तियों व संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह जानकारी जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले पुरुषोत्तम सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि दुकान के आबंटन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने के लिए न्यूनतम योग्यता दसवीं पास है।

आवेदक की उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदन पत्र के साथ दसवीं का प्रमाण पत्र, वित्तीय स्थिति के दस्तावेज, आवेदक भूतपूर्व सैनिक बेरोजगार होने की स्थिति में स्वंय तथा परिवार के किसी भी सदस्य के नियमित रोजगार में न होने संबंधी प्रमाण पत्र और एवं भंडारण क्षमता सम्बन्धी दस्तावेज और बेरोजगार होने बारे प्रमाण पत्र की स्वयं सत्यापित प्रतियां ऑनलाइन आवेदन के दौरान अपलोड की जानी अनिवार्य है।

## एक्यूप्रेशर, प्राकृतिक चिकित्सा शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सेवा भारती के सौजन्य से लगाए गए एक्यूप्रेशर, प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का समापन सरकाघाट शिव मंदिर के महंत बाबा लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में किया गया। 6 दिवसीय शिविर में इलाज किया जाता था, जिसमें बिना दवाई बिना इंजेक्शन के डॉ. निधि शर्मा, डॉक्टर शिव कुमार, अमित शर्मा की टीम ने सर्वाइकल, माइग्रेन, गठिया, पेट के रोगों का इलाज किया गया, इससे लोगों को काफी लाभ भी हुआ ।

## मंडी एनसीसी छात्रा ने जीती बेस्ट स्क्वाड इन ड्रिल की ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान, मंडी**

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में स्थापित एनसीसी गर्ल्स आर्मी विंग ने वार्षिक प्रशिक्षण शिविर नौणी सोलन में बेस्ट स्क्वाड इन ड्रिल की ट्रॉफी अर्जित की है।

एनसीसी गर्ल्स आर्मी विंग ने उत्कृष्ट ड्रिल का प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी अर्जित की है। महाविद्यालय पहुंचने पर कैडेटों के सम्मान में हाई टी पार्टी का आयोजन किया गया। वल्लभ राष्ट्रीय महाविद्यालय एनसीसी आर्मी गर्ल्स विंग ने टग ऑफ वॉर में प्रथम स्थान व वॉलीबॉल प्रतिस्पर्धा में द्वितीय स्थान अर्जित किया।

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी की प्राचार्य प्रोफेसर सुरीना शर्मा ने कहा महाविद्यालय एनसीसी कैडेटों ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। प्राचार्य प्रोफेसर सुरीना शर्मा ने वार्षिक प्रशिक्षण शिविर नौणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों की सराहना करते हुए बधाई दी है।

**हरियाली**

### 75वें वृत्त स्तरीय वन महोत्सव में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने किया पौधरोपण

# चंबा में 2000 हेक्टेयर भूमि में होगा पौधरोपण

**बबलू पठानिया चुवाड़ी/भटियात**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि बहुमूल्य वन संपदा के संरक्षण एवं संवर्धन में जन सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा गंभीरता के साथ आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

विधानसभा अध्यक्ष आज 75 वें वृत्त स्तरीय वन महोत्सव के तहत चुवाड़ी के समीप मतिहार गांव में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाग लेते हुए बोल रहे थे। पठानिया ने इस दौरान आंवले का पौधा का पौध रोप कर वन महोत्सव का शुभारंभ किया ।

विधानसभा अध्यक्ष ने वन महोत्सव के थीम विषय 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत सभी लोगों से पौधारोपण करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि वनों के विस्तार को लेकर इस वर्ष वन विभाग द्वारा प्रदेश में 9000 हेक्टेयर क्षेत्रफल भूमि में पौधारोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ।

साथ में उन्होंने यह भी कहा कि चंबा वन वृत्त के तहत इस वर्ष 2000 हेक्टेयर भूमि में विभिन्न प्रजातियों के लगभग 16 लाख पौधे रोपित किए जाएंगे। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा भविष्य की जरूरत के अनुरूप वनों के संरक्षण और संवर्धन से संबंधित कार्यों में विभाग द्वारा जन सहभागिता को सुनिश्चित बनाया जाना चाहिए । पर्यावरण संतुलन को मानवीय जीवन के लिए अनमोल बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे स्वच्छ हवा, पानी और स्वस्थ पारिस्थितिकी मिलती है। इस अवसर पर कुलदीप सिंह पठानिया को वन अरण्यपाल अभिलाष दामोदरन ने शॉल-टोपी व समृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने पर्यावरण संतुलन बनाने के लिए वनों का योगदान तथा वन वृत चंबा में किये जा रहे विभिन्न कार्यों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनी तथा उनका मौके पर समाधान किया । (अनंत ज्ञान)



पौधरोपण करते हुए कुलदीप सिंह पठानिया व अन्य अधिकारी।

## शराब की खेप सहित 42 वर्षीय चुराह वासी गिरफ्तार

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

जिला चंबा के प्रदेश द्वारा तुन्नूहट्टी में मुस्तैद पुलिस द्वारा एक कर से शराब एवं बियर की खेप बरामद करने में सफलता हासिल की।

जानकारी के अनुसार बीते कल पुलिस चेक पोस्ट तुन्नूहट्टी में नाकाबंदी के दौरान आने जाने वाली गाड़ियों का निरीक्षण किया जा रहा था। इसी दौरान कार एचपी 44 4210 को जांच के लिए रोका गया तो उसे चल रहा चालक पुलिस दल को देखकर बुरी तरह से घबरा गया और तलाशी के लिए आना-कानी करने लगा किंतु पुलिस ने जब उसकी कार की तलाशी ली तो कार में गत्ते की पेटीयां रखी थी जब उन्हें खोलकर देखा गया तो उनमें से 36 बोतले रॉयल स्टैग अंग्रेजी शराब एवं 24 बोतले बियर की बरामद की गई। पुलिस ने जब चालक से इस शराब के लिए लाइसेंस इत्यादि की मांग की तो चालक ने होने से मना कर दिया।



पुलिस द्वारा बरामद की गई अवैध शराब की बोतलें।

पुलिस ने कार चालक के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना चुवाड़ी में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। आरोपी चालक की पहचान 42 वर्षीय नरैण सिंह पुत्र परसराम निवासी जसौरगढ़ तहसील चुराह जिला चंबा के रूप में हुई है।

डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुर द्वारा की गई है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी को माननीय अदालत में पेशकर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।(अनंत ज्ञान)

## पदक तालिक (टॉप-10)

| क्रम | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | चीन | 06 | 05 | 02 | 13 |
| 02. | जापान | 06 | 02 | 04 | 12 |
| 03. | फ्रांस | 05 | 08 | 03 | 16 |
| 04. | ऑस्ट्रेलिया | 05 | 04 | 00 | 09 |
| 05. | कोरिया | 05 | 03 | 02 | 10 |
| 06. | अमेरिका | 03 | 08 | 09 | 20 |
| 07. | ग्रेट ब्रिटेन | 02 | 03 | 05 | 10 |
| 08. | इटली | 02 | 03 | 03 | 08 |
| 09. | कनाडा | 02 | 01 | 02 | 05 |
| 10. | हांगकांग | 02 | 00 | 01 | 03 |
| 28. | भारत | 00 | 00 | 02 | 02 |

## पेरिस ब्रीफ

### ओलंपिक उद्घाटन समारोह 'अपमानजनक' : ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी पेरिस ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह की आलोचना करने वालों में शामिल हो गए हैं और उन्होंने इसे 'अपमानजनक' करार दिया है। आलोचक उद्घाटन समारोह की उस दृश्य के लिए आलोचना कर रहे हैं जिसके बारे में उनका मानना है कि इसमें लियोनार्डो दा विंची की मशहूर पेंटिंग 'द लास्ट सपर' का मजाक उड़ाया गया है। अमेरिका में पांच नवंबर को होने वाले आम चुनावों के लिए रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ट्रंप ने कहा,'''मेरा मानना है कि उद्घाटन समारोह अपमानजनक था। मैं वास्तव में मानता हूं कि यह अपमानजनक था।'' ट्रंप ने एक सवाल के जवाब में कहा,''मैं खुले विचारों वाला व्यक्ति हूं, लेकिन मुझे लगता है, उन्होंने जो किया वह अपमानजनक था।''



### सीन नदी का पानी खराब, प्रतियोगिता स्थगित

**पेरिस।** सीन नदी में पानी की गुणवत्ता की चिताओं के कारण मंगलवार को होने वाली पुरुष ओलंपिक ट्रायथलॉन को स्थगित कर दिया गया है। सीन नदी पर इस खेल की तैराकी स्पर्धा का आयोजन किया जाना है। आयोजकों ने कहा कि वे पुरुषों की ट्रायथलॉन को बुधवार को आयोजित करने का प्रयास करेंगे। महिलाओं की प्रतियोगिता भी बुधवार को निर्धारित है, लेकिन इन दोनों का आयोजन पानी की गुणवत्ता पर निर्भर करेगा। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार, बुधवार और गुरुवार की शाम को तूफान आ सकता है जिससे स्थिति और बिगड़ सकती है।
भारी बारिश के कारण आमतौर पर सीन नदी में बैक्टीरिया का स्तर बढ़ जाता है। शुक्रवार को ओलंपिक उद्घाटन समारोह के दौरान पेरिस में भारी बारिश हुई और शनिवार को भी बारिश जारी रही। सीन नदी में पानी की गुणवत्ता की चिंता के कारण ही रविवार और सोमवार को ट्रायथलॉन के अभ्यास सत्र रद्द करने पड़े थे।

### 10 लड़कियों के लिए दो बाथरूम : कोको गॉफ

**पेरिस ।** अमेरिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने हाल में पेरिस ओलंपिक खेलगांव में अपने अपार्टमेंट का वीडियो टूर कराया था, जिसमें उन्होंने दिखाया कि 10 लड़कियों पर महज दो बाथरूम दिए गए हैं। गॉफ ने बताया कि ओलंपिक खेलगांव में ऐसी अव्यवस्थाओं को देख कर टेनिस टीम की उनकी कुछ साथियों ने होटल में रहने का फैसला किया। हालांकि वे खेलगांव में ही रूकी हैं। अब पांच लड़कियां दो बाथरूम यूज कर रही हैं। गॉफ के अनुसार यह कमरा आठ सदस्यों के लिए था, लेकिन इसमें 10 लोग रह रहे थे। 20 वर्षीय टेनिस स्टार ने कहा, हमें अमेरिका की तीरंदाजी टीम से दो गद्दे उधार लेने पड़े। गॉफ ने यह भी बताया कि एक-दूसरे की सहूलियत के लिए हम सभी अपने कमरे को साफ रखते हैं। गौरतलब है कि अमेरिका की पुरुष बास्केटबॉल टीम पहले ही होटल में रह रही है।



### ओलंपिक पर बारिश के बाद अब लू का खतरा

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक की शुरुआत उद्घाटन समारोह में बारिश के साथ हुई थी, जिसने दर्शकों के साथ खिलाड़ियों को भी तर कर दिया था, लेकिन अब यहां लू का खतरा मंडराने लगा है। मंगलवार को यहां तेज गर्मी महसूस की गई और राष्ट्रीय मौसम एजेंसी ने फ्रांस के अधिकांश हिस्से में लू की चेतावनी जारी की गई है तथा पेरिस और आसपास के इलाकों में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक तक पहुंचने की संभावना है। फ्रांस के दक्षिणी हिस्से में गर्मी अधिक कहर बरपा सकती है। इसमें भूमध्य सागर का तटीय शहर मार्सिले भी शामिल है, जो फुटबॉल और नौकायन जैसी ओलंपिक प्रतियोगिताओं की मेजबानी कर रहा है। सोमवार को दक्षिणी फ्रांस के कुछ हिस्सों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक था। बारिश के कारण खेलों की खराब शुरुआत के बाद आयोजक अब खिलाड़ियों और दर्शकों को गर्मी से बचने के लिए आगाह कर रहे हैं। मौसम विभाग में इसके साथ ही अगले दो दिनों में यहां शाम को तूफान आने की भविष्यवाणी भी की है।

### ओलंपिक में उतरी सात महीने की गर्भवती

**पेरिस।** मिस्र की तलवारबाज नदा हाफेज ने पेरिस ओलंपिक की तलवारबाजी स्पर्धा में हिस्सा लेने के बाद खुलासा किया कि वह सात महीने गर्भवती हैं। सोमवार को महिलाओं की सेबर स्पर्धा में राउंड 16 में पहुंचने के कुछ घंटो बाद हाफेज ने अपने 'इंस्टाग्राम' पर पोस्ट किया कि 'उनके गर्भ में एक लिटिल ओलंपियन' पल रहा है। कैरो की 26 साल की तलवारबाज ने अमेरिका की एलिजाबेथ टार्टाकोवस्की को हराकर उलटफेर किया,लेकिन इसके बाद कोरिया की जियोन हेयंग से हार गईं। हाफेज ने लिखा, ''मेरे बच्चे और मैंने अपनी चुनौतियों का सामना किया, भले ही ये शारीरिक और भावनात्मक हों। '' उन्होंने कहा, ''गर्भावस्था खुद में इतनी कठिन यात्रा है, लेकिन जिंदगी और खेल के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए संघर्ष करना बहुत मुश्किल था। मैं यह पोस्ट यह बताने के लिए लिख रही हूं कि राउंड 16 में अपनी जगह पक्की करने के बाद मुझे गर्व महसूस हो रहा है। '' मेडिसिन में डिग्री हासिल कर चुकी हाफेज एक पूर्व जिमनास्ट है और तीन बार की ओलंपियन हैं।



# मनु ने एक ओलंपिक में जीते दो पदक

## पहलवान सुशील कुमार और पीवी सिंधू ने भी जीते हैं 2-2 मेडल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

युवा निशानेबाज मनु भाकर स्वतंत्रता के बाद ओलंपिक के एक ही सत्र में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। मनु के अलावा पहलवान सुशील कुमार और पीवी सिंधू ने भी दो ओलंपिक पदक जीते है लेकिन यह पदक अलग-अलग वर्षों में आए है।

**सुशील कुमार।** पहलवान सुशील कुमार व्यक्तिगत स्पर्धा में भारत के पहले दो बार के ओलंपिक पदक विजेता हैं। 2008 बीजिंग ओलंपिक में उनके कांस्य पदक ने भारतीय कुश्ती को विश्व मानचित्र पर जगह दिलाई। उन्होंने 2012 लंदन ओलंपिक में पहली बार कुश्ती में रजत पदक हासिल करके अपनी उपलब्धि में सुधार किया।

**पीवी सिंधू।** पीवी सिंधू रियो डि जनेरियो में 2016 ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाली देश की पहली शटलर बनीं। हैदराबाद की इस खिलाड़ी ने इसके तीन साल बाद तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता। वह पेरिस ओलंपिक में महिला एकल में पदक की दावेदारों में शामिल है।




### अब 2 अगस्त को 25 मीटर महिला पिस्टल में उतरेगी मनु भाकर

मनु भाकर अब दो अगस्त को 25 मीटर महिला पिस्टल क्वालीफिकेशन के लिय उतरेंगी। उन्होंने 2023 विश्व चैंपियनशिप और 2022 हांगझोउ एशियाई खेलों में इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। 22 वर्ष की मनु 9 विश्व कप स्वर्ण पदक भी जीत चुकी है।

### पिता ने कहा-जसपाल से जुड़ने के बाद मनु का आत्मविश्वास बढ़ा

**सूरजकुंड ।** पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर के घर पर एक बार फिर बधाइयों का तांता लगा हुआ हैं, जिन्होंने पेरिस ओलंपिक में दूसरा कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया है । मनु स्वतंत्र भारत में एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बन गई ।



मनु के पिता राम किशन ने कहा कि पेरिस में अपनी बेटी के प्रदर्शन को बयां करने के लिए उनके पास शब्द नहीं है । उन्होंने कहा कि कोच जसपाल राणा से जुड़ने के बाद उसका आत्मविश्वास बढ़ा है । उन्होंने कहा,''मेरे पास शब्द नहीं है । यह देश के लिए बड़ी उपलब्धि है । जसपाल अपने समय में बड़ा निशानेबाज रहा है और उनका आपसी तालमेल बहुत अच्छा है । जब वह दोबारा उसके साथ जुड़ा तो उसका आत्मविश्वास बढ़ गया।''

उन्होंने कहा ,'' मनु के प्रयासों और जसपाल के आशीर्वाद से उसे कामयाबी मिली ।''

### तीरंदाज भजन कौर अंतिम-32 में पहुंची

**पेरिस ।** भारतीय तीरंदाज भजन कौर ने ओलंपिक के महिला एकल वर्ग में इंडोनेशिया की साइफा नूरफीफा कमाल को 7-3 से शिकस्त दी जबकि अंकिता भकत को पोलैंड की वियोलेटा मैसजोर से 4-6 हार का सामना करना पड़ा। भजन ने शुरुआती सेट में साइफा के साथ अंक साझा किए जबकि इंडोनेशिया की तीरंदाज ने दूसरे सेट को जीतकर भारतीय खिलाड़ी पर दबाव बना दिया। भजन ने इसके बाद दबाव में शानदार खेल दिखाया। उन्होंने तीसरे सेट में अच्छी वापसी करते हुए 10-10 के दो निशाने के साथ 29 का स्कोर किया।
भजन ने चौथे सेट में साइफा के 25 के मुकाबले 27 अंक जुटाकर 5-3 की बढ़त बनायी और फिर आखिरी सेट में 25 के मुकाबले 28 अंक बनाकर जीत पक्की कर ली।

### सात्विक और चिराग की जोड़ी ग्रुप-सी में शीर्ष पर

**एजेंसी, पेरिस**

एशियाई खेलों की चैंपियन और पदक की दावेदार सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को यहां पेरिस ओलंपिक की बैडमिंटन पुरुष युगल स्पर्धा में मुहम्मद रियान अर्दिआंतो और फजर अल्फियान की इंडोनेशिया की जोड़ी को सीधे गेम में हराकर ग्रुप-सी में शीर्ष स्थान हासिल किया।

दुनिया की 5वें नंबर की सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी ने अर्दियांतो और अल्फियान की दुनिया की सातवें नंबर की जोड़ी को 40 मिनट में 21-13, 21-13 से हराया। ये दोनों जोड़ियां पहले ही अंतिम आठ में जगह बना चुकीं थी और इस मुकाबले से ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीम का फैसला हुआ। अर्दियांतो और अल्फियान के खिलाफ छह मैचों में सात्विक और चिराग की यह चौथी जीत है।



सात्विक और चिराग की जोड़ी ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल टीम है। खेल की वैश्विक संचालन संस्थान बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने कहा है कि पुरुष युगल के नॉकआउट दौर के लिए ड्रॉ बुधवार को होगा।

### नौकायन खिलाड़ी बलराज फाइनल में पांचवें स्थान पर

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक में नौकायन में भारत के एकमात्र प्रतिनिधि बलराज पंवार पुरुषों की एकल स्कल में अपनी हीट रेस में पांचवें स्थान पर रहे और अब 13वें से 24वें स्थान के लिए खेलेंगे।

पंवार ने क्वार्टर फाइनल में चौथी हीट में सात मिनट और 5.10 सेकंड का समय निकाला। वह सेमीफाइनल सी-डी में खिसक गए जिसके मायने हैं कि ये खिलाड़ी 13वें से 24वें स्थान के लिए उतरेंगे। पंवार रेपेचेज दौर की रेस में दूसरे स्थान पर रहकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे।

### मनु के मैच के दौरान हनुमान की पूजा करती रही मां सुमेधा भाकर

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

भारतीय निशानेबाज मनु भाकर के कांस्य पदक जीतने पर मनु भाकर की मां सुमेधा भाकर ने कहा कि बहुत ज्यादा खुश हूं। भगवान ने आज सब कुछ सफल कर दिया। मनु की मां सुमेधा मनु के मैच से पहले सुबह ही जल्दी खाना खाकर सारे काम निपटाकर भगवान की भक्ति में लीन हो गई थी।



उन्होंने कहा कि पिछली बार जब मनु की पिस्टल में जो गड़बड़ आई थी, वो दिन भी मंगलवार ही था। इसलिए उन्होंने भगवान से प्रार्थना की कि आज आपकी भी परीक्षा और हमारे तप के परिणाम का समय है। मनु और सरबजोत को जो हनुमान जी ने शक्ति दी है वो काबिले तारीफ है।

मनु की मां ने कहा कि हमारा परिवार, मनु, बेटा, पति और वो हनुमान जी के भक्त हैं। जब से मनु ने ट्रायल शुरू किए हैं तब से वह तप कर रही हूं। भगवान से यही मांगा की बेटी को मेहनत का फल जरूर दे दें। मैच के दौरान भी भक्ति में ही बैठे थे। (अनंत ज्ञान)

### उपलब्धि | ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर से पीड़ित जिया ने रचा इतिहास

## 16 साल की जिया बनी इंग्लिश चैनल पार करने वाली दुनिया की सबसे तेज पैरा तैराक

**एजेंसी, मुंबई**

'**ऑटिज्म** स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर' से पीड़ित मुंबई की 16 वर्षीय जिया राय इंग्लिश चैनल पार करने वाली दुनिया की सबसे कम उम्र की और सबसे तेज पैरा तैराक बन गई है।

जिया ने 28 से 29 जुलाई के बीच 17 घंटे और 25 मिनट के समय में इंग्लैंड के एबट्स क्लिफ से फ्रांस के प्वाइंट डे ला कोर्टे-ड्यून तक इंग्लिश चैनल को तैरकर पार किया।

उन्होंने 34 किलोमीटर की दूरी तय की। वह मुंबई में सेवारत नौसेना के मदन राय की बेटी हैं। पश्चिमी नौसेना कमान (डब्ल्यूएनसी) ने युवा पैरा तैराक को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। पश्चिमी नौसेना कमान ने 'एक्स' पर लिखा कि डब्ल्यूएनसी के सभी कर्मचारी जिया राय को इंग्लिश चैनल को सफलतापूर्वक अकेले तैरकर पार करने वाली दुनिया की सबसे कम उम्र की और सबसे तेज महिला पैरा तैराक बनने पर हार्दिक बधाई देते हैं।




### स्मृति मंधाना, रेणुका ठाकुर रैंकिंग में चौथे व 5वें स्थान पर





**एजेंसी, दुबई**

भारत की स्मृति मंधाना आईसीसी टी-20 रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में एक पायदान चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गई जबकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर गेंदबाजों में पांचवें स्थान पर है।

सलामी बल्लेबाज और उपकप्तान मंधाना ने श्रीलंका के खिलाफ महिला एशिया कप टी-20 टूर्नामेंट के फाइनल में 60 रन बनाए। उन्हें एक पायदान का फायदा मिला और उनके 743 रेटिंग अंक हैं।

गेंदबाजों में रेणुका 722 अंक लेकर 5वें स्थान पर है जिन्होंने टूर्नामेंट में सात विकेट लिए थे। इंग्लैंड की सोफी एस्सेलेटोन शीर्ष पर हैं जबकि दीप्ति शर्मा तीसरे स्थान पर है। बल्लेबाजों में आस्ट्रेलिया की बेथ मूनी और ताहलिया मैकग्रा पहले दो स्थान पर हैं।

### रेणुका सिंह ने हाटेश्वरी माता के मंदिर में शीश नवाया

**जुब्बल।** अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी व रोहड़ू के पारसा गांव की बेटी रेणुका सिंह ठाकुर ने मंगलवार को अपने गृह क्षेत्र पहुंचने पर सबसे पहले हाटकोटी में मां हाटेश्वरी के दरबार में मां के दर्शन किए। वहीं रेणुका सिंह ठाकुर ने मंदिर में शीश नवाकर पूजा अर्चना की।



इस दौरान महिला खिलाड़ी ने हाटेश्वरी मां से आने वाली चुनौतियों का सामना करने बारे में शक्ति देने की प्रार्थना की। हाटेश्वरी माता के गुर ओम प्रकाश शर्मा ने महिला क्रिकेट खिलाडी को माता की चुनरी पहनाकर गृह क्षेत्र में पंहुचने पर स्वागत किया।

### ओलंपिक | कोरोना के कारण पिछले दो ओलंपिक खेलों में दर्शक उपस्थित नहीं थे

# पेरिस में दिख रही है दर्शकों की जीवंत उपस्थिति

**एजेंसी, पेरिस**

राफेल नदाल ने सोमवार को जैसे ही नोवाक जोकोविच के खिलाफ मैच खेलने के लिए रोलां गैरां में प्रवेश किया दर्शक राफा राफा चिल्लाने लगे। शोर इतना ज्यादा था कि चेयर अंपायर को दर्शकों को खेल के दौरान शांत रहने के लिए कहना पड़ा।

पेरिस ओलंपिक और पिछले दो ओलंपिक खेलों (ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन) में जो सबसे बड़ा अंतर है वह है दर्शकों की उपस्थिति और उनका शोर।

जूडो से लेकर तरणताल तक और जिमनास्टिक से लेकर सर्फिंग तक हर जगह है दर्शक अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं। उनके शोर ने मानो ओलंपिक खेलों में नई जान भर दी है।

कोविड-19 महामारी के कारण टोक्यो ओलंपिक खेलों को एक वर्ष के लिए स्थगित कर दिया गया था और 2021 में उनका आयोजन दर्शकों के बिना किया गया। इसके बाद बीजिंग में 2022 में खेले गए शीतकालीन ओलंपिक खेलों में भी यही स्थिति थी। इस तरह से पेरिस ओलंपिक महामारी के बाद पहले ऐसे ओलंपिक खेल हैं जिनमें दर्शकों को आने की अनुमति मिली है। अपनी 14 वर्षीय बेटी एली को तैराकी करते हुए देखने के लिए ऑस्ट्रेलिया से 23 घंटे की उड़ान और दक्षिण कोरिया में एक रात बिताने के बाद यहां पहुंचे जोडी लिन्से ने कहा,''यह हमारे जीवन की सबसे महत्वपूर्ण यात्रा है।'' पिछले ओलंपिक खेलों में खिलाड़ियों के परिजनों को आने की अनुमति नहीं थी। इन खेलों में खिलाड़ियों को भी दर्शकों की भारी कमी महसूस हुई थी।




ब्रिटेन की किम्बरली वुड्स ने पेरिस में महिलाओं की कयाक एकल स्लैम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के बाद कहा,''मैं ऐसी खिलाड़ी हूं जिसे दर्शकों के शोर के बीच अच्छा प्रदर्शन करने की आदत है। टोक्यो में इसकी बड़ी कमी खली और तब मुझे संघर्ष करना पड़ा था। यहां दर्शकों ने वास्तव में मुझे प्रेरित किया।''

जोकोविच और नदाल के बीच सोमवार को खेले गए मैच को देखने के लिए दर्शक काफी पहले से कतार लगाए हुए खड़े थे। भीड़ इतनी बढ़ गई थी कि मीडिया के लिए आरक्षित जगह में भी दर्शक घुस गए थे। नदाल इस मैच में हार गए थे, लेकिन उन्होंने बाद में कहा कि दर्शकों ने उन्हें अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

यहां फ्रैंच ओपन में रिकॉर्ड 14 बार के चैंपियन नदाल ने कहा,''जब भी मैं यहां खेलता हूं तो मुझे लगता है मैं घर में खेल रहा हूं। यह स्थान मेरे लिए बेहद खास है। मैं दर्शकों के समर्थन का पूरा आनंद लेता हूं। जब मैच के दौरान चीज मेरे अनुकूल नहीं रहती हैं तब वे मुझे अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते हैं।''

